आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी 06:41 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 14 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 201, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके 14
परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा 15

## मां से मिले योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को देहरादून में जौलीग्रांट के हिमालयन हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती अपनी मां सावित्री देवी से मिले और उनका हाल चाल जाना। सीएम ने डॉक्टरों और परिजनों से अपनी मां के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (80) को स्वास्थ्य खराब होने की वजह से मंगलवार को जौलीग्रांट के हिमालयन अस्पताल में भर्ती किया गया है। लगभग आधे घंटे सीएम योगी हिमालयन हॉस्पिटल में अपनी मां के साथ रहे।

# बच्चे पर गिरा डीजे का साउंड बाक्स, मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- युवक का रिश्ता पक्का होने की खुशी में बज रहा था डीजे, वाइब्रेशन से गिरा साउंड बॉक्स, तीन घायल
- बालक की मौत से परिवार में मचा कोहराम, बिना कार्रवाई किया शव का अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में युवक का रिश्ता पक्का होने की खुशी में शनिवार की शाम बज रहा डीजे एक परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ा। डीजे पर डांस के दौरान बाइब्रेशन से गिरे साउंड बाक्स के नीचे दबकर 6 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे में 3 अन्य बालक घायल हो गए। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही बालक के शव का गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

बदायूं जिले के गांव केसो की मढ़ैया निवासी सेवकराम शनिवार की शाम जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मिठनपुर रघुपुर पुख्ता निवासी विनोद कुमार के साथ बेटी का रिश्ता पक्का करने आए थे। रिश्ता पक्का होने की खुशी में विनोद कुमार की ओर से खाने पीने के इंतजाम के साथ ही डीजे का प्रबंध किया गया था। शनिवार देर रात दस बजे पंडाल में बज रहे डीजे पर विनोद कुमार के रिश्तेदार, परिजन और मुहल्ले के नीरेश का 6 वर्षीय बेटा कृष्णा, दुलीचंद का 10 वर्षीय बेटा विकास, हरिओम का 8 वर्षीय बेटा अमित और जयपाल का 9 वर्षीय बेटा प्रदीप कुमार भी डांस कर रहे थे। तेज आवाज की वजह से होने वाले बाइब्रेशन से मेज पर रखा साउंड बॉक्स गिर गया। डीजे के नीचे दबकर कृष्णा, विकास, अमित और प्रदीप कुमार घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने साउंड बॉक्स उठाकर बालकों को बाहर निकाला। इसके बाद परिजन घायल बालकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ गए।

हालत गंभीर होने पर कृष्णा को मेडिकल कालेज अलीगढ़ रेफर किया गया, जबकि विकास, प्रदीप कुमार व अमित को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें अलीगढ़ लेकर जाते समय कृष्णा की रास्ते में ही मौत हो गई।

# दीपावली बाद होली में भी मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 1.85 लाभार्थियों के लिए जारी हुआ आदेश



**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दीपावली के बाद होली में भी एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह शासनादेश जारी हो गया है। इसी के साथ वितरण कंपनियां आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुट गई हैं।

इस संबंध में खाद्य एवं रसद विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस निर्णय का सीधा लाभ प्रदेश के 1.85 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को होगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पूरे देश में चलाई जा रही है। पिछले साल साल दो सिलेंडर निशुल्क उज्ज्वला लाभार्थियों को दिए गए थे। इस वर्ष लाभार्थियों की कुल संख्या बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई है। पिछले साल करीब 85 लाख महिला लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला था।

## एक नजर

### हरियाणा में नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए पर्यवेक्षक बने अमित शाह



**नई दिल्ली।** भाजपा ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह से पार्टी संसदीय बोर्ड ने जम्मू-कश्मीर विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### किसानों ने सड़कें जाम कीं रेल पटरियों पर धरना दिया

**लुधियाना/अमृतसर।** पंजाब के किसानों ने चालू खरीफ विपणन सत्र में धान की कथित धीमी खरीद के खिलाफ रविवार को राज्य में कई स्थानों पर सड़कें जाम कर दीं और रेल पटरियों पर धरना दिया। संयुक्त किसान मोर्चा ने जहां दोपहर 12 से तीन बजे तक राज्यव्यापी सड़क नाकेबंदी का आह्वान किया, वहीं भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्राहां) ने भी तीन घंटे के लिए रेल रोको का आह्वान किया। किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कई स्थानों पर सड़कें जाम कर दीं।

# मूर्ति विसर्जन यात्रा पर पथराव व फायरिंग, एक की गई जान

## मौत के बाद वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी, क्षेत्र में तनाव

- बहराइच के महाराजगंज में धार्मिक स्थल पर डीजे बजाने पर हुआ विवाद
- मेडिकल कॉलेज के सामने शव रखकर प्रदर्शन, लाठीचार्ज

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच



बहराइच के महाराजगंज में विवाद के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बहराइच में महसी तहसील के महाराजगंज में रविवार शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान धार्मिक स्थल के पास डीजे बजाने और जयकारा लगाने को लेकर दूसरे समुदाय ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद फायरिंग की गयी। फायरिंग में गोली लगने से यात्रा में शामिल एक युवक की मौत हो गयी। कुछ अन्य लोगों को भी गोली लगने की सूचना है।

मेडिकल कॉलेज के सामने युवक का शव रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। डीएम और विधायक के आश्वासन पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चाधिकारियों को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। एडीजी गोरखपुर एसकेएस प्रताप, देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। डीजीपी ने एसपी से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। उधर देर शाम थानाध्यक्ष हरदी व चौकी इंचार्ज महसी को निलंबित कर दिया गया है। अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है। रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए रविवार शाम यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा में युवक जयकारा लगा रहे थे। डीजे भी बज रहा था। जैसे ही यात्रा हरदी थानाक्षेत्र के महाराजगंज बाजार स्थित धार्मिक स्थल और बाजार निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने से निकली तो दूसरे समुदाय के लोगों ने मूर्तियों पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव के कारण जुलूस में भगदड़ मच गई। अभी लोग संभल पाते कि अराजकतत्वों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। रेहुआ मंसूर गांव निवासी रामगोपाल मिश्रा (22) गोली लगने से घायल हो गए।

### महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपद्रवियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करें। धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय से प्रतिमा विसर्जन कराएं। सभी को सुरक्षा की गारंटी सरकार की है। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें। जिसकी लापरवाही से घटना हुई उनको चिह्नित करें उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### शव रखकर प्रदर्शन

रामगोपाल का शव मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के सामने रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास चला। सूचना पाकर देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी मोनिका रानी और महसी विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। महराजगंज में एसपी वृंदा शुक्ला, एसडीम, एडीएम और एएसपी कैंप कर रहे हैं। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में गोली और पथराव को लेकर फखरपुर, कैसरगंज, शहर क्षेत्र, शिवपुर में भी लोगों ने विरोध जताया। मूर्तियों का विसर्जन रोक दिया।

> मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी। **-एसकेएस प्रताप,** एडीजी जोन गोरखपुर

# बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गैंग

## सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- सलमान की मदद करने वाले हिसाब लगा ले

- हत्याकांड में शामिल 4 लोगों में दो बहराइच के रहने वाले
- छह साल पहले गए मुंबई, पंजाब जेल में की मुलाकात

एजेंसी/राज्य ब्यूरो, मुंबई/लखनऊ



मुंबई में पोस्टमार्टम के बाहर उपस्थित एनसीपी के नेता व परिवार के सदस्य।

**अमृत विचार :** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने जिम्मेदारी ली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए गैंग ने कहा है कि जो सलमान खान की मदद करेगा अपना हिसाब लगाकर रख लेना।

दरअसल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी (66) को मुंबई में बांद्रा इलाके के खेर नगर में उनके विधायक पुत्र जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर शनिवार रात को गोली मार दी थी। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने रविवार को कहा कि उस सोशल मीडिया पोस्ट की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार, मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़े बहराइच के रहने वाले शिवा गौतम और धर्मराज कश्यप की उम्र 18 से 20 साल के बीच है। इन दोनों के अलावा हरियाणा का गुरमेल भी पकड़ा गया है जबकि चौथा शूटर पंजाब के जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर है। एसपी बहराइच वृंदा शुक्ला ने बताया कि कैसरगंज कोतवाली की टीम दोनों के परिजन से पूछताछ की जा रही है। परिवार के लोग सिर्फ इतना बता रहे हैं दोनों पुणे में कबाड़ का काम करने गए थे।

### बॉलीवुड के सितारों से थे करीबी संबंध

सिद्दीकी को सलमान खान, शाहरुख खान और संजय दत्त सहित बॉलीवुड के कई सितारों के करीबी के रूप में भी जाना जाता था। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है, जिसमें सुपारी लेकर हत्या, कारोबारी प्रतिद्वंद्विता या एक बस्ती की पुनर्वास परियोजना को लेकर मिली धमकी के पहलू भी शामिल हैं।



> बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के दो शूटरों के नाम सामने आए। इन दोनों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस के अधिकारी लगातार पूछताछ कर रहे हैं। यूपी पुलिस से जो जानकारी मुंबई पुलिस मांगेगी, उपलब्ध कराई जाएगी। **-अमिताभ यश,** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

# ट्रेन से अपहरण कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

## भिंड के सोनी स्टेशन से इटावा आने के लिए कोटा एक्सप्रेस में सवार हुई थी युवती

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**दरिंदगी**

- रास्ते में ट्रेन में वीडियो बनाने पर हुआ विवाद तो युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया
- शनिवार देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर फेंककर आरोपी फरार

**अमृत विचार:** इटावा जिले की रहने वाली युवती का शनिवार रात ट्रेन से अपहरण करके सामूहिक दुष्कर्म किया गया। अपराधी देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर उझियानी गांव के पास फेंक कर फरार हो गए। बाद में युवती ने ग्रामीणों की मदद से परिजनों को फोन कर जानकारी दी। युवती के परिजनों ने बकेवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया।

पुलिस के अनुसार इटावा जिले के एक थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती शुक्रवार को मध्यप्रदेश के भिंड जिले के एक मंदिर में पूजा अर्चना करने गई थी। वह शनिवार शाम भिंड के सोनी रेलवे स्टेशन से कोटा एक्सप्रेस में इटावा आने के लिए सवार हुई। ट्रेन शाम करीब 6 बजे वहां से चली। युवती ने पुलिस को बताया कि ट्रेन में एक युवक मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो युवक के साथ उसकी कहासुनी हुई। इसके बाद युवक दूसरे कोच में चला गया। थोड़ी देर बाद उसने पुनः कोच में आकर युवती को बहाने से कुछ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गई। युवती को जब होश आया तो उसने अपने आप को एक कमरे में बंद पाया। जहां उसे 5 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। उस कमरे में तीन युवक मौजूद थे। तीनों युवकों ने उससे दुष्कर्म किया। देर रात उसे आगरा-कानपुर हाईवे पर उझियानी के समीप सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। बकेवर पुलिस ने युवती को रिकवर किया। परिजन भी थाने पहुंच गए।

> पीड़िता के बयान के आधार पर घटनास्थल का अवलोकन कराया जायेगा। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। **- शैलेश निगम,** प्रभारी, जीआरपी इटावा

> पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बकेवर थाने में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। **- सत्यपाल सिंह एसपी (ग्रामीण) इटावा**

# महापंचायत पर डासना मंदिर के बाहर बवाल, लाठीचार्ज

- उग्र महापंचायत ने नरसिंहानंद के समर्थन में महापंचायत की कोशिश की

**गाजियाबाद।** पैगम्बर मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के समर्थन में रविवार को महापंचायत करने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नरसिंहानंद के समर्थक डासना मंदिर के बाहर महापंचायत करना चाहते थे जिसके लिए नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने अनुमति मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इजाजत नहीं दी थी। पुलिस ने बताया कि इसके बावजूद समर्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जुटे, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। उसने बताया कि गांवों और शहर से मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही अवरोधक लगा दिए थे। वहीं लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर भी नरसिंहानंद के समर्थन में खुलकर सामने आए।

# महाकुंभ में 9.15 करोड़ रुपये खर्च करके खुलेगा नेत्र कुंभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंख के मरीजों को मुफ्त सुविधा, मिलेगा दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे

**अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ में आंख की बीमारी से पीड़ित श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार 9.15 करोड़ रुपये खर्च करके 'नेत्र कुंभ' के जरिए दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण भी मुफ्त करेगी।




महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं को आंख से जुड़ी से परेशानियों के इलाज को लेकर 'नेत्र कुंभ' का शिविर लगाकर सरकार और मेला प्रशासन इलाज की विशेष व्यवस्था करने जा रहा है। इसके लिए 9.15 करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी।

### सुरक्षित रखा जाएगा रोगियों का डिजिटल डाटा

श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की जांच के माध्यम से एकत्र किए गए नेत्र स्वास्थ्य डाटा को डिजिटली सेव किया जाएगा। इससे रोगियों की स्थिति पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर इसका फॉलोअप किया जा सकेगा। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आवश्यक उपकरणों के साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की भी उपलब्धता रहेगी।

# बाढ़ प्रभावित 3,12,866 किसानों को मिले 163.15 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। 34 जिलों में कुल 1,10,989.26 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी, जिसमें सर्वाधिक लखीमपुर खीरी के किसान शामिल हैं।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ से 371370 किसानों की फसल प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 110105 किसानों को 70.88 करोड़ का भुगतान हुआ है। इसी तरह ललितपुर के प्रभावित 81,839 किसानों में से 54462 किसानों को 21.9 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं, सिद्धार्थनगर के 30,144 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई।

### यह जिले बाढ़ से रहे प्रभावित

लखीमपुर खीरी, अंबेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, ललितपुर, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, फर्रुखाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कुशीनगर, मऊ, मीरजापुर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर और वाराणसी।

# 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर ब्रेक

## बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर पर लागू होगी ओटीपी व्यवस्था, तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** अब बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए चल रहे टोल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर ब्रेक लग सकेगा। इस नंबर पर ओटीपी व्यवस्था लागू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है।

इस सेवा पर दर्ज हो रही शिकायतों के निस्तारण पर सवाल उठते रहे हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग ने शिकायत दर्ज कराई थी, साथ ही, इस सेवा में ओटीपी की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। उपभोक्ता परिषद का कहना था है कि उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर शिकायत के तुरंत बाद सेल्फ जेनरेटेड ओटीपी जारी किए जाएं। साथ ही शिकायत दूर होने के बाद ओटीपी का नंबर बताने पर शिकायत की निस्तारण प्रक्रिया बंद की जाए। आयोग ने नए टैरिफ आदेश में ओटीपी व्यवस्था हर हाल में तीन महीने में लागू करने का निर्देश दिया है।

**दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका- उपभोक्ता परिषद :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 33 हजार करोड़ सरप्लस निकल रहा है। इसके एवज में दरों में कमी नहीं की गई है।

### निस्तारण न होने पर आसानी से मिलेगा मुआवजा

आयोग के निर्देश के तहत अब बिजली बिल के पीछे उपभोक्ताओं को मुआवजा का दावा करने संबंधी जानकारी का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, बिजली दुर्घटनाओं पर निस्तारण और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलने का समय व प्राप्त धनराशि की जानकारी को वेबसाइट पर सार्वजनिक करना अनिवार्य कर दिया है। इससे शिकायत निस्तारण न होने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा मिलना आसान हो सकेगा।

# सड़क हादसे में दो विदेशी महिलाओं सहित 3 की मौत

संवाददाता, बसरेहर (इटावा)

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन में पीछे से घुसी कार

**अमृत विचार :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार रात एक कार आगे चल रहे वाहन में पीछे से टकरा गई जिससे कार में सवार दो विदेशी महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा करीब सवा दस बजे ऊसराहार क्षेत्र में किलोमीटर 125 खरगुआ गांव के पास हादसा हुआ। दिल्ली के नंबर की कार से तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी 40 वर्षीय संजीव कुमार लखनऊ से दिल्ली जा रहा था। उसके साथ कार में तुगलकाबाद निवासी राहुल उर्फ देवेंद्र, मूल निवास अफगानिस्तान हाल पता दिल्ली लाजपत नगर की क्रिस्टीन (20) आतिफा (27), नाज (30) तथा मूलरूप से रूस निवासी हाल पता दिल्ली की कैटरीना (22) सवार थीं।

राहगीरों की सूचना पर यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह, मनोहर सिंह एंबुलेंस सहित पहुंचे और सभी घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। वहां इलाज के दौरान कार चालक संजीव कुमार, नाज तथा कैटरीना की मौत हो गई।

**आज का मौसम**

मौसम साफ रहेगा।

32.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:15 | सूर्यास्त 05:45

**शहर में आज**



☞ डॉ.आंबेडकर शिक्षा प्रसार समिति की ओर से दीक्षा दिवस समारोह का आयोजन आंबेडकर भवन मोरा की मिलक में शाम 5:00 बजे।

☞ लाइनपार रामलीला प्रबंध समिति की ओर से राजगद्दी शोभायात्रा हाथी वाला मंदिर कानूनगोयान से शाम 4:00 बजे।

☞ दसवां घाट रामलीला में विभीषण राजतिलक व भरत मिलाप रात 8:00 बजे।

☞ तहरीक इस्लाह ए मुशायरा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मोहल्ला तबाकियान स्थित इमली वाली मस्जिद में तीन दिवसीय मुशायरा सुबह 10:30 बजे से।

**एक नजर**



पंकज दर्पण अग्रवाल को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मुख्यमंत्री ने पंकज दर्पण को किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की कार्तिकेय संस्था के निदेशक डॉ. पंकज दर्पण को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सम्मानित किया। इससे पहले पंकज दर्पण राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के हाथों भी सम्मानित हो चुके हैं। गोरखपुर के मानसरोवर रामलीला मैदान में महानगर की कार्तिकेय संस्था के निदेशक डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल व उनकी टीम के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा था। बीते शनिवार की रात विजयदशमी पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान राम का राजतिलक करने आए थे। इस दौरान उन्होंने डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल के निर्देशन में चलने वाली कार्तिकेय संस्था की रामलीला की सराहना करते हुए देश की सर्वश्रेष्ठ रामलीलाओं में से एक बताया। मुख्यमंत्री ने डॉ. पंकज दर्पण को अंग वस्त्र, प्रतीक चिह्न तथा नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

### 21 होगी को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला स्वास्थ्य समिति (कार्यकारी समिति) की बैठक 21 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे से होगी। इसके संबंध में डीएम ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, जनसंख्या स्थिरीकरण आदि विषयों पर समीक्षा होगी। साथ ही अन्य योजनाओं पर भी चर्चा होगी।



मनोरंजन सदन में सिंदूर खेला के दौरान माता के जयकारे लगाती महिलाएं।



मनोरंजन सदन में माता को सिंदूर लगाती युवती।



सीएल गुप्ता के पास रामगंगा घाट पर दुर्गा मां की मूर्ति विसर्जित करते श्रद्धालु।



दसवां घाट में दहन होता रावण का पुतला। ● अमृत विचार

# दुर्गा मां के जयघोष संग किया मूर्तियों का विसर्जन

## बंगाली समाज की महिलाओं ने सिंदूर उत्सव मनाकर एक-दूसरे को दी बधाई, धुनुचि नृत्य कर मनाई खुशियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बंगाली समाज द्वारा महानगर के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजन महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। बंगाली समाज के लोगों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान महिलाओं ने धुनुचि नृत्य किया और सिंदूर उत्सव मनाया।

रेलवे कालोनी स्थित मनोरंजन सदन में सर्वजनिन बंगाली एसोसिएशन द्वारा आयोजित दुर्गा पूजन में रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मूर्ति पूजा स्थल से जयकारों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व बंगाली समाज की महिलाओं ने सिंदूर उत्सव मनाया और एक दूसरे को सिंदूर लगाकर बधाई दी। जिसके बाद विसर्जन शोभायात्रा मनोरंजन से शुरू होकर कंपनी बाग, ताड़ीखाना चौक, गुलजारी मल धर्मशाला, बुध बाजार, टाउन हाल, गंज गुरहट्टी, जेल रोड व कांठ रोड से विवेकांनद अस्पताल रोड से होते हुए रामगंगा किनारे पहुंची। इस मौके पर अमित बनर्जी, सुदीप बनर्जी, आलोकेश बोस, अभिजीत बनर्जी, सौरभ चकवर्ती, देवाशीष भट्टाचार्य, अतुल जौहरी शामिल रहे।

दीनदयाल नगर स्थित सद्भावना पार्क में मुरादाबाद दुर्गा बारी समिति के तत्वाधान में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में पुरोहित किरन चक्रवर्ती ने मंत्रोच्चरण के साथ पूजा-अर्चना कराई। जिसके बाद प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व महिलाओं से सिंदूर उत्सव भी मनाया। इस मौके पर निधि भट्ट, मानसी अग्रवाल, सुदीप पाल, अनोखी सरीन, शिखा बर्मन, अनीता गुप्ता शामिल रहे।



शहनाई मंडप में आयोजित दुर्गा पूजा में सिंदूर खेलती महिलाएं। ● अमृत विचार



साईं सेलिब्रेशन में आयोजित दुर्गा पूजा में नृत्य करती महिलाएं। ● अमृत विचार

- **महानगर के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजन महोत्सव का रविवार को हुआ समापन**

मंडी चौक के अताई मोहल्ला स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में सार्वजनिक श्रीश्री मां दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने रविवार को दुर्गा पूजन का समापन कर दिया। सबसे पहले महिलाओं ने धुनुचि नृत्य किया और सिंदूर उत्सव मनाया। इस मौके पर सोमनाथ ओझा, प्रशांत मांईती, संजय सी, पुलक घोष, आलोक घोष, तपन दास, कृष्णा-डे आदि शामिल रहे।

आवास विकास स्थित शहनाई मंडप में जनकल्याण समिति दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा मनाए जा रहे दुर्गा पूजन महोत्सव का समापन रविवार को हो गया। महिलाओं ने धुनुचि नृत्य और सिंदूर उत्सव मनाया। जिसके बाद माता की प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली और रामगंगा किनारे पहुंचकर सभी ने जयकारों के साथ विसर्जन किया। व्यवस्था में दयाल विश्वास, डॉ. मंजेश राठी, पंकज गुप्ता, सचिन अग्रवाल, राजेश रस्तोगी, डॉ. वैभव गुप्ता, डॉ. एससी गुप्ता शामिल रहे। लाइनपार स्थित साईं सेलीब्रेशन में सर्वोदय विकास समिति द्वार रविवार को माता की प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई।



सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के पास रामगंगा नदी के तट पर मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक बह गया। जिसे काफी मशक्कत के बाद पीएसी के गोताखोर व लोगों ने बचाया।

इससे पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना की गई। जिसके बाद प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं ने सिंदूर उत्सव मनाकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर डॉ. प्रदीप कुमार विश्वास, असीम कुमार विश्वास, तुषार विश्वास, दिवाकर विश्वास, अनिरुद्ध मलिक, अनिल विश्वास शामिल रहे।

# भगवान राम ने नाभि में बाण चलाकर रावण का किया वध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव रविवार को रावण वध का मंचन और 40 फीट रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण का पुतला दहन होते ही भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

रविवार को सुबह से दसवां घाट के मैदान व उसके आसपास मेला लगाया गया। इसमें लोगों ने झांकियों का आनंद लिया और बच्चों ने झूले का आनंद लिया। खेल, खिलौने, चाट, पकौड़ी की भी खूब खरीदारी हुई। लाइटों की चकाचौंध और आतिशबाजी के बीच आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने सुंदर झांकियों द्वारा प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता अपना दल डॉ. संजीव यादव व अति विशिष्ट अतिथि भारत रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने प्रभु श्रीराम की आरती उतारी। रामलीला मंचन में राम का रावण के साथ युद्ध हुआ। इसमें राम द्वारा अनेक प्रयास करने के बाद भी रावण का वध नहीं हो पाता। इस पर युद्ध में शामिल विभीषण, जो रावण का सगा भाई हैं, वो कहते हैं कि रावण का शरीर अमृतमय हो गया है। वो आपके बाणों से मृत्यु को प्राप्त नहीं करेगा, इसलिये आप रावण की नाभि में बाण चलाए। ताकि अहंकारी रावण का वध हो सके। विभीषण की बात को मान कर भगवान श्रीराम अपनी ओर से उसकी नाभी में बाण छोड़ते हैं और यहीं पर रावण वध होता है। इस प्रकार भगवान राम की विजयी हुए।

रावण वध व पुतला दहन के बाद उपस्थित लोगों ने रावण की अस्थियों की प्रतीक पुतले के बांस की लकड़ियां लूटी। व्यवस्था सहयोग में अध्यक्ष यथार्थ किशोर, छत्रपाल सिंह, आदित्यवीर शास्त्री, इंद्रजीत शर्मा, राजेश वाल्मीकि, रवि सैनी, अरुण श्रीमाली, लल्ला ठाकुर, पुष्पकांत शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, राजेंद्र वाल्मीकि व शिवकुमार शामिल रहे।

### कमेटी ने वापस किया निगम का जनरेटर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुराना दसवां घाट की रामलीला में नगर निगम द्वारा जनरेटर का कनेक्शन न देने पर शुरू से ही कमेटी के लोगों ने कई दिन तक मंचन रोकर इसका विरोध जताया था, लेकिन उनकी समस्या का हल नहीं हो सका था। जिसके बाद पदाधिकारियों ने कमेटी की ओर से जनरेटर की व्यवस्था करके रामलीला का मंचन शुरू करा दिया था। इस दौरान कई दिन कमेटी के पदाधिकारियों व कलाकारों ने काली पट्टी बांधकर मंचन किया था। रविवार को रावण का पुतला दहन से पूर्व नगर निगम ने जनरेटर भेजा, लेकिन कमेटी के लोगों ने जनरेटर लेने से इनकार कर दिया। क्योंकि जनरेटर बिना डीजल के था। इस दौरान मंच पर रामलीला का मंचन कर रहे रावण के रूप में कलाकार ने ऐलान कर दिया कि मैं अंधेरे में ही मर जाऊंगा, लेकिन नगर निगम का जनरेटर नहीं लूंगा।



पाकबड़ा की रामलीला में मंच पर मौजूद श्रीरामलीला समीति के पदाधिकारी।

# प्रभु श्रीराम के आगमन पर अयोध्या में मनाई दिवाली

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** नगर पंचायत में चल रही रामलीला मंचन में रविवार को रावण के वध के बाद जब प्रभु श्रीराम अयोध्या लौटे तो वहां दिवाली मनाई गई। पूरी अयोध्या में दीपोत्सव मनाया गया। नगर में जय श्रीराम के जयकारे गूंजे। कलाकारों ने प्रभु श्रीराम का राजतिलक का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों ने भगवान राम के स्वरूप में कलाकार का राजतिलक किया। इस अवसर पर रामबाबू भटनागर, राकेश सिंह, नरेश सक्सेना, सीताराम रूहेला, डॉ. सोहन सिंह, वीरेंद्र ठाकुर, कमल सैनी, जयप्रकाश सिंह, शैवी शर्मा, मुनीष भटनागर, अभीक त्रिपाठी, नरेश शर्मा, तोताराम सैनी, सुनील गुप्ता, सतपाल हुड्डा, संजीव हुड्डा, बेगराम प्रजापति, महेंद्र गुप्ता, आदर्श गुप्ता, गप्पू गुप्ता, ओंकार सिंह, मोंटू ठाकुर, विषिपाल सिंह विशाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# महानगर में धूमधाम से निकली श्रीराम राजगद्दी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के लाजपत नगर रामलीला मैदान में श्रीराम कथा मंचन समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के अंतिम दिन श्रीराम राजगद्दी की शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व मंच पर श्रीराम राजतिलक उत्सव और लठमार होली खेली गई। श्रीराम राजगद्दी शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर मिल रोड, महबुल्लागंज डिप्टी साहब का अस्पताल, प्रभात मार्केट, रस्तोगी इंटर कॉलेज रोड, नारायण मंदिर लाजपत नगर होते हुए रामलीला मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ पवन पुत्र हनुमान मुख्य सिंहासन के रूप में शोभा बढ़ा रहे थे। राधा कृष्णा और शिव पार्वती की झांकी सबका मन मोह रही थी। शोभायात्रा में ढोल नगाड़ों की धूम रही। इस मौके पर महेश चंद्र अग्रवाल, विनोद सक्सेना, श्याम कृष्ण रस्तोगी, मुकुल बंसल, शरद अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, विवेक शर्मा, पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, शम्मी रस्तोगी, राजेन्द्र खन्ना, अतुल, अविनाश, विपिन अग्रवाल, अरविंद सिंघल, जगदीश प्रसाद, असीम व पीयूष शामिल रहे।



लाजपत नगर से निकली शोभायात्रा में शामिल कलाकार।



दीनदयाल नगर से निकली राजगद्दी शोभायात्रा में शामिल भगवान स्वरूप में कलाकार।

- **रामलीला मंच पर श्रीराम राजतिलक उत्सव व लठमार होली खेली गई**

### राम तिलक हित मंगल साजा, परब जोग जनु जुरे समाजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दीनदयाल नगर स्थित नेहरू युवा केंद्र में पात्रों ने राजगद्दी के साथ-साथ राजगद्दी शोभायात्रा का प्रसंग प्रस्तुत किया। नेहरू युवा केंद्र से निकली राजगद्दी शोभायात्रा साईं मंदिर, मधुबनी पार्क, अकबर का किला, सोनकपुर स्टेडियम, सेल्स टैक्स कार्यालय होते हुए वापस नेहरू युवा केंद्र पर समाप्त हुई। इस मौके पर रामलीला समिति के संरक्षक शिशिर गुप्ता, डॉ. संजीव राजन, जयविंदर प्रधान, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, निर्वेश भटनागर, अजय कट्टा, अरविंद गुप्ता, प्रेमनाथ, उपदेश अग्रवाल, संजय धवन आदि मौजूद रहे। वहीं कांठ रोड स्थित गौर ग्रेसियस सोसाइटी में रोटरी क्लब एक्सिस द्वारा दशहरा व दिवाली मेले का आयोजन किया गया। मेले की शुरूआत रोटरी मंडल 3100 की मंडल अध्यक्ष रोटेरियन दीपा खन्ना ने दीप प्रज्वलन से की। इस दौरान समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष विवेक गोयल, रश्मि गोयल, संजीव अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, सागर राय, हिमांशु चौहान, नरेश वत्सल, संजय सिंघल, गौरव गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, गुरप्रीत सिंह, नेहा सिंघल, आलोक गर्ग, विजय अरोड़ा, पंकज माहेश्वरी, शर्मिताभ सिन्हा व अनुज अग्रवाल शामिल रहे।

**आयोजन** — राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने अलग-अलग स्थानों पर किया शस्त्र पूजन

# स्वयंसेवकों ने महानगर में निकाला पथ संचलन, पुष्प वर्षा से स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्थापना दिवस और विजयदशमी का पर्व मनाया गया। जिसके तहत महानगर के अलग-अलग इलाकों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और पथ संचलन निकाला गया।

रविवार को पीतल नगरी, गोविंद नगर, कटघर, कृष्ण नगर, हनुमान नगर, अर्जुन नगर, दीनदयाल नगर, रामगंगा विहार नगर, हिमगिरी नगर, काशीराम नगर, बुद्धि विहार नगर, प्रकाश नगर, केजीके नगर, नया मुरादाबाद, महादेव नगर व शिवाजी नगर में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन और शस्त्र पूजन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नवरात्र नारी पूजा व शक्ति का प्रकटीकरण दिवस है। पांडवों ने नवरात्र की समाप्ति पर ही पुनः शस्त्र धारण किए। दुनिया में शक्तिशाली की बात सब सुनते हैं, कमजोर की बात कोई नहीं सुनता। उन्होंने कहा कि यज्ञ, गाय, सज्जन शक्ति, मंदिर की रक्षा के लिए राम के रूप में युवा शक्ति की जरूरत थी। अतः रावण के विरुद्ध विश्वामित्र द्वारा दशरथ से राम की मांग की गई। उस विषम परिस्थिति को देखते हुए राम ने प्रतिज्ञा की थी। निसिचर हीन करउं महि भुज उठाइ पन कीन्ह। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस अपने 99 वर्ष पूरे कर चुका है और सौवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस दौरान वक्ताओं ने युवाओं का आह्वान कि वह अपनी संस्कृति पर गर्व करें और प्रत्येक घर में संस्कृति को पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रांत व्यवस्था प्रमुख अजय गोयल सुगंध, विभाग प्रचारक बृजमोहन, विभाग संघचालक सुरेंद्र पाल सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख पवन कुमार जैन, महानगर संघचालक डॉ. विनीत गुप्ता, महानगर कार्यवाह विपिन चौधरी, महानगर प्रचारक रोहित कुमार, ओमप्रकाश शास्त्री, देवेश सिंह, अनिल कुमार, डॉ. काव्य सौरभ जेमिनी, संदीप सिंघल, कमलकांत राय, सुभाष शर्मा, निर्मल मेहता, रवि पांडेय, आशुतोष कुमार, नमन जैन, सानू कुमार, आशाराम, उम्मेदराज पुरोहित, विवेक गुप्ता, शलभ सक्सेना, हंसराज सैनी, संजय भटनागर, संजय सिंह व बाल स्वयंसेवक इवान जैन व दीप शर्मा आदि शामिल रहे।



रामगंगा विहार स्थित निर्मला पार्क में मौजूद स्वयंसेवक। ● अमृत विचार



रामलीला ग्राउंड से निकले पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# पाकबड़ा में पथ संचलन पर की पुष्प वर्षा

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** पाकबड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया। जिसका लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

रविवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर चामुंडा देवी स्कूल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होता हुआ वापस सरस्वती शिशु मंदिर पर संपन्न हुआ। इस दौरान आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय का उदघोष किया। लोगों ने जगह-जगह पथ संचलन करते हुए स्वयंसेवकों पर फूल भी बरसाए। इस अवसर पर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विजयभान सिंह, ठाकुर राकेश सिंह, रामबाबू भटनागर, प्रमोद सिंह, हेमराज सिंह, विजयपाल सिंह, सतपाल हुड्डा, कामेश्वर सिंह, श्याम रूहेला, अभिषेक हुड्डा, अभिषेक सिंह, विशाल सिंह, नितिन रूहेला आदि मौजूद रहे।



पाकबड़ा में पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

### अगवानपुर में पूर्ण गणवेश में निकाला पथ संचलन

**अगवानपुर, अमृत विचार :** किसान इंटर कॉलेज सेरुआ चौराहा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला गया। जो किसान इंटर कॉलेज से शुरू होकर निर्धारित मार्ग से होता हुआ वापस किसान इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। बौद्धिक खंड संचालक जयकुमार का हुआ। इस दौरान डॉ. सुनील कुमार, संजय, सुभाष कुमार, दीपांशु, अरविंद कुमार, शंकर राजपूत, सौरभ कुमार व विनोद सैनी आदि मौजूद रहे।



पथ संचलन निकालते स्वयंसेवक।


हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड
के तत्वावधान में
बालाजी मंदिर और खाटूश्याम के
भव्य मंदिर निर्माण के लिए
सभी भक्त रेत, ईट, बजरी, सरिया में अपनी
श्रद्धा के अनुसार सहयोग करें।
SCAN & PAY
9412383710
Bank Details:
Account No.
40240342601
IFSC CODE:
SBIN0016880

हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से जल्द ही रामपुर में बालाजी मन्दिर और खाटूश्याम जी के मन्दिर का निर्माण होने जा रहा है। आप सभी लोगों से सहयोग की अपील है।



एक कदम
सनातन की ओर
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001


# महिला की मौत, नर्सिंग होम बंद कर संचालक गायब

## मृतका के परिजनों ने गलत तरीके से ऑपरेशन करने का लगाया आरोप, गलशहीद पुलिस से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रिंस रोड पर स्थित नर्सिंग होम में गर्भवती की प्रसव के बाद मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने नर्सिंग होम के डॉक्टरों पर गलत तरीके ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए गलशहीद पुलिस से शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच के लिए सक्रिय होती, इससे पहले नर्सिंग होम संचालक बोर्ड तक उखाड़ कर गायब हो गए। नर्सिंग होम संचालकों के सभी फोन नंबर भी बंद आ रहे हैं।

गलशहीद थाना क्षेत्र के प्रिंस रोड स्थित हाजी बैंक्वेट हॉल के सामने गली की रहने वाली मुस्कान का इलाज चड्ढा सिनेमा के पास स्थित नर्सिंग होम में डॉक्टरों से चल रहा था। मुस्कान की मां रुबीना ने बताया कि 23 सितंबर को बड़े ऑपरेशन से उनकी बेटी को बेटा हुआ था। आरोप है कि डॉक्टर ने टांका लगा दिया था। मुस्कान के ऑपरेशन के दूसरे दिन ही नर्सिंग होम में भर्ती एक अन्य महिला की मौत हो गई।


मुस्कान के इलाज के बारे में जानकारी देतीं उसकी मां रुबीना व अन्य परिजन।

इस पर डॉक्टर ने आनन-फानन में मुस्कान की भी छुट्टी कर दी। रुबीना ने बताया कि बेटी की हालत दिन पर दिन बिगड़ती जा रही थी। तीन-चार दिन बाद अस्पताल में डॉक्टर को ले जाकर दिखाया और बताया कि बेटी की उल्टी नहीं रुक रही है। इस पर कथित डॉक्टर ने उन्हें दवाई दी और 1600 रुपये जमा करा लिए और बेटी को लेकर घर चली गई थीं।

आरोप है कि इसके बाद भी उनकी बेटी की हालत में सुधार नहीं आया तो नर्सिंग होम के डॉक्टर ने उसके दो बोतल ब्लड चढ़ा दिया था। फिर मुस्कान का पूरा शरीर सूज गया था। उसका एक हाथ-पैर सुन्न सा पड़ गया था। जुबान सूख गई थी और वह कुछ भी बोल नहीं पा रही थी। ऐसे में रुबीना 8 अक्टूबर को बेटी को लेकर फिर नर्सिंग होम पहुंची थीं, जहां डॉक्टर ने उसे दिल्ली भिजवा दिया था। दिल्ली में डॉक्टर ने उन्हें बताया था कि मुस्कान का ऑपरेशन गलत हो गया है, उसकी किडनी में दिक्कत आ गई है और उसे यूरिन पास नहीं हो पा रहा है। थोड़े-बहुत इलाज के बाद दिल्ली के डॉक्टर ने उसका जीवित रह पाना मुश्किल बताकर उन्हें घर ले जाने को कह दिया था। मुस्कान की मौत शनिवार को हो गई। इसके बाद रात में ही उसका पति नदीम गलशहीद थाने पहुंचा था, जहां उसने पुलिस से घटना की लिखित शिकायत की।

पुलिस ने रविवार को मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि नर्सिंग होम बंद है और संचालक बोर्ड तक उखाड़ कर ले गए। नर्सिंग होम संचालकों के जो नंबर दिए गए थे वह भी बंद जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ मामले की जांच करके कार्रवाई के लिए सीएमओ को मृतका के पति की शिकायत को भेज दिया है।

### तमाम अभियानों के बाद भी महानगर और ग्रामीण अंचल में खुलेआम चल रहे फर्जी नर्सिंग होम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिना पंजीकृत अस्पतालों, नर्सिंग होमों और झोलाछापों के खिलाफ लगातार चल रहे अभियानों के बाद भी गांव-देहात और गली-मोहल्लों से इतर मुख्य सड़कों पर खुलेआम फर्जी अस्पताल और नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। बाकायदा बोर्ड लगाकर मरीजों को भर्ती किया जाता है और उनका इलाज किया जाता है। इस सबके बारे में स्वास्थ्य महकमे को कानों-कान खबर नहीं होती है। इन फर्जी नर्सिंग होम और अस्पतालों में आए दिन मरीजों की मौत होती है जब कोई शिकायत आती है तब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नोटिस जारी करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेते हैं।

> प्रसूता की मौत दिल्ली में हुई है। उसके परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के ही शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया है। लेकिन, फिर भी शिकायत के आधार पर हमने संबंधित नर्सिंग होम के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सीएमओ को पत्र लिखा है।
> **- सौरभ त्यागी,** थानाध्यक्ष-गलशहीद

# क्रिकेट कोच की छवि खराब करने को वायरल की वीडियो

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


क्रिकेट कोच बदरुद्दीन।

**दुस्साहस**
- बरेली निवासी जिम संचालक ने आपत्तिजनक वीडियो इंस्टाग्राम पर की अपलोड
- बदरुद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी सीनियर क्रिकेट कोच बदरुद्दीन की छवि खराब करने के लिए आपत्तिजनक कमेंट करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। पीड़ित क्रिकेट कोच ने सिविल लाइन्स थाने में बरेली निवासी जिम संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सिविल लाइंस के जिगर कालोनी जे-ब्लॉक निवासी बदरुद्दीन सीनियर क्रिकेट कोच हैं। उन्होंने विश्वकप 2024 के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे पीयूष चावला को भी उनके शुरुआती दौर में कोचिंग दी थी। इसके अलावा वह मोहसिन खान और आर्यन जुयाल को भी कोचिंग देते रहे हैं। मौजूदा समय में बदरुद्दीन अपनी क्रिकेट अकादमी में कई क्रिकेट खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में सीनियर कोच बदरुद्दीन ने बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एलयास ब्लिस कालोनी निवासी दीपक चौहान के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बदरुद्दीन ने आरोप लगाया है कि आरोपी दीपक चौहान ने अशोभनीय झूठा और अनर्गल वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अपलोड किया है। वीडियो में बहुत ही अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए अनर्गल आरोप लगाते हुए उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की है।

क्रिकेट कोच बदरुद्दीन के अनुसार आरोपी दीपक चौहान से कभी भी उनकी आमने-सामने या फोन पर भी बात नहीं हुई है इसलिए समझ में नहीं आ रहा है कि आरोपी ने ऐसी वीडियो बनाकर क्यों वायरल की है। इस संबंध में सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया की तहरीर के आधार पर आरोपी दीपक चौहान के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। साइबर सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**एक नजर**

### महिला ने ससुर व देवर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र की महिला ने अपने ससुर व देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना कटघर क्षेत्र की इंद्रा कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका ससुर और देवर उस पर बुरी नजर रखते हैं। कई बार दोनों ने मिलकर उसके साथ अश्लीलता भी की है। महिला का आरोप है कि बीती 11 अक्टूबर की रात मेरा देवर और ससुर ने उसे घर पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। किसी तरह शोर मचाकर पीड़िता ने अपनी जान बचाई। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय ने बताया कि महिला की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है।

### शराब के लिए पैसे न देने पर ठेकेदार को मारा ब्लेड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शराब के लिए पैसे न देने पर गांव के ही दो लोगों ने ठेकेदार के साथ मारपीट की और उस ऊपर ब्लेड से हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के कांठ रोड स्थित प्रेमनगर निवासी विक्की सैनी भवन निर्माण की ठेकेदारी करते हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में ठेकेदार विक्की ने बताया कि शनिवार रात लगभग 8:00 बजे वह अपनी लेबर का हिसाब करके घर लौट रहे थे। गांव के पास पहुंचे तभी रास्ते में मुकेश उर्फ मुकुल और प्रेम सिंह मिल गए। दोनों शराब पीने के लिए 300 रुपये मांगने लगे। विक्की ने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके ऊपर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। इस दौरान उसकी टी शर्ट भी फाड़ दी। जिसमें रखे ढाई हजार रुपये भी गायब कर दिए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# 8 नामजद, 25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात बच्चों के बीच हुई कहासुनी के बाद दो समुदाय में हुए बवाल में पुलिस ने आठ नामजद व 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मौके से सात संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अन्य बवालियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना कटघर के गुलाबबाड़ी चौकी क्षेत्र का मोहल्ला वीरशाह हजारी में दशहरा मेला देखने के बाद एक समुदाय के बच्चे घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में दूसरे समुदाय के बच्चों से उनकी कहासुनी हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए थे। जब इस विवाद की सूचना बड़ों तक पहुंची तो एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के घरों पर पहुंच कर पथराव कर दिया। इस दौरान वाल्मीकि बस्ती में भारी बवाल मच गया। पत्थरबाजी


पथराव में क्षतिग्रस्त कार। ● फाइल फोटो

में एक युवक जख्मी हो गया और आसपास खड़ी दो कारों के शीशे भी टूट गए। बवाल की सूचना मिलते ही गुलबाबाड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और बवालियों को रोकने की कोशिश की तो शांत होने के बजाय विशेष समुदाय के लोग और उग्र हो गए। पुलिस के सामने भी पथराव होता रहा। बाद में थाना कटघर, गलशहीद व मुगलपुरा थाने की फोर्स को मौके पर बुलाया गया। पुलिस के पहुंचने के बाद बवाल करने वाले लोग वहां से भाग निकले। बाद में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। एक पक्ष के लोगों

**वीरशाह हजारी बवाल**
- बच्चों की कहासुनी के बाद शनिवार की रात दो समुदाय में हुआ था बवाल

ने दूसरे समुदाय के लोगों पर घर में घुसकर महिलाओं से छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया। मौके पर तनाव को देखते हुए रातभर भारी पुलिस बल वहां तैनात रहा।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शनिवार रात लगभग 9:30 बजे दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। रेलवे ट्रैक के पास पड़े पत्थरों को उठाकर पथराव किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस की ओर से आठ नामजद और 25 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मौके से सात संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से भी आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## अध्यक्ष से गाली-गलौज की ऑडियो वायरल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत पाकबड़ा के अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष के पुत्र की एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें गाली गलौज जैसे शब्द सुनाई दे रहे हैं। इस पर दोनों पक्षें में किसी की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब एवं पूर्व अध्यक्ष खेमवती देवी के पुत्र रिंकू गोस्वामी में फोन पर एक बातचीत हो रही है। जिसका ऑडियो बहुत तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऑडियो में किसी व्यक्ति द्वारा पूर्व अध्यक्ष के बेटे रिंकू गोस्वामी से वर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद याकूब से फोन पर बातचीत कराई। बातचीत शुरू होने के बाद रिंकू द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष से कहा गया कि लोगों को आपस में झगड़ा क्यों करवा रहे हो। बीच में गाली गलौज भी हुई। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि तरीके से बात करो। उसके बाद फोन काट दिया जाता है। ऑडियो तीन से चार दिन पुरानी बताई जा रही है।

## गोवंश को सड़क पर छोड़कर भागा किसान

**अगवानपुर, अमृत विचार :** कांठ रोड पर स्थित शुगर मिल के मैन गेट के पास एक किसान अपने गोवंश को छोड़कर भाग निकला। वहीं मिल के गेट पर तैनात गार्ड कोमल सिंह ने गोवंश को दुलार कर अपने पास से रोटी खिलाई। लोगों ने कोमल सिंह के प्रयासों की सराहना।

## छात्रों को आज सम्मानित करेंगे इसरो वैज्ञानिक मेघ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद (इसरो) के यूआर राव उपग्रह केंद्र के वैज्ञानिक मेघ भटनागर सोमवार को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। वह सुबह 9.30 बजे कॉलेज पहुंचेंगे।


मेघ भटनागर।

विद्यालय में विद्यार्थियों को खासकर विज्ञान के विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे और विज्ञान के छात्रों को सम्मानित भी करेंगे। यह जानकारी विद्यालय के साइंस कोऑर्डिनेटर राम प्रकाश यादव ने दी है। उन्होंने बताया कि मेघ भटनागर 2015 से इसरो में वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। 9 वर्षों की इसरो यात्रा में पीएसएलवी, जीएसएलवी जैसे लॉन्च वाहनों और चंद्रयान 3, आदित्य मिशन के डिजाइन और नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मेघ भटनागर ने कक्षा 12 की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से प्राप्त की है।

**अनदेखी** सांस-दमा जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे लोग, अनदेखी से बढ़ रहीं पीतल गलाने की भट्टियां

# पीतल, एल्युमीनियम गलाने की भट्टियों से बढ़ रहा प्रदूषण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के लालबाग, नवाबपुरा, नागफनी, बंगला गांव कटघर और मुगलपुरा आदि स्थानों पर पीतल व एल्युमीनियम गलाने की भट्ठियां संचालित की जा रहीं हैं। जिला प्रशासन की कार्रवाई से बचने के लिए भट्ठी संचालक दिन के बजाय रात में काम कर रहे हैं। इसकी वजह से सुबह 5:00 से 9:00 बजे तक का प्रदूषण का स्तर अधिक हो जाता है। जिससे आसपास रहने वाले लोग सांस और दमा जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी इसकी अनदेखी कर रहे हैं।

जामा मस्जिद रामगंगा नदी किनारे बसे वारसी नगर की हवा रविवार को गंभीर स्थिति में पहुंच गई। ताजपुर पुल से रात 12:00 बजे के बाद लोगों का निकलना


नवाबपुरा छड़ियों का मैदान में पीतल गलाने की भट्टी। ● अमृत विचार

दुश्वार हो गया। सुबह 10:00 बजे तक आसमान में धुआं छाया रहा। जिससे क्षेत्र के लोगों को सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके साथ वातावरण में भारी कणों के साथ अब विभिन्न प्रकार की जहरीली गैसों में बढ़ोतरी होने लगी है। महानगर की अवैध पीतल भट्ठियां शहरवासियों की सांसों के लिए संकट बनती जा रही हैं। अधिक संख्या में लोग सांस से संबंधित तमाम तरह की बीमारियों की चपेट आ गए हैं। आंखों में भी जलन रहने लगी है। इनमें अलग-अलग धातुएं जिंक, कैडमियम, निकिल, कॉपर, एल्युमिनियम, मैग्नीज और पीतल को भट्ठियों में गलाने के लिए डाला जाता है। इससे लोगों को फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग आदि बीमारियां होने की आशंका भी बढ़ रही है। यह बुजुर्ग, बीमार व्यक्ति और छोटे बच्चे और नवजात के लिए घातक है।

वहीं लाल बाग में रहने वाले लोगों का कहना है कि नवरात्रों में पीतल गलाने की भट्ठियां बंद कर दी गई थी। इस दौरान वहां पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को आना जाना लगा रहा है। जिसके बाद शनिवार की रात से भट्ठियों को संचालन शुरू हो गया है। रात भर 10 से अधिक भट्ठियों के चलने से प्रदूषण की वजह से रात भर क्षेत्र के लोगों को सांस लेने में दिक्कतें आ रही हैं।

> दीपावली के बाद पीतल व एल्युमीनियम गलाने वाली भट्ठियों को बंद कराया जाएगा। मुरादाबाद में रविवार सुबह 8:00 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 310 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। विशेषज्ञों के अनुसार 300 से ऊपर वायु गुणवत्ता सूचकांक की स्थिति गंभीर श्रेणी में आती है। कुछ क्षेत्रों से स्थानीय लोगों ने भी फोन किया है। हालांकि तीन महीने पहले 25 भट्ठियां बंद कराई थीं। जल्द ही दिवाली से पहले इन भट्ठियों को भी बंद कराया जाएगा। दिवाली पर पटाखों से बढ़ने वाला प्रदूषण खतरे की श्रेणी में पहुंच सकता है।
> **-आशुतोष चौहान, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**



सुपर मैक्स
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
SUPER MAX
NABH Accredited
डॉ. एस.के. सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) (गोल्ड मेडलिस्ट)
डी.एन.बी., एफएसीजी गैस्ट्रो
(अमेरिकन कॉलेज ऑफ गैस्ट्राइन्टोलोजी)
डायग्नोस्टिक एण्ड थेराप्यूटिक एण्डोकॉपिस्ट
भूतपूर्व वरिष्ठ परामर्श चिकित्सक
विवेकानन्द सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुरादाबाद

पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ
निम्न रोगों के विशेषज्ञ
- लीवर सिरोसिस तथा लीवर (जिगर) सम्बन्धित बीमारियां
- साधारण पीलिया, हिपेटाइटिस बी/सी (काला पीलिया)
- लीवर (जिगर) और तिल्ली का बड़ा होना, फैटी लीवर
- गले में रूकावट, खाना निगलने में तकलीफ, खाने के बाद उल्टी का इलाज।
- गैस, बदहजमी (खाना व पचना) अफरा या पेट फूलना, छाती में जलन/दर्द, खट्टी डकार।
- खून की उल्टी और लैट्रिन (टट्टी) में खून आना।
- बार-बार दस्त लगना, खूनी दस्त, भूख ना लगना, वजन घटना
- पेट में दर्द होना।
- पेट / आंतों की टी.बी.।
- कब्ज/पेट साफ न होना।
- शराब से हुई लीवर (जिगर) की बीमारियां।
- पेंक्रियाज की सूजन।
- अल्सरेटिव कोलाइटिस (आई.बी.डी.)
- लीवर में मवाद (पस)/फोड़ा।
- पित्त की नली, पैन्क्रियाज की नली में पथरी या सिकुड़न का इलाज।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
नोटः एण्डोस्कोपी, कालोनोस्कोपी, सिगमोइडोस्कोपी एवं ई.आर.सी.पी. की सुविधा उपलब्ध।
निम्न जांचों की आवश्यकता क्यों है?
1. यदि आप पेट की किसी समस्या जैसे एसिडिटी, गैस, कब्ज आदि से पीड़ित हैं।
2. यदि आप लम्बे समय से भूख में कमी या वजन में कमी देख रहे हैं।
3. यदि आप डायलिसिस के मरीज हैं।
4. यदि आपने कभी अपने कभी अपने शरीर में टैटू गुदवाया हो।
5. यदि आप शराब या नशीले पदार्थ का सेवन करते हों।
6. यदि आप सार्वजनिक स्थान पर दाढ़ी बनवाते हों।
7. यदि आपने कभी असुरक्षित यौन सम्बंध बनाये हों।
8. यदि आप कभी पीलिया, हेपेटाइटिस बी/सी से पीड़ित रहे हों।
9. यदि आप गर्भवती महिला हैं।
20% Discount Endoscopy Colonoscopy other Blood Test
शिविर में विश्व स्तरीय मशीनों द्वारा लीवर की सभी प्रमुख जांचे व परामर्श निःशुल्क दिया जायेगा।
प्रतिदिन मरीज देखने का समय- सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक, सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, मो. 9410477870
पताः- जेड-16, आशियाना, फेस-2, 24 मीटर रोड, निकट डॉ. अम्बेडकर पार्क, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
इस कटिंग को साथ लाने पर जांचों में विशेष छूट मिलेगी।
रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सम्पर्क करें:-
0591-3560194, 9410477870, 9758362794

## एक नजर

### कांठ रोड से दिल्ली रोड तक कनेक्टिविटी का कार्य तेज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने कांठ रोड की दिल्ली रोड से सीधी कनेक्टिविटी के कार्य में तेजी शुरू कर दी थी। जिसके लिए बड़ी संख्या में मजदूर कार्य में लगाए गए हैं। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के इंजीनियर भी लगातार मौका मुआयना करने के लिए पहुंच रहे हैं। चैतिया फार्म हाउस तक 24 मीटर रोड बनकर तैयार हो चुकी है। इसके आगे कनेक्टिंग रोड बनाए जाने का कार्य बारिश के चलते रुक गया था। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार सिंह के निर्देश पर कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया है। एमडीए उपाध्यक्ष ने सीधी कनेक्टिविटी के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दिवाली तक कार्य हर हालत में पूरा कर लिया जाए। कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। रोड का कार्य पूरा होने के बाद सीधी कनेक्टिविटी होने से कांठ रोड का ट्रैफिक सीधे दिल्ली रोड सकेगा।

# 4 घरों में चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मझोला पुलिस की गिरफ्त में तीनों शातिर चोर। ● अमृत विचार

- आरोपियों से लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल, सोने-चांदी के जेवरात व 12 हजार की नकदी बरामद

**अमृत विचार :** मझोला थाना पुलिस ने एक माह पूर्व शिक्षक के घर हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने इससे पहले डिडौरा में तीन घरों में चोरी की थी। आरोपियों के पास से लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल, सोने-चांदी के जेवर और 12 हजार 200 रुपये की नकदी बरामद हुई है।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 12 सितंबर की रात थाना मझोला क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर निवासी निजी स्कूल के शिक्षक राकेश कुमार शर्मा के यहां से चोर डेढ़ लाख की नकदी, जेवर समेत लगभग पांच लाख का माल चोरी कर करके ले गए थे। इससे पहले 12 जून की रात डिडौरा में इसरार हुसैन, कुसुम देवी और लियाकत अली के घर से भी चोर हजारों का माल समेट कर ले गए थे। दोनों मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। रविवार को इस मामले में थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी और एसआई सर्वेश कुमार, सतीश कुमार सैनी की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमें मझोला के जयंतीपुर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला कचोधन नई बस्ती निवासी दानिश, पीर का बाजार टीला करूला निवासी मोहम्मद आजम और मैनाठेर के गांव नानकार निवासी मोहम्मद आलम शामिल हैं। तीनों के कब्जे से एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन, 12 हजार 200 रुपये की नकदी, छह जोड़ी पाजेब और चाकू बरामद किया गया है।

## परिवर्तन दी चेंज संस्था ने 8 वर्ष पूर्ण होने पर पंचायत भवन में मनाया वार्षिकोत्सव

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पंचायत भवन सभागार में परिवर्तन दी चेंज संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित बच्चे, साथ में अतिथि। ● अमृत विचार

- मुख्य अतिथि अपर आयुक्त एवं सीडीओ ने किया संस्था की वार्षिक पत्रिका का विमोचन

**अमृत विचार :** परिवर्तन दी चेंज संस्था ने अपने 8 वर्ष पूरे होने पर संस्था का वार्षिकोत्सव पंचायत भवन मनाया गया। जिसमें संस्था के सहयोगी साथियों को अपने क्षेत्र किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर आयुक्त सर्वेश कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने संस्था की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया।

रविवार को पंचायत भवन सभागार में संस्था के वार्षिकोत्सव पर अपने वार्षिक कार्य एवं गतिविधियों को संस्था के पदाधिकारियों ने साझा किया। चेंज मेकर ऑफ द ईयर का सम्मान नेहा शर्मा, वालंटियर ऑफ द ईयर का सम्मान मोनिका सागर और कोऑर्डिनेटर ऑफ द ईयर के सम्मान से अनमोल गुप्ता को सम्मानित किया गया।

वहीं बेस्ट ब्रांच ऑफ द ईयर अमरोहा के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पाठशाला के बच्चों और कम्प्यूटर सीखने वाली शिक्षिकाओं ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह, विशेष गुप्ता, डॉ. हरवंश दीक्षित सहित महानगर के अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार सहित संस्था के सभी शाखाओं के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# उपकरणों में फाल्ट से कई मुहल्लों की घंटों गुल रही बिजली

## पीरगैब, जिगर कॉलोनी, डिप्टी गंज, इंद्रा चौक समेत कई मुहल्लों के उपभोक्ता 5 से 6 घंटे तक रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जयंतीपुर मुहल्ले में बिजली चेकिंग करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिजली विभाग के नये उपकरण पुराने उपकरण के बराबर भी नहीं चल पा रहे है। आए दिन महानगर के कई मोहल्लों में फाल्ट होने के बाद घंटों बिजली गुल रहने की शिकायतें बढ़ रही हैं। एसडीओ व जेई की छुट्टी होने के बाद टीजी टू और लाइनमैन फोन तक नहीं उठाते। रविवार की सुबह 10 बजे तक इंद्रा चौक और पीरगैब मोहल्ले की बिजली आपूर्ति रात में हुए फाल्ट के बाद कई घंटे गुल रही। यही हाल जिगर कॉलोनी और डिप्टी गंज मोहल्ले का भी रहा है। सुबह दौलतबाग विद्युत केंद्र के बाहर ज्वाइंट पोल पर फाल्ट से कई घंटे आपूर्ति बाधित रही।

अधीक्षण अभियंता नगरीय विनोद कुमार गुप्ता के अनुसार महानगर में स्मार्ट सिटी के कार्य में अब तक 80 प्रतिशत कार्य हो चुका है। इसके बावजूद महानगरवासियों को फाल्ट की समस्या से निजात नहीं मिल रही। अब तक लगे नये उपकरण विफल साबित हो रहे हैं। मोहल्ला इंद्रा चौक और पीरगैब में जियारत वाली गली के पास लगे ट्रांसफार्मर की लीड में शनिवार की रात 1:00 बजे फाल्ट हो गया। जिसके बाद सुबह 8:00 बजे तक बिजली आपूर्ति गुल रही है। वहीं के रहने वाले मोअज्जम ने बताया कि सुबह लाइनमैन और जैई को फोन किया। सुबह 10:00 बजे बिजली कर्मचारियों के पहुंचने पर ट्रांसफार्मर की लीड बदली गई। दौलत बाग विद्युत केंद्र में सप्लाई केबिल ज्वाइंट पोल पर चिपकने के कारण डिप्टीगंज और जिगर कालोनी मोहल्लों की बिजली आपूर्ति सुबह 4:00 बजे ठप हो गई। जिसके बाद सुबह 10:00 बजे फॉल्ट सही हो सका। डिप्टी गंज और जिगर कॉलोनी के करीब 4000 उपभोक्ताओं की 6 घंटे बिजली आपूर्ति गुल रही।

### स्मार्ट सिटी कार्य के चलते बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

सोमवार को बैंक कॉलोनी, एमडीए कॉलोनी,अवंतिका काली का मंदिर और सीएल गुप्ता स्कूल की बिजली आपूर्ति स्मार्ट सिटी कार्य के चलते बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता द्वितीय नरेंद्र सिंह ने बताया कि बैंक कॉलोनी और एमडीए कॉलोनी में 11 केवी की भूमिगत केबल को चार्ज किया जाना है। जिससे बैंक कॉलोनी में सुबह 11 से 1 बजे तक और एमडीए कॉलोनी में सुबह 8 से 9 तक आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं अवंतिका कॉलोनी में सुबह 9 से 10 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।



"सुबह उठे तो बिजली गुल थी। कई बार जेई विकास को फोन किया लेकिन, उसने फोन नहीं उठाया। ऐसा अक्सर रविवार को जरूर होता है कि रात को फाल्ट होने के बाद बिजली कर्मचारी अगले दिन दोपहर तक फोन नहीं उठाते। रविवार को अवकाश होने के कारण विद्युत केंद्र पर एसडीओ व जेई नहीं होते।

– मोहम्मद अकरम, इंद्रा चौक



"अक्सर बिजली के तारों और ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो जाता है। जिसके बाद घंटों बिजली कर्मचारी फोन नहीं उठाते। विद्युत केंद्र जाकर बताने पर भी कई घंटे के बाद कर्मचारी फाल्ट सही करने आते है।

–मोहम्मद अनवर, पीरगैब

"ओवर लोडिंग के कारण तो किसी भी उपकरण में फाल्ट हो सकता है। उसमें नये और पुराने की कोई बात नहीं होती। इन मोहल्ले में क्षमता से अधिक उपकरणों पर लोड पड़ रहा है। जिससे उपकरणों में फाल्ट हो रहे जल्द ही इन मोहल्लों में चेकिंग कराकर व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा।

–विनोद कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता नगरीय

### मीटर टेंपर्ड कर बिजली चोरी करते दो पकड़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दस सराय विद्युत खंड के दो मोहल्लों में चेकिंग के दौरान दो मीटर टेंपर्ड कर बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। वहीं 16 लोग घरेलू बिजली का व्यावसायिक उपयोग करते मिले। जिन पर जुर्माना करने के साथ कमर्शियल कनेक्शन दिए गए हैं। रविवार को बिजली चोरी और ओवरलोडिंग को पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान की शुरुआत महानगर तृतीय वितरण खंड की गई। अधिशासी अभियंता तृतीय प्रेम प्रकाश ने खंड के तीनों एसडीओ, छह जेई व समस्त टीजी टू व लाइन मैन के साथ दस सराय विद्युत केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने दोनों मोहल्लों में 100 से अधिक घरों और दुकानों में चेकिंग की। जिसमें 16 दुकानों पर घरेलू कनेक्शन चलते मिले। संबंधित उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा जयंतीपुर मोहल्ले में चेकिंग के दौरान दो लोग मीटर टेंपर्ड कर बिजली चोरी करते पकड़े गए। इन मीटरों को बिजली विभाग की प्रयोगशाला में भेजा गया है।

# 2023 के अभ्यर्थियों को परीक्षा परिणाम में सुधार का मौका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 21 अक्टूबर तक विवि के गोपनीय विभाग में जमा करें प्रार्थना पत्र

**अमृत विचार :** जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा फल उत्तर पुस्तिका के कारण अपूर्ण है, उनके लिए निर्देश हुए हैं कि वह अपने संबंधित प्रकरण के निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र 21 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में जमा कर दें। अन्यथा की स्थिति में उनके प्रकरण पर विचार करना संभव नहीं होगा।

दरअसल, वार्षिक प्रणाली एवं सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) एवं परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) मुख्य परीक्षा एवं परीक्षा सुधार परीक्षा-2023 और बैक परीक्षा-2023 (सेमेस्टर प्रणाली) और प्रोफेशनल कोर्सेज (स्नातक एवं परास्नातक) परीक्षा-2023 में शामिल अभ्यर्थियों के संबंध में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की तरफ से निर्देश जारी हुए हैं। उनमें ऐसे अभ्यर्थी जिनका परीक्षाफल उत्तर पुस्तिका के कारण अपूर्ण रहा है, उनको मौका दिया गया है। इस मामले में महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के परीक्षा नियंत्रक ने अभी गुरुवार को ही निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि स्नातक वार्षिक प्रणाली एवं सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत स्नातक बीए, बीएससी, बीकॉम एवं परास्नातक में एमए, एमएससी और एमकॉम मुख्य परीक्षा 2023 का परीक्षा फल 19 फरवरी 2024 तक घोषित किया जा चुका है। इसी तरह परीक्षा सुधार परीक्षा और बैक परीक्षा सेमेस्टर प्रणाली और प्रोफेशनल कोर्सेज परीक्षा के परिणाम भी घोषित हो चुके हैं। इस मामले में हिंदू कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत रावत ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक के निर्देशों के संबंध में कॉलेज के सूचना बोर्ड पर नोटिस चस्पा कराई गई है और संबंधित छात्रों को भी सूचित किया गया है।

# सपा के विधायकों व पूर्व सांसद का सहयोग न मिलने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सपा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष को भेजी रिपोर्ट में कहा, सांसद के पति बीमार थे, इसलिए नहीं आईं

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में नामांकन करने तक में विफल हुई समाजवादी पार्टी के जिले के विधायक और पदाधिकारियों से पार्टी हाईकमान नाखुश है। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने गन्ना समिति के चुनाव में नामांकन न करा पाने पर विधायक और पदाधिकारियों की भूमिका पर जिलाध्यक्ष से रिपोर्ट मांगी है। जिला अध्यक्ष ने इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जिले के विधायक और कार्यकारिणी सदस्यों से नाराज हैं। जिले में सहकारी गन्ना विकास समिति के डायरेक्टर पद के लिए होने वाले नामांकन में सपा के किसी दावेदार का नामांकन करा पाने में जिले के पदाधिकारी और एमपी-एमएलए विफल रहे हैं। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सांसद, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी थी। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने ठाकुरद्वारा विधायक नवाब जान खां, मुरादाबाद देहात विधानसभा से विधायक नासिर कुरैशी, पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन और महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी समेत कई अन्य पदाधिकारियों के गायब होने की जानकारी पत्र भेज कर दी है। केवल कांठ विधायक कमाल अख्तर और नौगांवा से विधायक समरपाल सिंह समेत पदाधिकारी मौजूद रहे थे। जबकि सांसद रुचि वीरा के पति बीमार थे, जिसकी वजह से वह नहीं आईं।

# आर्म रेसलिंग एसोसिएशन का हुआ गठन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के गठन के बाद मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य।

- एसोसिएशन का खिलाड़ियों तक सुविधा पहुंचाने का है उद्देश्य

**अमृत विचार :** आर्म रेसलिंग के खेलों को मजबूती देने और खिलाड़ियों को एक मंच देने की दिशा में रविवार को आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश का गठन किया गया है। इसकी पहली बैठक भी महानगर में केसरबाग स्थित जनरल कोठी में हुई। इसमें प्रदेश के 30 से अधिक जिलों के प्रशिक्षक व वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित हुए। इसमें सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष पदों के पदाधिकारियों को चुनाव भी कर लिया है। एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ के मनोज वर्मा व महासचिव मुरादाबाद के शाहवेज अली को बनाया गया है। बरेली के अकमल खान को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश में आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के गठन की वजह नव नियुक्त महासचिव शाहवेज अली बताते हैं कि भारतीय आर्म रेसलिंग फेडरेशन ने प्रदेश में भी आर्म रेसलिंग के खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच तैयार करने की अनुमति दी थी। जिसके क्रम में ही आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि मंच के माध्यम से उनकी समस्याओं को भी उठाया जा सकेगा। साथ ही अब आर्म रेसलिंग के गेम एसोसिएशन के बैनर तले होंगे। इस अवसर पर प्रत्युष राज, आदित्य जैसवाल, मुकेश पाल, धीरेंद्र चौरसिया, शुमायला खान, उदित राज, विक्रम सक्सेना, आदित्य वाजपेयी, अभिषेक चौधरी, सुनील कुमार शुक्ला, मनोज तिवारी आदि उपस्थित रहे। वहीं बैठक में सदस्यों का लखनऊ के नीरज श्रीवास्तव ने स्वागत किया।

# जन आरोग्य मेले में 2675 रोगियों को मिला इलाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अर्बन पीएचसी मियां कॉलोनी व गुलाबबाड़ी के एक-एक डॉक्टर अवकाश पर मिले

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के तहत रविवार को अर्बन व ग्रामीण क्षेत्र की कुल 54 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रोगियों की जांच कर दवा दी गई।

सुबह 11 बजे के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने जूम मीटिंग कर स्वास्थ्य मेले का हाल जाना। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति जांची। इस दौरान दो अर्बन पीएचसी के एमबीबीएस डॉक्टर गैर हाजिर मिले। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मियां कॉलोनी के एमबीबीएस डॉ. राजवीर सिंह और गुलाबबाड़ी स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. नावेदुल रहमान हैं। डिप्टी सीमएओ डॉ. बेलवाल ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर में आयोजित हुए मेले में कुल 2675 रोगियों का स्वास्थ्य कर्मियों ने परीक्षण कर उन्हें दवाएं दीं। इस मेले में 387 बच्चों का भी इलाज किया गया है। उन्होंने बताया कि मेले में आए रोगियों में 1153 पुरुष और 1135 महिलाएं हैं। इनमें 53 रोगी बुखार के थे। सात रोगियों में डेंगू की भी जांच कराई गई है। जबकि 4 लोगों में हेपेटाइटिस-सी की जांच की गई है। 27 आंख रोगियों का परीक्षण किया गया है। 18 रोगियों में मलेरिया की जांच की गई है। इसी तरह लीवर के 46 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गई हैं। स्वास्थ्य मेले में 248 सांस के रोगी आए, जिनका उपचार किया गया है। इसी तरह 351 गैस के रोगी पाए गए हैं। खुजली, फोड़ा-फुंसी आदि जैसे त्वचा वाले 455, हाइपर टेंशन के 67 रोगियों का उपचार स्वास्थ्य मेले में किया गया है।

## प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए 15 से भरे जाएंगे फॉर्म

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं जिनकी प्रयोगात्मक परीक्षा छूटी हुई हैं, उनके लिए महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने निर्देश जारी किए हैं।

परीक्षा नियंत्रक की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि संचालित पाठ्यक्रम जैसे-बीटेक, एमटेक, बी. फार्मा, एम.फार्मा, एमएससी, एमसीए, एमबीए, एमएड, एमए, होटल मैनेजमेंट, एमएसडब्ल्यू एवं डिप्लोमा आदि के सेमेस्टर सत्र 2024-25 के संस्थागत, भूतपूर्व, बैक/परीक्षा सुधार एवं छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के फॉर्म 15 अक्टूबर से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। संबंधित छात्र निर्धारित परीक्षा शुल्क डेबिट या क्रेडिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

**राहत** पीतल नगरी के अंतर्देशीय कंटेनर डिपो से 90 दिनों में शिपमेंट में आई तेजी

# निर्यात के पीक सीजन में शिपमेंट में बढ़ोतरी से तसल्ली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अंतर्देशीय कंटेनर डिपो में रखे कंटेनर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीतल नगरी से होने वाले निर्यात के पीक सीजन में तसल्ली भरी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। साल में निर्यात के दृष्टिकोण से पीक माने जाने वाले 90 दिनों में पीतल नगरी के अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) से शिपमेंट ने 40 फीसदी का फर्राटा भरा है, जिससे निर्यातकों के साथ ही कॉनकॉर (कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) के प्रबंधन को भी राहत मिली है।

मुरादाबाद में कॉनकॉर के टर्मिनल मैनेजर हरीश यादव ने बताया कि जुलाई से सितंबर तक आईसीडी से 1200 कंटेनर्स में उत्पादों का शिपमेंट दर्ज किया गया है। सामान्यतः तीन महीनों में औसतन 8500 कंटेनर्स का शिपमेंट दर्ज होता है। प्रति माह औसतन 2500 से 3000 कंटेनर शिप होते हैं। 90 दिनों के पीक सीजन में शिपमेंट बढ़ने की जो उम्मीद की जा रही थी, वह पूरी हुई है। पीक सीजन के शुरुआती महीने जुलाई में शिपमेंट उम्मीद से थोड़ा कम रहा। लेकिन, इसमें अगस्त और सितंबर में आई तेजी से कुल मिलाकर शिपिंग में तसल्ली भरी बढ़ोतरी दर्ज हो गई। वहीं दूसरी ओर निर्यात के पीक सीजन में इस बार शिपमेंट बढ़ने की जगह घटने का अंदेशा निर्यातकों को था। क्योंकि रूस-यूक्रेन जंग समेत तमाम कारणों से अमेरिका व यूरोपीय देशों की तरफ से अपेक्षाकृत बिजनेस कम मिलने की समस्या निर्यातकों ने शिद्दत से जाहिर की थी। खरीदारों के रिपीट ऑर्डर भी घटने से निर्यातकों को शिपिंग के मामले में इस बार का पीक सीजन काफी ज्यादा कमजोर रहने का अंदेशा बढ़ गया था। लेकिन, अब निर्यातकों ने राहत की सांस ली है।

### मेले की तैयारी को रविवार में खुलीं निर्यात फर्म

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आगामी 16 अक्टूबर से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट पर ऑटम एक्सपोर्ट मेला शुरू होने जा रहा है। जिसकी तैयारियों में तेजी आ गई है। तैयारियों की वजह से रविवार को महानगर की अधिकांश निर्यात फर्म खुली रहीं। निर्यातक और इकाइयों में कार्यरत स्टाफ मेले में प्रदर्शित किए जाने वाले हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के सैंपलों को एक्सपो मार्ट भेजने के काम में व्यस्त रहे। कई निर्यात इकाइयों में हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के सैंपल लोडिंग की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद एक्सपो मार्ट के लिए रवाना किए। जबकि बाकी सभी प्रदर्शक निर्यातकों की ओर से उत्पादों के सैंपल सोमवार को एक्सपो मार्ट भेज दिए जाएंगे। हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की प्रशासनिक समिति के सदस्य अवधेश अग्रवाल ने बताया कि ऑटम मेले में हिस्सा लेने जा रहे सभी निर्यातक स्टाल तैयार होने के बाद सोमवार से ही उत्पादों के सैंपलों का डिस्प्ले करना शुरू कर देंगे।

# पाकबड़ा के निजी अस्पताल में चल रहा प्रेमी जोड़े का उपचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस से बचने के लिए प्रेमी जोड़े से पी लिया था कीटनाशक

**अमृत विचार :** पुलिस से बचने के लिए कीटनाशक पीकर अपनी जान देने का प्रयास करने वाले प्रेमी जोड़े को अब पाकबड़ा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। दोनों ने शनिवार को अमरूद के बाग में कीटनाशक पी लिया था।

जनपद रामपुर के थाना भोट क्षेत्र के एक गांव निवासी खेमपाल नाम के युवक का गांव की ही युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। कुछ समय पहले परिवार वालों ने खेमपाल की शादी कहीं ओर करा दी। जिसके बाद वह प्रेमिका के संपर्क बनाए रहा। 30 सितंबर को खेमपाल प्रेमिका को अपने साथ भगाकर ले गया। जिसके बाद परिवार वालों ने भोट थाने में खेमपाल और उसके परिवार वालों पर किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। इस बीच शनिवार को एक व्यक्ति के माध्यम से भोट थाना प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह को सूचना मिली कि खेमपाल लड़की को लेकर मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव नाजरपुर के एक अमरूद के बाग में बनी कोठरी में छिपा है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही पकड़े जाने के डर से प्रेमी युगल ने जहर खा लिया था। पुलिस और युवती के परिजनों ने जब दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया। बाद में दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो खेमपाल और किशोरी बेहोशी की हालत में पड़े थे। आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को भर्ती कर लिया। देर रात में ही प्रेमी जोड़े की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद दोनों को पाकबड़ा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



## एक नजर

### रामलीला की भूमि कब्जाने का आरोप, शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में रामलीला की जमीन को कब्जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई। साथ ही राजस्व विभाग से नापतोल कर कब्जाई गई भूमि को मुक्त कराने की मांग की। नगर के पूर्व सभासद राजेन्द्र पांडेय ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि नगर में रामलीला की जमीन जहां पर दशहरा का स्थान है, पर कुछ भूमाफिया कब्जा किए हुए हैं। उन्होंने भूमि की राजस्व विभाग द्वारा नापतोल कर कब्जाई भूमि कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है।

### बाइक सवार ने खड़ी गाड़ी में मारी टक्कर, चार घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र की कैंच की पुलिया के पास खड़ी गाड़ी में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल वा सवार चारों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार को स्विफ्ट डिजायर गाड़ी छजलैट से मुरादाबाद जा रही थी। चालक कैंच की पुलिया के पास गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर किसी से फोन पर बात कर रहा था। इतने में ही बादली टांडा मुरादाबाद की तरफ से आ रही बाइक ने खड़ी गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें गुड्डू, मुस्तकीम व दो अन्य घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भेज दिया है।

### हादसे में युवक घायल

**डिलारी, अमृत विचार :** काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव जलालपुर खालसा निवासी 25 वर्षीय सोमपाल गांव जटपुरा से दशहरे का मेला देखकर रविवार की रात बाइक से घर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें सोमपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कर दिया। जहां हालत बिगड़ते देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे निजी चिकित्सालय में भर्ती कर दिया। जहां घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### हिस्ट्रीशीटर को जेल भेजा

**डिलारी, अमृत विचार :** थाना डिलारी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर पंचायत ढकिया निवासी सरफराज रविवार की सुबह एक नाजायज चाकू हाथ में लेकर घूम रहा था। सूचना पर पुलिस में गांव चांदखेड़ी के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# पथ संचलन में गूंजा मां भारती का उद्घोष

## बिलारी व सहसपुर में निकला आरएसएस का पथ संचलन, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के ऐतिहासिक मंदिर पौडा खेड़ा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पद संचलन शुरू हुआ। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ वापस मंदिर में जाकर संपन्न हुआ।

रविवार को बड़ी संख्या में आरएसएस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूर्ण गणवेश में मंदिर में एकत्र हुए। पथ संचलन से पूर्व मंदिर में आरएसएस के ध्वज को प्रणाम किया गया। जिसके बाद मुख्य वक्ता विभाग कार्यकारिणी सदस्य दयालु शरण शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश में अनेक प्रकार से हमारी संस्कृति को बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास चल रहा है। विशेष कर युवाओं को अपनी संस्कृति के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। पंथ संचलन मंदिर पौडा खेड़ा से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ वापस मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान नगर में व्यापारियों और अन्य लोगों द्वारा पथ संचलन पर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान मां भारती और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा। इस दौरान राकेश कुमार, दिनेश कुमार, विशाल कवात्रा, नगर खंड प्रचारक अभिषेक कुमार, नगर कार्यवाह प्रांजल गुप्ता, सह नगर कार्यवाह जगपाल, पालिका अध्यक्ष रघुवर सिंह यादव, विकास गुप्ता एडवोकेट, रामनिवास शर्मा, राजीव शर्मा, केपी सिंह राणा, अभिषेक राठौर, निखिल पांडे ,अभिषेक पांडे, मनोहर सिंह, सुबोध कुमार, हरि दर्शन, सिद्धार्थ, ऋषभ कुमार, राहुल, विवेक मास्टर, अतुल कुमार, नगर प्रचार प्रमुख विवेक कुमार, विद्यार्थी विभाग से उत्कर्ष चौहान, अभिषेक यादव, गौरव आदि उपस्थित रहे।

उधर, क्षेत्र के सहसपुर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पंथ संचलन निकला। पथ संचलन नगर के गमा देवत मंदिर से शुरू हुआ जो प्रमुख मार्गों से होता हुआ वापस मंदिर पर जाकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर खंड प्रचारक अभिषेक, खंड संघचालक राकेश कुमार, सह खंड संचालक ओमप्रकाश, सह जिला सेवा प्रमुख अभिषेक, सुनील, अभिनव, सरवन, विनोद मिश्रा, सिद्धार्थ शेखर, नितिन सिरोही व रामवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।


बिलारी में पथ संचलन करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार


महमदपुर माफी में स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा करते लोग। ● अमृत विचार

### राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करता है आरएसएस

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत महमदपुर माफी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों द्वारा स्वागत किया गया। रविवार को पथ संचलन एमएस बैंक्वेट हाल से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पथ संचलन पुन: एमएस बैंक्वेट हाल पर संपन्न हुआ। जिला प्रचारक ठाकुरद्वारा दीपक ने बताया कि आज संघ को 99 साल पूर्ण हो चुके हैं। संघ लोगों में देश प्रेम की भावना उत्पन्न करता है। कार्यक्रम में जिला सह सम्पर्क प्रमुख आकाश शर्मा, खंड कार्यवाह रामपाल सिंह, खंड संचालक मुकुटपाल, खंड सह कार्यवाह अजय, खंड सेवा प्रमुख आकाश, मंगल सिंह सैनी, खंड विद्यार्थी प्रमुख रोहित, खंड व्यवस्था प्रमुख हरकिशन, खंड शारीरिक प्रमुख योगेश कुमार, खंड सह सेवा प्रमुख पंकज, जिला गोसेवा सह संयोजक योगेश, मडंल अध्यक्ष महमदपुर हरिओम सैनी, ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, योगेश सिंह, लव पुंडीर, राकेश कुमार, रवि शंकर, पप्पू, सुभाष, बिंदेश कुमार एडवोकेट, बबलू, श्रीओम आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पथ संचलन पर मुस्लिमों ने की पुष्प वर्षा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस पर रविवार को शरीफ नगर में सुरजन नगर खंड द्वारा स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। जिनका विभिन्न स्थानों पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

शरीफ नगर के कृषक इंटर कालेज में रविवार को क्षेत्र के स्वयंसेवक एकत्र हुए। जहां पर ध्वज शिष्टाचार के बाद वाद्य यंत्रों की धुन पर शंखनाद कर बस स्टैंड पर पहुंचे। बस स्टैंड से मुख्य मार्ग से प्रवेश कर शिवमंदिर, चांदनी चौक, पानूवाला रोड होकर वापस कृषक इंटर कालेज पहुंचे। वाद्य यंत्रों की धुन के साथ गणवेश धारी स्वयंसेवक कतारबद्ध कदमताल करते चल रहे थे। संघ के कार्यकर्ता भारत माता की जयकारे के साथ आगे बढ़ रहे थे। इस बीच जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

पथ संचलन का चांदनी चौक समेत अन्य स्थानों पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सहप्रांत संयोजक डॉ. आफताब आलम हाशमी, नईम खान राजा, मुकर्रम मलिक, वसीम खान, जाकिर अली, शरीफ सुलेमानी, सगीर कुरैशी आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल चौहान, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, कपिल चौहान, पंकज कुमार, जयपाल सिंह, दीपक कुमार, मुखलाल सिंह, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।


शरीफ नगर में पथ संचलन में शामिल आरएसएस के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# हकीमपुर गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए।

श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ का आयोजन 19 अक्टूबर तक ग्राम पंचायत हकीमपुर में चलेगा। रविवार को भीमगोड़ा हरिद्वार के प्रसिद्ध महंत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महंत जी ने श्रीमद् भागवत के माध्यम से भक्तों को भगवान की लीलाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति श्रद्धा से ईश्वर की प्रार्थना करता है उस व्यक्ति का जीवन सफल हो जाता है। अपने जीवन में कभी भी असत्यता का सहारा न लें सच्चाई पर चलकर हर दुखिया की सहायता करें तभी मनुष्य का जीवन सार्थक होगा। इस मौके पर

सतवीर सिंह, रामराज सिंह, आनंद प्रकाश सिंह, व्रतवीर सिंह, अनुज कुमार बिश्नोई, शुभम बिश्नोई, डीपी सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, ब्रजवीर सिंह, ओमवीर सिंह आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।


प्रवचन करते स्वामी राजेंद्रानंद।


गंगा में कलश विसर्जन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# कलश यात्रा निकालकर गंगा में किया विसर्जन

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** ग्राम कुतुबपुर अज्जू में श्रीमद् भागवत के नवें दिन कथा पूर्ण होने पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए जैतवाडा गंगा नदी पर पहुंची। जहां पर कलश विसर्जन किए गए।

इस दौरान कथा वाचक वदंना शास्त्री, पं. राजकुमार, सीताराम, अजीत कुमार, विरेन्द्र कुमार, ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, अमर पाल सिंह, राजकुमार पुंडीर, राजू सिंह, किरनपाल, पप्पू सिंह, टिंकू सिंह, बादल कुमार, आकाश, जितेंद्र, राहुल, सुनील, संजय, सुभाष, मनोज कुमार पुंडीर, विशनो देवी, पूजा देवी, राजकुमारी आदि शामिल रहीं।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए चक्कर लगा रहे बुजुर्ग

**कांठ, अमृत विचार :** सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए बुजुर्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के निरंतर चक्कर लगा रहे हैं।

सरकार द्वारा 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के स्वास्थ्य विभाग को आदेश जारी किए गए हैं। दो दिन से वृद्धों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य सुचारू रूप से चला। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव कुमार चौधरी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील पर वृद्ध आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं। चिकित्साधीक्षक ने बताया कि आयुष्मान पोर्टल की वेबसाइट दो दिन ही खुली थी। वेबसाइट शुरू होने पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएंगे।

# धूमधाम से निकाली भरत मिलाप शोभायात्रा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** रविवार को नगर में धूमधाम के साथ भरत मिलाप शोभायात्रा निकाली गई। जिसका नगरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। इसके उपरांत भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया।

नगर में हर्षोल्लास के साथ भरत मिलाप शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री रामलीला मंदिर से प्रारंभ होकर रविदास मंदिर, घनश्याम सिंह पहलवान तिराहा, न्यादर लाला का चौराहा होते हुए वैश्य धर्मशाला पर पहुंची जहां पर रावण वध करने के बाद अयोध्या वापस लौटने पर भगवान श्रीराम का भरत से मिलाप हुआ। इसके उपरांत शोभायात्रा धूमधाम के साथ इसी मार्ग से वापस आकर श्री रामलीला मंदिर पर पूर्ण हुई। शोभायात्रा में शामिल भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता माता के रथ का नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। इस दौरान पूरा माहौल राममय हो गया। शोभायात्रा के उपरांत श्रीरामलीला के मंच पर भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया, जहां नागरिकों ने बड़ी संख्या में उनका तिलक कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुँवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, प्रधानाचार्य मदन सिंह,धर्मपाल सिंह चौहान, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान, सचिन कुमार, निपेंद्र चौहान, हरपाल सिंह चौहान, शनि कश्यप, ब्रह्मपाल सिंह, मा. राजवीर विश्नोई, नीरज कुमार चौहान, प्रदीप कुमार चौहान, आकाश प्रभाकर,शिशुपाल चौहान, गौरव कुमार चौहान, दानवीर सिंह चौहान, मुकुल विश्नोई, नितिन विश्नोई आदि उपस्थित रहे।


शोभायात्रा में शामिल भगवान श्रीराम व लक्ष्मण व भरत के स्वरूप में कलाकार।

**कार्यक्रम** शरीफ नगर व सहसपुर में दशहरा मेले का आयोजन, महिलाओं व बच्चों ने मेले में की खरीदारी

# दशहरा मेला में धू धू कर जले रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** शरीफनगर में मां चामुंडा देवी मन्दिर के मैदान पर विजयादशमी मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया।

रविवार को दूर दराज से आए लोगों ने रामलीला मंचन देखा व मेले का आनंद उठाया। रामलीला मंचन में दिखाया कि लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, कुंभकरण वध के बाद रावण के सभी दैत्य युद्ध में लड़ते हुए मारे गये। इसके बाद भगवान श्रीराम ने विभीषण के बताने पर अग्नि बाण रावण की नाभि में मारा। जिससे रावण निश्चेत होकर युद्ध भूमि में गिर गया। इस तरह रावण का अंत हो गया। इसके बाद रावण के पुतले में आग लगा दी गई।

इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीर सिंह, मनोज कुमार, मोखी पधान, कपिल चौहान, संतराम सिंह, कृष्णपाल सिंह, स्वतंत्र पवार एडवोकेट, महेश सिंह, भीम सिंह, संजय सिंह, लोकमन, राजेन्द्र, अनिल कुमार, मोनू कुमार, ब्रजराज, तुलाराम, वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।


शरीफ नगर में दशहरा मेले का शुभारंभ करते ठाकुर अजय प्रताप सिंह।


राजमहल में लोगों का अभिवादन करतीं पूर्व मंत्री रानी रीना कुमारी व दिग्विजय सिंह।

### सहसपुर दशहरा पर रानी रीना कुमारी ने दी शुभकामनाएं

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के रुस्तम नगर सहसपुर में ऐतिहासिक दशहरा मेले में रावण का वध करने के बाद उसके पुतले को आग लगाई गई। साथ में कुंभकर्ण के पुतले का भी दहन किया गया। राजमहल में ऐतिहासिक दशहरा समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री रानी रीना कुमारी, उनके पुत्र दिग्विजय सिंह उर्फ बाबा राजा एवं पुत्रवधू माधवी सिंह ने सभी का स्वागत किया। राजमहल में समारोह के उपरांत सभी लोग मेला स्थल पर पुतला दहन कार्यक्रम में पहुंचे। जहां रामलीला के कलाकारों ने राम रावण युद्ध का प्रदर्शन किया। युद्ध में रावण के मारे जाने पर रावण और कुंभकर्ण के पुतलों को आग लगा दी गई। इस दौरान रीना कुमारी ने लोगों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। वहीं कार्यक्रम में एसपी सिटी रणविजय सिंह, साहू राजीव सहाय, एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, मेला प्रबंधक प्रदीप शर्मा, संजू गुप्ता,अमीरुल हसन जाफरी, राजेश अग्निहोत्री,अनमोल अग्निहोत्री, जयवीर सिंह, शकीरा मलिक, राम प्रकाश भटनागर आदि मौजूद रहे।

## 17 को निकलेगी महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

**कांठ, अमृत विचार :** नवयुवक वाल्मीकि कमेटी के तत्वाधान में श्री कमलेश्वर भगवान महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा 17 अक्टूबर को निकाली जाएगी। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रहीं हैं।

रविवार को नवयुवक वाल्मीकि कमेटी के अध्यक्ष अरविंद वाल्मीकि ने बताया कि नगर के माननगर स्थित वाल्मीकि मंदिर से मुख्य अतिथि समाजसेवी विमल माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी एवं अजयवीर सिंह चौहान उर्फ (पप्पू भैया) पूर्व चेयरमैन फीता काटकर शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ करेंगे। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर रात को मां भगवती का विशाल जागरण का शुभारंभ अजयवीर सिंह चौहान द्वारा जोत प्रज्वलित कर किया जाएगा। 17 अक्टूबर को प्रातः हवन और शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## सार संक्षेप

### गोआश्रय स्थल में बीमार गोवंशों का कराया उपचार

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोसेवा गतिविधि जिला संयोजक द्वारा वृहद गो आश्रय स्थल रायपुर खुर्द में बीमार गोवंशों का उपचार कराया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोसेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा के नेतृत्व में वृहद गो आश्रय स्थल रायपुर खुर्द में जाकर गो सेवा की। इस दौरान बीमार गोवांशों का उपचार कराया एवं गोवंशों के टेग लगवाएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि रायपुर खुर्द की गोशाला के आसपास काफी मात्रा में ग्राम समाज की जमीन पर प्रशासन के निर्देश पर ग्राम प्रधानों द्वारा हरा चारा उगाया गया था, जो समय पर न काटे जाने के कारण सूख गया है। इस गोशाला में मात्र दो कर्मचारी व एक चौकीदार हैं। लगभग 70 गोवंश सुरक्षित एवं संरक्षित है। पानी, चिकित्सा एवं कुट्टी काटने की मशीन आदि सब सुविधा उपलब्ध हैं। उसके बावजूद भी गोवंशों को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का निस्तारण के लिए तहसील स्तरीय गो संरक्षण की मीटिंग बुलाई जाएगी जिसमें इन समस्याओं का निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर विकास शर्मा के साथ डॉ. नेपाल सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

### विवाहिता से मारपीट मामले में आरोपियों पर रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने पहले मारपीट कर घर से निकाला। इसके बाद उसकी पुत्री को छीन कर ले गए। थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। न्यू सेक्टर मुरादाबाद पांच निवासी गुलनाज परवीन पुत्री रईस अहमद की शादी अशरफ पुत्र इजरायल निवासी संगम विहार न्यू दिल्ली के साथ हुई थी। विवाहित 4 महीने से मायके में रह रही है। विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे फोन कर बुलाया कि वह कांठ में उसे लेने आ रहे हैं। जैसे ही वह अपनी 8 वर्ष की पुत्री आयर परवीन को साथ लेकर कांठ पहुंची तो पति अशरफ, मुसर्रत, इजरायल व असलम आदि ने उसके साथ मारपीट की और उसकी पुत्री को जबरन छीन कर ले गए। विवाहिता ने पुलिस को मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### गाड़ियों पर लगे हूटर उड़ा रहे आदेश की धज्जियां

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में इन दिनों वाहनों में हूटर लगाना लोगों के लिए प्रतिष्ठा बन गया है। यही वजह है कि नगर में अधिकांश गाड़ियों पर हूटर लगा हुआ है। हूटर लगे वाहन रोजाना पुलिस के सामने से निकलते हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई करने की बजाय वाहनों में सवार छुटभैया नेताओं को ही सलाम ठोककर रही है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में लंबे समय से हूटर बजाते हुए लोगों के बीच से गुजरना इन दिनों स्टेटस सिंबल बन चुका है। निजी वाहनों पर इन दिनों धड़ल्ले से हूटर का प्रयोग हो रहा है, लेकिन पुलिस और परिवहन विभाग हूटर का प्रयोग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। शासन ने निजी वाहनों पर हूटर के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भी क्षेत्र के कुछ लोग परिवहन विभाग के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए धड़ल्ले से हूटर का प्रयोग कर रहे हैं। वहीं डिप्टी एएसपी अमरिंदर सिंह ने कहा कि वाहनों में हूटर लगाना गैर कानूनी है। कोई भी व्यक्ति अपने वाहन में हूटर का प्रयोग करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शीघ्र ही वाहनों की चेकिंग कराकर ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा।

### बड़ौदा वीरान के खेतों में तेंदुए का आतंक, किसान परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में धान की कटाई जोरों जारी है। मजदूर व किसान सुबह से शाम तक जंगल में ही रहते हैं। तेंदुए के डर से किसान भयभीत हैं। कई किसान तो डर के कारण अपने धान की फसल नहीं कटवा रहे हैं। माननगर के बाड़ीवाला जंगल में कई दिन से तेंदुए ने अपना आतंक मचा रखा है। जिसके कारण किसान बहुत ही परेशान हैं। डर के कारण कोई भी किशान अकेला जंगल को नहीं जा रहा है। रविवार को दिन में मोहल्ला पट्टीवाला निवासी ज्ञानदेव सिंह अपने खेतों पर गए थे। जब उन्होंने स्वयं के गन्ने के खेत के पास तेंदुआ बैठा देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने शोर मचा दिया तो जंगल को जा रहे किसान सचेत हो गए। सभी के शोर मचाने पर तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया। तेंदुए के डर से किसान खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं। उनका कहना है कि इस दौरान तेंदुए द्वारा हमला करने का डर बना रहता है। मोहल्ला पट्टी वाला ही निवासी अंकुल बिश्नोई ने वन विभाग के अधिकारियों को तेंदुआ के बारे में जानकारी दी और उसे पकड़ने की मांग की।


चौपाल में उपस्थित किसान। ● अमृत विचार

### भाकियू टिकैत की चौपाल में हुई समस्याओं पर चर्चा

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम बैरमपुर में आयोजित भाकियू टिकैत की साप्ताहिक चौपाल में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साप्ताहिक टिकैत ग्राम चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम बैरमपुर मे हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई और सरकार से इसे पूरा कराने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में 22 अक्टूबर को कांठ गन्ना समिति में पंचायत करने का निर्णय लिया गया। किसानों का कहना है कि गन्ना क्रय केंद्रों के प्लेटफार्म बड़े करने पर आरपार की लड़ाई होगी जिसे मिलों द्वारा लिखित में आश्वासन देकर भी पूरा नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त गन्ना मिलों के चलने से पहले गन्ना मूल्य 450 रुपये घोषित करने, सभी गन्ना मिले अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक शुरू व गलत बिजली के बिलों को ठीक करने आदि की मांग की गई। इस अवसर पर चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह, सियाराम विश्नोई, महेश ठाकुर, पीयूष चौधरी, रामकला गुर्जर, अंश ढिल्लो, अनुज कुमार, काले सिंह, दीपक सिंह, चंदकीशोर, यूसुफ अली, जितेंद्र सिंह, आनंद पाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, छिद्दू आदि उपस्थित रहे।

### कार्तिक बने भारतीय हिंदू परिषद संगठन के जिला अध्यक्ष

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के आशीष फार्म हाउस में भारतीय हिंदू परिषद गोरक्षा दल प्रकोष्ठ की बैठक हुई। जिसमें संगठन का विस्तार भी किया गया। रविवार को भारतीय हिंदू परिषद गोरक्षा दल प्रकोष्ठ की बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार गोवंश की रक्षा एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान दे रही हैं। जिले भर के ग्रामीण इलाकों में अनेक गोशालाएं हैं। उन्होंने कहा कि सभी गो प्रेमी इन गोशालाओं से जुड़े और गोवंश की सेवा करे। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए नगर निवासी कार्तिक पांडे को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जबकि राजकुमार कश्यप को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान भगवान चंद्र सक्सेना, राजू बंसल, सुबोध गुप्ता, सभासद आशीष शंकर, पांडे अभिषेक पांडे, भाजयुमो नगर अध्यक्ष निखिल पांडे, आदित्य भारद्वाज, केशव शर्मा, विनय चौधरी, अंकुश प्रजापति, अरुण राज, प्रिंस चौधरी, सचिन शर्मा, अंशुल गुप्ता, विभोर पांडे, गोपेश पांडे, सुनील गुप्ता, योगेश शर्मा, विशाल पांडे आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता महंत अखिलेश पांडे व संचालन राजकुमार कश्यप ने किया।


नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत करते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान।

### क्षत्रिय समाज ने किया झंडा पूजन

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर स्थित ऐतिहासिक झंडा चौक पर दशहरे पर क्षत्रिय समाज ने झंडे का पूजन किया। पं. विशोक शर्मा ने विधि विधान से पूजन कराया। मुख्य यजमान ठाकुर रामवीर सिंह रहे। इस दौरान अनूप फौजी, अरविंद सिंह ,भूपेंद्र सिंह, लखपत सिंह ठाकुर, अरुण ठाकुर, धीरेंद्र ठाकुर, मुनेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, नरेंद्र चंचल ,पुष्पेंद्र ठाकुर, जेपी सिंह, दुष्यंत चौहान, पंकज चौहान, सचिन चौहान, गौरव चौहान, दुर्गेश सिंह, भानु प्रताप सिंह, मुकुल ठाकुर, विजेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।


आरती करते क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार

## एक नजर

### दहेज के लिए महिला को घर से निकाला, 6 पर रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली के गांव मीरापुर मीरगंज निवासी कोमल सिंह ने अपनी बेटी प्रियंका की शादी साढ़े 3 वर्ष पूर्व मुरादाबाद के थाना भगतपुर के गांव कुकरझुंडी निवासी दिनेश सिंह से की थी। आरोपी है कि बेटी के ससुराल वालों ने दहेज में बुलेरो की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न करने पर वह प्रियंका से मारपीट करने लगे। दो दिन पूर्व जब वह घर पर अपनी बेटियों के साथ बैठी थी तभी ससुराली आ गए और मारपीट करते हुए हाथ-पैर रस्सी से बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। किसी तरह महिला अपनी जान बचाकर मायके पहुंच गई। इसके बाद पीड़िता ने पति दिनेश सिंह, ससुर धर्मवीर, सास केला देवी, जेठ दिपेन्द्र सिंह, देवर विवेक सिंह, जेठानी सुसमेश के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर से मोबाइल चुराने वाला आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव कनकपुर की गोटिया निवासी बब्लू रविवार को ग्रामीण के घर में घुस गया। आरोपी वहां रखा मोबाइल चुराने लगा। इस बीच गृहस्वामी और उसके भाई ने आरोपी को पकड़ लिया। गृहस्वामी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

# ट्रेन से कटकर मंदबुद्धि युवक की मौत

## बिलासपुर थाना क्षेत्र में कोटा जागीर के निकट रेलवे ट्रैक किनारे मिला शव

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** ट्रेन से कटकर मंदबुद्धि युवक की मौत हो गई।



फज्जू (फाइल फोटो)

पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

रविवार की सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने गांव कोटा जागीर के निकट रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इस बीच घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से शव शिनाख्त कराने का प्रयास किया। परंतु काफी कोशिशों के बावजूद सफलता नहीं मिल सकी। कुछ देर बाद सूचना पाकर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव की पहचान अपने पुत्र के रूप में की। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी 23 वर्षीय फज्जू पुत्र अफसर अली के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि फज्जू का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण रात में घर से भाग जाता था। इसकी वजह से परिजन उसे इधर-उधर ढूंढते रहते थे। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।



जिला अस्पताल में खड़े मृतक के शोकाकुल परिजन।

### काफी समय से चल रहा था इलाज

फज्जू का मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने कारण परिजन काफी परेशान रहते थे। उसका लगातार इलाज भी करा रहे थे। लेकिन किसी भी दवा का उस पर कोई असर नहीं पड़ रहा था। रविवार की सुबह करीब 10 बजे लोगों ने उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा। बेटे की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**टांडा, अमृत विचार :** शनिवार की रात टांडा-मुरादाबाद मार्ग पर बादली स्थित पेट्रोल पंप के सामने पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। जबकि पिकअप को कब्जे में ले लिया है। शनिवार की रात करीब 11 बजे बादली स्थित पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की आयु करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। वह नीली जींस और सफेद टी शर्ट पहने था। सीओ कीर्तिनिधि आनन्द ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों से जानकारी ली।

## प्रधान के पति पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**सैदनगर, अमृत विचार :** प्रधान के पति पर जानलेवा हमला करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है।

मामला थाना क्षेत्र के खिमोतिया बख्शी गांव का था। गांव की प्रधान ऊषावती का पति प्रेमपाल लोधी बुधवार रात करीब 9 बजे समर्थकों के साथ अपनी चौपाल पर बैठा था। इस दौरान पारस सिंह अपने साथी बुद्धसेन के साथ तमंचा लेकर आ गया। आरोपी ने प्रधान के पति को पकड़ लिया और तमंचा सटाकर गोली चला दी। मगर फायर नहीं हो सका। प्रेमपाल की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर लिया था। रविवार को उप निरीक्षक संतोष कुमार ने मिलकखानम रोड पर पीलाखार नदी के पास से पारस सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किया। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।



रजा लाइब्रेरी का निरीक्षण करके आते एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव।

## 15 को रामपुर आएंगी राज्यपाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 15 अक्टूबर को प्रदेश की राज्यपाल रामपुर आ रही हैं। इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार को एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने रजा लाइब्रेरी व पुलिस लाइन में बन रहे हेलीपेड और कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर और सिविल लाइन इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे

रजा लाइब्रेरी के 250 वर्ष पूर्ण होने पर 3 से 7 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसमें राज्यपाल को आना था, लेकिन किन्हीं कारणों के चलते वह नहीं आ सकी थीं। 7 अक्टूबर को राज्यपाल रजा लाइब्रेरी के कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ी थीं। उन्होंने शीघ्र ही रामपुर आने का आश्वासन दिया था। अब राज्यपाल आनंदी बेन पटेल 15 अक्टूबर को यहां आ सकती हैं। इसे लेकर अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में बन रहे हेलीपैड, रजा लाइब्रेरी, क्लेक्ट्रेट परिसर आदि की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहां तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने बताया कि राज्यपाल 15 अक्टूबर को रजा लाइब्रेरी आएंगी। उनका हेलीकॉप्टर पुलिस के हेलीपैड पर उतरेगा। वहां से कार द्वारा वह रजा लाइब्रेरी पहुंचेंगी।

# शादी का झांसा देकर छात्रा से किया दुष्कर्म

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर मेडिकल की छात्रा से दुष्कर्म किया। उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर साढ़े 6 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक व उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मेडिकल की छात्रा का कहना है कि वह उत्तराखंड के एक मेडिकल कालेज से बीयूएमएस की पढ़ाई कर रही थी। वर्ष 2020 में उसके साथ पढ़ने वाले मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर फतेहाबाद निवासी मोहम्मद इकराम ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। उसके अश्लील फोटो खींचकर वीडियो भी बना ली। इसके बाद आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए दुष्कर्म करता रहा। दो जून को भी आरोपी ने युवती को रामपुर स्थित एक होटल में बुलाया और अश्लील वीडियो डिलीट करने का वादा कर दुष्कर्म किया। इसी दौरान युवती को जानकारी मिली कि आरोपी व उसके पिता मुकर्रम हुसैन, मां छिदिया, बहन रहमत जहां, चचेरा भाई हैदर दहेज के लालच में आरोपी की शादी किसी और लड़की से कर रहे हैं। पीड़िता ने सारी बात अपने परिजनों को बताई। तब उसके परिजन आरोपी के घर गए और उसके परिजनों को समझाया। लेकिन, वह नहीं माने तथा गाली गलौज कर धमकाते हुए भगा दिया। इससे परेशान पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र को शिकायती पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक व उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से छेड़छाड़ में पति समेत 5 के खिलाफ रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** ससुरालियों ने मायके में रह रही महिला के साथ मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ भी की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति समेत 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी 2 वर्ष पूर्व गांव जहांगीरपुर निवासी नाजिम से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली उसका उत्पीड़न करने लगे। इससे तंग आकर वह मायके आ गई। आरोप है कि 6 सितंबर को पति व अन्य ससुराल वालों ने मायके में आकर गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ कर और कपड़े फाड़ दिए। महिला ने पति नाजिम, जेठ दानिश, ससुर रहमत अली, नंदोई गफ्फार अली, जाफर अली के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पुजारी और उसके परिवार के साथ की मारपीट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कहासुनी को लेकर एक पक्ष ने मंदिर के पुजारी और उसके परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की। पुजारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव मुल्लाखेड़ा का है। मझरे में एक धार्मिक स्थल है। शनिवार की रात धार्मिक स्थल में पुजारी चिरंजी भगत से किसी बात को लेकर कुछ लोगों का विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर मारपीट हो गई। पुजारी का आरोप है कि दूसरे पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने देर रात उसके घर धावा बोल दिया। उन्होंने उसे और उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। इसमें परिवार के 4 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पुजारी और उसके परिजनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# मछली पकड़ने गया ग्रामीण कोसी में डूबा, मौत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** मछली पकड़ने गए ग्रामीण की कोसी नदी में डूब कर मौत हो गई।



अब्दुल मुल्तलीब।

इससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बिना पोस्टमार्टम कराए ही ग्रामीण के शव को दफन कर दिया गया।

मसवासी चौकी क्षेत्र के घोसीपुरा पट्टीकलां निवासी 40 वर्षीय अब्दुल मुल्तलीब अपने साथी के साथ शनिवार की शाम करीमपुर गांव के पास कोसी नदी में मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ते समय उसका साथी शौच करने चला गया। इस बीच अब्दुल मुल्तलीब पैर फिसलने के कारण नदी में डूब गया। जब उनका साथी शौच करके आया तब अब्दुल मुल्तलीब को वहां न देख उसके होश उड़ गए। नदी किनारे फिसलन देख वह समझ गया कि पांव फिसलने के कारण अब्दुल मुल्तलीब नदी में डूब गया है। उसने किसी तरह नदी में डूबे अब्दुल मुल्तलीब को बाहर निकाला। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर रोते-बिलखते परिजन भी कोसी नदी पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को दफना दिया गया। उधर ग्रामीणों का कहना है कि अब्दुल मुल्तलीब अच्छे तैराक था। उन्हें दो बाहर हार्ट अटैक आ चुका था। शायद इस बार भी हार्ट अटैक आया हो, जिससे वह पानी में डूब गया। अब्दुल मुल्तलीब के परिवार में पत्नी और पांच बच्चे हैं, सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। अब्दुल मुल्तलीब खेती करके परिवार का पालन-पोषण करता था।

### सर्पदंश से युवक की मौत, मचा कोहराम



आनंद बाबू (फाइल फोटो)

**रामपुर, अमृत विचार :** सांप के काटने से युवक की मौत हो गई। परिजनों ने जिला अस्पताल के स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मिलक थाना क्षेत्र के क्योरार गांव निवासी नरोत्तम का 18 वर्षीय पुत्र आनंद बाबू मजदूरी करता था। परिजनों का कहना है कि रविवार तड़के 4 बजे सांप ने उनके बेटे को गर्दन के पास काट लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया। कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि जिला अस्पताल के स्टॉफ की लापरवाही के चलते उनके बेटे की जान चली गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## मुख्यमंत्री से लगाई घूस के पैसे वापस दिलाने की गुहार

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर निवासी महिला ने सैफनी पुलिस द्वारा उसके पुत्र को 3000 रुपये लेकर छोड़ने की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल की है। मांग है कि दरोगा द्वारा लिए गए घूस के पैसे वापस कराए जाएं।

नगर निवासी नूरजहां का आरोप है कि 3 दिन पूर्व पुलिस उसके पुत्र को घर से उठाकर थाने ले गई और हवालात में बंद कर दिया। परिजनों ने दरोगा से युवक को थाने लाने के बारे में जानकारी ली। लेकिन, दरोगा ने कोई जानकारी नहीं दी। आरोप है कि करीब 4 घंटे तक पुलिस ने युवक को हवालात में बंद रखा। बाद में युवक को छोड़ने के नाम पर दरोगा ने परिजनों से 5000 रुपये की मांग की। काफी मिन्नतों के बाद दरोगा 3000 रुपये लेकर युवक को छोड़ने पर राजी हो गया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से अपने रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# रामपुर में 5 वर्ष की बालिका से 70 साल के वृद्ध ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, आरोपी फरार
- पुलिस ने बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा, फोरेंसिक टीम भी पहुंची

**अमृत विचार :** नगर निवासी महिला ने अपनी 5 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप 70 वर्षीय वृद्ध पर लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला रविवार को कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उसने बताया कि वह एक वृद्ध के मकान में किराये पर रहती है। पति के साथ शनिवार को उसका किसी बात झगड़ा हो गया था। इसकी वजह से पति घर छोड़कर चला गया था। वह अपने पति को ढूंढने गई थी। इस दौरान वृद्ध ने उसकी 5 वर्षीय पुत्री को बुरी नीयत से दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। बच्ची से दुष्कर्म की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी वृद्ध के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी अब्दुल रहमान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बच्ची को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से जांच में लगी हुई है। उधर, फोरेंसिक विभाग ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए।

## गाड़ी में बैठी महिला से की छेड़खानी, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** जूस पीने गई महिला से कुछ युवकों ने छेड़खानी की। विरोध पर महिला के कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी भाग गए। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक के अनुसार 12 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे वह अपनी पत्नी को जूस पिलाने के लिए शाहबाद गेट पर ले गया था। उसकी पत्नी गाड़ी में बैठी थी। वह बिल देने गया था।

इस दौरान कुछ युवकों ने उससे अश्लीलता की। आरोपियों ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गए। जब वह आरोपियों को पकड़ने के लिए भागा तो वह भाग गए। आसपास के लोगों ने एक युवक का नाम जुनैद बताया। इसके बाद पीड़िता के पति ने पुलिस को तहरीर दी।

# मेडिकल कॉलेज बनवाने को करेंगे संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने रविवार को बाजारों में जाकर 16 अक्टूबर को होने जा रहे पैदल मार्च को लेकर लोगों से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में मेडिकल कालेज बनवाने के लिए संघर्ष करेंगे।

मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जिले में कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है। जिला चिकित्सालय में 100 बेड का मेडिकल कॉलेज बनना आवश्यक है। स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रति वर्ष हजारों गरीब बेहतर एवं समय से इलाज न मिलने के कारण तड़प कर मुरादाबाद, बरेली और मेरठ के रास्ते में ही जान दे देते हैं। जनपद की अर्थव्यवस्था सुधारने और रामपुर शहर का विकास करने के लिए मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय में होना जरूरी है। कहा कि यदि मेडिकल कॉलेज शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन की तैयारी की जाएगी। कहा कि वह अपना खून पसीना एक करके मेडिकल कॉलेज बनवा कर ही दम लेंगे। मेडिकल कॉलेज न होने से रामपुर के लोग बरेली, दिल्ली, ऋषिकेश आदि जगहों पर जाते हैं। इसमें उनका पैसा भी अधिक खर्च होता है। इस अवसर पर राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, रविंद्र सिंह टोनी, मनजीत सिंह, प्रवीण गुर्जर, जमीर अहमद, पप्पू खान, नाजिम खान, फहीम अहमद, अब्दुल वासिक, इमरान खान अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




दुकानदारों से संपर्क करने जाते राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी।

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी करेंगे पैदल मार्च

## एसएसबी के ट्रक के नीचे आई बाइक, रामपुर के युवक की मौत

संवाददाता, ललौरीखेड़ा /जहानाबाद

- बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा गांव के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा गांव के पास एसएसबी के ट्रक के नीचे दो बाइक सवार आ गए। इनमें से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जनपद रामपुर के थाना भोट क्षेत्र के ग्राम मिलक मिर्जा फैयाज निवासी गुलाम नबी (40) पुत्र नवी अहमद लकड़ी का काम करते थे। रविवार की सुबह वह अपने साथी गांव के ही नवाब हुसैन (28) पुत्र नूर मोहम्मद के साथ काम के सिलसिले में पीलीभीत आ रहे थे। बाइक नवाब हुसैन चला रहे थे। वह हेलमेट भी लगाए थे। बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा गांव के पास उनकी बाइक के आगे एसएसबी का ट्रक चल रहा था। एसएसबी मुख्यालय के पास पहुंचने पर चालक ने अचानक ट्रक मोड़ दिया। इससे बाइक सवार दोनों युवक ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर जहानाबाद पुलिस भी पहुंच गई। हादसे का पता लगने पर एसएसबी के कई जवान भी पहुंच गए। एसएसबी के जवानों ने अपनी एंबुलेंस से घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां नवाब हुसैन को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल को भर्ती कर इलाज कराया गया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सेहत के प्रति रहें सावधान, रविवार को 129 पहुंचा वायु गुणवत्ता सूचकांक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सेहत के प्रति सावधान रहें। क्योंकि रामपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 129 तक पहुंच गया है। वायुमंडल में 70 प्रतिशत से अधिक नाइट्रोजन की मात्रा हो रही है। वायु मंडल में सल्फर डाई आक्साइड का ग्राफ भी बढ़ गया है। वायुमंडल में 70 प्रतिशत तक नाइट्रोजन डाई आक्साइड घुलने से लोगों की आंखों में जलन हो रही है। इसके अलावा 52 प्रतिशत सल्फर डाई आक्साइड वायुमंडल में घुल गई है। इसके कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

प्रदूषण बढ़ने से हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 की मात्रा काफी बढ़ गई है। लंबे समय तक पीएम 2.5 के कणों के संपर्क में रहने से वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ गया है। जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. दशरथ सिंह ने बताया कि वायुमंडल का प्रदूषण फेफड़ों को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। वायुमंडल में नाइट्रोजन का 70 प्रतिशत तक बढ़ना आंखों में खुजली, त्वचा और गले में जलन के साथ खराब वायु गुणवत्ता सांस संबंधी गंभीर बीमारियों को दावत देता है। यह दिल संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। जिन लोगों के फेफड़े पहले से ही कमजोर हैं, उन्हें अधिक सावधान होने की आवश्यकता है।

### एक्यूआई की स्थिति

| एक्यूआई | स्थिति |
|---|---|
| 0-50 | अच्छा |
| 51-100 | संतोषजनक |
| 101-200 | मध्यम |
| 201-300 | खराब |
| 301-400 | बहुत खराब |
| 401-500 | गंभीर |

- वायुमंडल में 70 प्रतिशत से अधिक हुई नाइट्रोजन की मात्रा, सल्फर डाई आक्साइड का भी बढ़ रहा ग्राफ



आतिशबाजी होने से वायु की गुणवत्ता खराब हुई है। क्योंकि धुएं और धूल के कारण कण ऊपर नहीं जा पाते। यह फेफड़ों के मरीजों को नुकसान पहुंचाते हैं। वायुमंडल में गैसों का असंतुलन दम घोंटने लगता है। शुक्रवार तक एक्यूआई 79 था।

**- डॉ. बेबी तबस्सुम, पर्यावरणविद्**

# भारत को जानो प्रतियोगिता में रचित व हर्षित रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जूनियर और सीनियर वर्ग में 22 विद्यालयों ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचार :** भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में श्री हरि इंटर कॉलेज के छात्र रचित वर्मा व हर्षित सिंह प्रथम रहे। भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

भारत विकास परिषद की ओर से भारत को जानो शाखा स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श रामलीला मैदान स्थित श्री हरि सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। इसमें जूनियर व सिनियर वर्ग के 22 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। कॉलेज स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय आए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पदक देकर सम्मानित किया गया। मौखिक प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में श्री हरि इंटर कॉलेज के छात्र रचित वर्मा व हर्षित सिंह प्रथम रहे। महर्षि विद्या मंदिर की छात्रा कविता एवं विनायक शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। आनंद कॉन्वेंट स्कूल ने जूनियर वर्ग में नव्या शर्मा, प्राक्छा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूपीएस. ककरौआ की तुलसी एवं ज्योति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों को प्रोत्साहन के लिए क्षेत्रीय पर्यावरण सचिव जगन्नाथ चावला, मंडलीय वित्त सचिव माधव गुप्ता, जिला अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता, महिला संयोजिका श्वेता वर्मा, राशि अग्रवाल, अर्चना, विनोद और कार्यक्रम संयोजक रवीन्द्र पाल सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में उमेश रस्तोगी, अशोक कश्यप, विनोद कुमार, राजीव अग्रवाल आदि ने सहयोग दिया।

# पुलिस पर लगाया गोकशी कराने का आरोप

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** जंगल में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष एवं एक देवी के कटे हुए फोटो मिलने पर हिंदू संगठन के लोग रविवार को कोतवाली पहुंच गए। उनकी सीओ स्वार से जमकर नोकझोक हुई। हिन्दू संगठनों ने पुलिस पर मिलीभगत कर गोकशी कराने का आरोप लगाया। इसके बाद उन्होंने थाने में भजन कीर्तन किया। सीओ स्वार के 3 दिन में कार्रवाई करने के आश्वासन पर हिंदू संगठनों के लोग शांत हुए।

तहसील क्षेत्र के गांव धनौरी के किसानों को शनिवार को नदी पार स्थित खेतों में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष एवं देवी का फटा हुआ फोटो मिला था। इसकी सूचना पर हिंदू संगठनों के लोग मौके पर पहुंच गए थे। चार दिन पूर्व धनौरी के जंगल में गाय के पैर पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी के गिरफ्तार किया था। बाद में पुलिस ने खेतों में पड़े अवशेषों को गड्ढे में दबा दिया था। इसी मामले को लेकर रविवार को विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार संत संपर्क मेरठ प्रांत अनिल वशिष्ठ के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के दर्जनों लोग कोतवाली पहुंचे भजन कीर्तन शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिस पर मिली भगत से गोकशी कराने का आरोप लगाया। सीओ ने 3 दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर हिंदू संगठन के लोग शांत हुए। इस दौरान भाजपा के जिला मंत्री महेन्द्र सिंह सैनी, अर्जुन गुप्ता, राजेश शर्मा, राजीव वर्मा, सतेन्द्र कालिया, देवेन्द्र दिवाकर, मुकुट लाल समेत दुर्गा वाहिनी की महिलाएं भी मौजूद रहीं।



स्वार में रविवार को सीओ से नोकझोक करते हिंदू संगठन के लोग।

- हिन्दू संगठनों ने थाने में बैठकर किया भजन-कीर्तन
- सीओ के कार्रवाई के आश्वासन पर शांत हुए हिंदू संगठन

## एक नजर

### कांशीराम कालोनी में होगा पौधरोपण :फैसल

**रामपुर, अमृत विचार :** तालीम तरबियत वेलफेयर सोसायटी के प्रबंधक फैसल खां लाला के नेतृत्व में सोसायटी के सदस्यों ने कांशीराम कालोनी में रविवार को सफई अभियान चलाया। संगठन के प्रबंधक ने कहा कि कांशीराम कालोनी में पौधरोपण भी कराया जाएगा। तालीम तरबियत वेलफेयर सोसायटी ने 2 अक्टूबर को ऐलान किया था कि हफ्ते में एक बार कांशीराम व आसरा कालोनियों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें पार्कों की सफाई के साथ कालोनियों में पेड़ भी लगाए जाएंगे। प्रबंधक ने कहा कि इसके अतिरिक्त बच्चों को तालीम देने का काम भी किया जाएगा। जो बच्चे पैसे की कमी की वजह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर सोसायटी उनका स्कूल में प्रवेश कराएगी। अभियान के तहत पहाड़ी गेट स्थित कांशीराम कालोनी में पार्कों की सफाई की गई। इस मौके पर सभासद यासीन उर्फ गुड्डू, मोहम्मद जफर, सरफराज अली उर्फ गुड्डू, आयुष जौहरी, अमीन खान, समीना बी, नजम खां, फैज खां, अजीम खान,आमिर खां, महबूब जहां,नगमा बी, फातिमा बी, शबाना बी आदि मौजूद रहे।

# जिले भर में स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

## लोगों ने रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का किया उत्साहवर्धन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुभाष कुमार ने कहा कि हमारा संघ आज से शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसका सभी को गर्व होना चाहिए। शिक्षण प्रमुख ने कहा कि प्रत्येक गांव में संघ कार्यालय होना चाहिए। इससे पहले जिले में स्वयं सेवकों ने पथ संचलन किया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को नगर में पथ संचलन का आयोजन किया। पथ संचलन रोशन बाग पार्क से प्रारंभ हुआ। इसके बाद शाहबाद गेट से डायमंड रोड होते हुए वापस रोशन बाग पार्क में संपन्न हुआ। पथ संचलन में शामिल स्वयं सेवकों का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुभाष कुमार ने कहा कि हम सभी स्वयंसेवकों को शताब्दी वर्ष में अपने हिंदू समाज के लिए अधिक से अधिक कार्य करना होगा। प्रत्येक गांव में संघ कार्यालय होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख ललित ने किया। जिला संघ चालक केशव गुप्ता, नगर संघ चालक भीम सिंह चौहान, सह जिला कार्यवाह अरुण कुमार, जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रवि, अमित, हरिओम, नगर कार्यवाह सुचित कुमार, नमन अग्रवाल और नगर के कार्यकर्ता एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे।


स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा करते लोग।


स्वार में पथ संचलन निकालते स्वयंसेवक।

### निस्वार्थ भाव से भारत माता की सेवा करते हैं स्वयं सेवक : प्रेम बाबू

**स्वार, अमृत विचार :** विजयदशमी के उपलक्ष्य में स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाल कर भारत माता को परम वैभव पर ले जाने का संकल्प लिया। रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता पंजाबी कालोनी स्थित गीता मंदिर पर एकत्र हुए। इसके बाद स्वयं सेवकों ने मुख्य बाजार, गंगादास की पुलिया, मोहल्ला चक स्वार से गीता मंदिर तक पथ संचलन निकाला। इससे पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड सह संचालक प्रेम बाबू ने कहा कि संघ के स्वयं सेवक निस्वार्थ भाव से भारत माता की सेवा करते हैं। संघ की शाखाओं द्वारा स्वयं सेवकों तैयार किया जाता है। इसके बाद वह राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। जब जब देश को आवश्यकता पड़ती है तब देश के लिए स्वयं सेवक हमेशा तत्पर रहते हैं। विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। संघ 100वें वर्ष में प्रवेश करने वाला दुनिया का एक मात्र स्वयंसेवी संगठन बन गया है। इस अवसर पर खंड संघचालक लेखराज, शारीरिक प्रमुख राजीव, सह खंड कार्यवाहक महेन्द्र, सेवा प्रमुख दर्शनलाल, अशोक कर्रा, सतेन्द्र, पन्नालाल सैनी, महेन्द्र सैनी, गजेन्द्र, आदित्य, नरोत्तम आदि मौजूद रहे।


महिलाओं को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी।

# बाल विवाह के संबंध में किया महिलाओं को जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में महिला पुलिस कर्मियों ने कई स्थानों पर शिविर लगाकर महिलाओं और युवतियों को बाल विवाह के संबंध में जागरूक किया। उन्हें हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति के तहत अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें रविवार को सिपाही अमित कुमार, मुख्य आरक्षी पारुल, पारुल चौधरी, राखी देवी ने ग्राम चमरौआ थाना शहजादनगर, ग्राम सिमरिया थाना केमरी में जनजागरूकता अभियान चलाकर मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बच्चों में नशे की लत एवं बाल विवाह के संबंध में बैनर दिखाकर जागरूक किया गया।

# शाहबाद में ताल से ताल मिलाकर चले स्वयं सेवक


सरकथल में निकले पथ संचलन में शामिल स्वयं सेवक।

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** विजय दशमी के उपलक्ष्य में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने पथ संचलन निकाला। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन किया।

श्रीराम स्कूल परिसर में स्वयं सेवक एकत्र हुए। इसके बाद पथ संचलन शुरू किया। यह कस्बे की मुख्य सड़क व बाजार से होते हुए श्रीराम स्कूल में संपन्न हुआ। पथ संचलन में स्वयं सेवक कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पूर्ण गणवेश में स्वयं सेवकों को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोग खड़े रहे। इस बीच स्वयं सेवकों का पुष्प वर्षा के साथ लोगों ने स्वागत किया।

इस दौरान जिला कार्यवाह पुनीत सिवाल, नगर संघ चालक उमेश बाबू रस्तोगी, नगर कार्यवाह कपिल शर्मा, सह नगर कार्यवाह अमर कुमार, व्यवस्था प्रमुख बृजेश कुमार, बौद्धिक प्रमुख अंकुर, पंकज बरनवाल, भागीरथ, वेदप्रकाश गुप्ता, शिवम गुप्ता, सुरेश बाबू गुप्ता, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, अमित चन्द्रवंशी, चंद्रपाल, भूकन लाल, रामसुमरन पाराशरी, अमर सिंह, रोहित बरनवाल, प्रशांत, हिमांशु, आशु, चन्दन, शोभित गुप्ता, अर्जुन कुमार, यशवेंद्र, अनुभव शर्मा, प्रशांत, सतीश वाल्मीकि, छत्रपाल, अनुज उपाध्याय, आशुतोष पाठक आदि मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत और कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार भी सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे।

### पथ संचलन से दिया सामाजिक समरसता का संदेश

**टांडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने रविवार को पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाल कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इससे पूर्व मां भारती व भगवा ध्वज लगाकर शस्त्र पूजन हुआ। विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने ग्राम पीपली नायक और सरकथल में पथ संचलन किया। सुबह निर्धारित समय पर पूर्ण गणवेश में बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों ने पथ संचलन में भाग लिया। इससे पहले मां भारती व भगवा ध्वज लगाकर शस्त्र पूजन हुआ। पथ संचलन पीपली नायक से शुरू होकर ग्राम महमूदपुर, सरकथल से होते हुए जनता महाविद्यालय में संपन्न हुआ। यहां सहभोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जगह-जगह लोगों ने स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस दौरान संघ के खण्ड चालक इंद्रेश सिंह चौहान, खण्ड कारवां विशाल पाल, हिमांशु वर्मा, रोहताश, विनीत दिवाकर, योगेश कुमार सैनी, आशीष कुमार वर्मा, राजू सैनी आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक, मनाई खुशियां

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** कोसी मार्ग पर चल रही रामलीला में रविवार को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का मंचन किया गया। मंचन देख दर्शक अभिभूत हो गए। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और मां सीता की आरती उतारी गई। भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। दर्शक आधी रात तक रामलीला मंचन का आनंद लेते रहे।

कोसी मंदिर मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर मंचन का शुभारंभ पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना, अशोक कुमार अग्रवाल और राहुल गुप्ता ने किया। कमेटी की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और सीता माता के साथ अयोध्या के लिए रवाना हुए। जब श्रीराम के आने का पता अयोध्या वासियों को चला तो खुशियां छा गईं। अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया गया। भरत और शत्रुघ्न श्रीराम के स्वागत के लिए अयोध्या के बाहर पहुंच गए। भगवान श्रीराम से गले मिले। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों और अतिथियों ने श्रीराम का तिलक किया।

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, संदीप अग्रवाल सोनी, भारत भूषण गुप्ता, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, जुगेश अरोरा कुक्कू, अनिल वशिष्ठ, अरुण कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा सिविल लाइन में चल रहीं रामलीला में कलाकारों ने राम-जानकी का मिलन, श्रीराम का अवध आगमन, श्रीराम-भरत मिलन और राज्याभिषेक का मंचन किया गया।


बिलासपुर में रथ पर बैठकर आते भगवान श्रीराम और माता सीता।

### भरत-मिलाप की लीला का किया मंचन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला सोमवार की बाजार स्थित श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में कलाकारों ने भरत मिलाप और राज तिलक आदि लीलाओं का मंचन किया। कमेटी के अध्यक्ष रवि गोयल ने बताया कि भरत मिलाप मंचन में माटखेड़ा मार्ग स्थित भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय के पास दशहरा मेला स्थल से रथ में सवार होकर रामलीला मैदान तक बैंड बाजे के साथ पहुंचे। कमेटी के पदाधिकारियों ने आतिशबाजी छोड़ी। कमेटी के महामंत्री दुष्यंत अग्रवाल, धन्नूमल बंसल, चेयरमैन चित्रक मित्तल, सतीश बंसल, रोहताश कुमार, नितिन गर्ग आदि मौजूद रहे। मोहल्ला साहूकारा में कलाकारों ने राज तिलक आदि लीलाओं का मंचन किया गया। कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रामाधार अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# नाभि में अग्निबाण लगते ही धू-धू कर जला रावण का पुतला

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** रविवार को रामलीला में श्रीराम-रावण युद्ध की लीला का मंचन किया गया। श्रीराम और रावण की सेनाओं के बीच भीषण युद्ध का मंचन कलाकारों ने बड़े ही रोचक ढंग से किया। कभी श्रीराम तो कभी रावण की सेना भारी पड़ती नजर आई। अंत में भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में बाण मारकर उसका अंत कर दिया। रावण के पुतले पर अग्निबाण चलाते ही वह धू-धू कर जल उठा। रावण व मेघनाद के पुतलों का दहन होते ही लोग प्रभु राम के जयकारे लगाने लगे।

शाहबाद के रामलीला मैदान में रविवार को रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री सूर्य प्रकाश पाल रामलीला मैदान पहुंचे। दर्जा राज्यमंत्री और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर व पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगपाल सिंह यादव ने भगवान श्रीराम और श्री रामायण की आरती की। इसके बाद राम-रावण की सेना के बीच युद्ध हुआ। श्रीराम ने रावण की नाभि में तीर मार दिया और रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। मीना बाजार में महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।

इस मौके श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, केशव गुप्ता, महाप्रबंधक देवेंद्र अग्रवाल, महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, उपाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता, ब्रजमोहन शर्मा, मयंक अग्रवाल, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, मुन्ना लाल बरनवाल, मंजूलता शर्मा, नत्थूलाल बरनवाल, दुर्गाप्रसाद वाल्मीकि, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


फेडरेशन की बैठक के बाद मौजूद पदाधिकारी।

### पूरे प्रदेश में मजबूत हुई मुस्लिम फेडरेशन : अरशी

**रामपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के प्रदेश महासचिव अरशी खां ने कहा कि खान शुएब यूनुस के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मुस्लिम फेडरेशन पूरे प्रदेश में मजबूत हुई है। लोग लगातार फेडरेशन से जुड़ रहे हैं। आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक ग्राम मनकरा में जिला संगठन सचिव शहजान खां के आवास पर हुई। इसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। लोगों को मुस्लिम फेडरेशन से जोड़ा गया। जिला सदर मास्टर फिरोज खान ने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए तालीम बहुत जरूरी है। हमें अपने बच्चों की तालीम पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रदेश अध्यक्ष खान शुएब यूनुस ने कहा कि मुस्लिम फेडरेशन एक गैर सियासी और सामाजिक संगठन है। इस मौके पर शहजान खां, शुएब खां, शन्नू खां, मोहम्मद सलीम अल्वी, हनीफ मलिक, यामीन अली, नजाकत खां, अजीम खां, शानू अली, असलम खां, डाक्टर मुनीर अली, आरिफ खां, ताहिर अली, शाहिद अली, भूरा अली, अकरम खां, शप्पू खां, मुकर्रम खां, मुन्ने अली, सफदर भाई, इकराम खां, वहाब अली, सलामत अली, रियाज अहमद आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

### शिक्षा से ही खत्म होंगे अंधविश्वास व पाखंड : गिरजेंद्र

**रामपुर, अमृत विचार :** लक्ष्य शिक्षा एवं राहत फाउंडेशन के प्रदेश संगठन मंत्री गिरजेंद्र लोधी ने कहा कि समाज में फैले अंधविश्वास और पाखंड को शिक्षा प्राप्त करके ही त्यागा जा सकता है। फाउंडेशन की बैठक रविवार को अजीतपुर स्थित कार्यालय में हुई। कार्यक्रम की शुरूआत ब्रह्मानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई। जिला अध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने कहा कि जो समाज शिक्षा से वंचित रह जाता है वह कभी तरक्की नहीं कर सकता। शिक्षा ही विकास की जननी है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन पशु के सामान होता है। जिस समाज में अंधविश्वास व पाखंड फैला होता है, वह कभी तरक्की नहीं कर सकता। लोगों को गांव-गांव जाकर जागरूक किया जाएगा। घर-घर जाकर शिक्षा की अलख जगाई जाएगी। बैठक में महीपाल, पूरनलाल लोधी, आचार्य हरि सिंह लोधी, मोहित लोधी, महेंद्र राजपूत, देवसरन लोधी, बृजेश प्रधान, रनजीत सिंह प्रधान मौजूद रहे। अध्यक्षता भोकाल लाल लोधी ने की। बैठक में उपस्थित नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

### आर्य समाजियों ने दूसरे दिन भी निकाली प्रभात फेरी

**रामपुर, अमृत विचार :** आर्य समाज ज्वालानगर के तत्वावधान में 150वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 26वां वेद महोत्सव और 21 कुंडीय वैदिक महायज्ञ 15, 16 एवं 17 अक्टूबर को शाहबाद रोड स्थित गणेश धर्मशाला में होगा। इसके चलते रविवार को भी प्रभात फेरी निकाली गई। रविवार को दूसरे दिन भी आर्य समाज के पदाधिकारियों ने एग्रीकल्चर स्टोर एवं पवन गली से प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी श्री राम चौक, कृष्णा मंदिर चौराहा, कृष्णा विहार, बजरंग विहार, साईं विहार, माया देवी धर्मशाला रोड, हनुमान मूर्ति, न्यू कृष्णा विहार, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी की गलियों में घूमते हुए शाहबाद रोड पर कृष्णा मंदिर एवं श्री राम चौक होकर आर्य एग्रीकल्चर स्टोर पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी के निदेशक ओमवीर सिंह वैदिक तथा संयोजक हरिदत्त कर्मठ रहे। इस मौके पर राम किशोर सिंह आर्य, भारत सिंह आर्य, सत्यवीर सिंह आर्य, सत्य प्रकाश आर्य, गिरेंद्र सिंह आर्य, शोभित आर्य, अमन सिंह आर्य, मोहित आर्य, मोहनलाल आर्य, भजन लाल आर्य आदि शामिल रहे। महिला आर्य समाज की प्रधान चंद्रलेखा आर्य, ललिता देवी आर्य, धर्मवती आर्य, हीरेश आर्य, प्रेमवती आर्य, राजवीर आर्य, शिवालिका आर्य, पूर्वी आर्य आदि का सहयोग रहा।

### एसआर बादशाह क्लब ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

**टांडा, अमृत विचार :** मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एसआर बादशाह की टीम ने इंडियन क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। टूर्नामेंट के फाइनल में एसआर बादशाह की टीम ने इंडियन क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने उतरी इंडियन क्रिकेट क्लब की शुरूआत काफी खराब रही। पूरी टीम 16 ओवर की समाप्ति पर 89 रन बनाकर आउट हो गई। इंडियन क्रिकेट टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 18 रन सरफराज ने बनाए। एसआर बादशाह की तरफ से सब से अच्छी गेंदबाजी नवेद राजा ने की। उन्होंने दो ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इंडियन क्रिकेट टीम की तरफ से सबसे अच्छी गेंदबाजी हुजैफा ने करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट लिए। एसआर बादशाह क्लब की ओर से सब से अच्छी बल्लेबाजी शादाब कुरैशी ने की। उन्होंने 23 गेंदों में एक चौका और दो छक्कों की मदद से नाबाद 25 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच नवेद राजा और मैन ऑफ द सिरीज लालू रहे। कमेंट्री अब्दुल रज्जाक और जहीर जिया ने की। अंपायर नाजिम फरीदी और अल्कमा अमान रहे। इस अवसर पर सभासद के पति मास्टर सगीर, सभासद महमूद अली नायक, मोहित सैनी, मकसूद नन्ना, कारी नदीम आदि मौजूद रहे।


विजयी टीम को ट्रॉफी देते हाजी सरफराज आलम।


कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

# राम दरबार और माता दुर्गा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 3 में स्थित शिव मंदिर में राम दरबार, दुर्गा जी आदि देवी-देवताओं की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। वहीं महिलाओं ने नगर में कलश यात्रा निकाली। इसका श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रविवार की सुबह मंदिर में पुजारी ने विधि-विधान से श्री राम दरबार, दुर्गा जी, राधा-कृष्ण, हनुमान जी आदि देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की। इसके बाद महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर संतनगर कालोनी, एसडीएम कोर्ट कालोनी, पटेल चौक, केमरी मार्ग, तहसील भवन, आनंद नगर, नगरिया कलां होते हुए मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, सभासद प्रिया कुमारी, आनंद बंसल, बलदेव सिंह बग्गा, लोकेंद्र सिंह चौधरी, राजेंद्र, नरेश आदि मौजूद रहे।

**सम्मेलन** अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहें सफाईकर्मी : दीप

# सफाई कर्मियों को स्थायी न करने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही ने कहा कि सफाईकर्मी अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहें। क्योंकि स्थानीय निकायों में ठेका प्रथा होने के कारण सफाई कर्मचारियों का कम्पनियों द्वारा आर्थिक व सामाजिक शोषण किया जा रहा है। प्रदेश महासचिव ने सफाई कर्मचारियों को स्थायी न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के तत्वावधान में नगर पंचायत मसवासी में सफाई कर्मचारियों का सम्मेलन हुआ। प्रदेश महासचिव ने कहा कि स्थानीय निकायों से ठेका प्रथा समाप्त कर प्रदेश में जनसंख्या के आधार पर एक लाख सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए। संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाए। ठेका सफाई कर्मचारियों को समान वेतन दिया जाए अन्यथा प्रदेश में सफाई कर्मचारी आंदोलन करेंगे। सम्मेलन में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष बाबूलाल कौशल ने नगर पंचायत मसवासी शाखा का गठन किया। इसमें सरजीत वाल्मीकि को अध्यक्ष, मुकेश वाल्मीकि उपाध्यक्ष, राहुल कश्यप सचिव, नरेश दिवाकर उपसचिव, सोमपाल वाल्मीकि संगठन मंत्री, छिद्दन उपसंगठन मंत्री, दिनेश वाल्मीकि संरक्षक, अमरनाथ उपसंरक्षक बनाए गए।

सम्मेलन में करन वाल्मीकि, नितिन वाल्मीकि, अनिता वाल्मीकि, अशोक कश्यप, गौरव कुमार, राजीव, विजय, राकेश दुली, कपिल वाल्मीक, प्रेम, नरेश वाल्मीकि, रविराज वाल्मीकि, परवेश वाल्मीकि, रावत वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि, राजीव राज, सर्वेश चौधरी, जानू चौधरी, प्रदीप राजहंस, अनिल राज, अनुज वाल्मीकि, राहुल आदि मौजूद रहे।



सफाई मजदूर संघ के सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारी।

- सोमपाल वाल्मीकि को संगठन मंत्री और छिद्दन को बनाया उपसंगठन मंत्री


कार्यक्रम में एक-दूसरे को सिंदूर लगातीं महिलाएं।

# सिंदूर उत्सव के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बंगाली कल्चर एसोसिएशन के तत्वावधान में दुर्गा महोत्सव के आखिरी दिन सिंदूर उत्सव का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद माता की प्रतिमा का रामगंगा में विसर्जन किया गया।

बंगाली कल्चर एसोसिएशन की ओर से सिविल लाइन स्थित आदर्श धर्मशाला में 9 अक्टूबर से दुर्गा पूजा कार्यक्रम चल रहा था। रविवार को सिंदूर उत्सव का कार्यक्रम हुआ। इसमें महिलाओं ने एक-दूसरे के चेहरों पर सिंदूर लगाया। इसके बाद माता की पूजा-अर्चना की। दोपहर में माता की प्रतिमा को एक वाहन में रखकर झांकी निकाली गई। इसके बाद रामगंगा में प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

इस मौके पर सपना अधिकारी, रिंकू मुखर्जी, सुस्मिता दास, अंजना दास, सीमा विश्वास, शिखा दास, अल्पना दास मौजूद रहीं।

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार, धन-संपति का अहंकार, कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है, सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

## संपादकीय

# पीएम गति शक्ति पहल

देश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम गति शक्ति योजना के तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। इस बीच देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक रैंकिंग में सुधार, डिजिटलीकरण प्रयास और दक्षता में वृद्धि शामिल है। पीएम गति शक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी प्रमुख पहलों ने प्रतिस्पर्धात्मकता और व्यापार सुविधा को बढ़ाने में योगदान दिया है। 44 से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 36 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश इसमें शामिल हुए। यह एकीकरण भारत की 2070 तक नेट ज़ीरो प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के साथ मिलकर, पीएम गतिशक्ति ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और भारत के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, एंटरप्रेन्योरशिप और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 13 प्रतिशत है, जो कि विकसित देशों की तुलना में काफी अधिक है। उच्च लॉजिस्टिक लागत के कारण भारत के निर्यात प्रतिस्पर्द्धात्मकता बहुत कम हो जाती है। वास्तव में पीएम गतिशक्ति ने लॉजिस्टिक्स लागत को कम किया है और बेहतर सेवा वितरण को सक्षम किया है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। एक समग्र एवं एकीकृत परिवहन कनेक्टिविटी रणनीति ने 'मेक इन इंडिया' का समर्थन किया है और परिवहन के विभिन्न तरीकों को एकीकृत किया है, जो आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है। इससे कई लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यह पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और ज्यादा स्मार्ट तथा मजबूत कर रही है। साथ ही भारत में आर्थिक विकास को बढ़ावा और विकास के भविष्य को आकार दे रही है। इसके अलावा लंबे समय से चली आ रही समस्याओं जैसे- असंबद्ध योजना, मानकीकरण की कमी, मंजूरी संबंधी चुनौतियां दूर करने के साथ-साथ समय पर बुनियादी अवसंरचना की क्षमता के निर्माण एवं उपयोग में मदद मिली है। कुल मिलाकर पीएम गति शक्ति सही दिशा में उठाया गया एक कदम साबित हुआ है। हालांकि इसे उच्च सार्वजनिक व्यय से उत्पन्न संरचनात्मक और व्यापक आर्थिक स्थिरता संबंधी चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता है।

# मिलजुल कर काम करेंगे एआई युक्त रोबोट्स और मानव



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं।

हमारी पृथ्वी पर जीवन के लाखों प्रकार के रूप दिखाई पड़ते हैं। इन सभी रूपों को बनाने के लिए प्रोटीन्स का बहुत बड़ा महत्व है। ये हमारे जीवन के आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं। ये हमारे जीवन की ईंटें हैं। प्रोटीन्स हमारे शरीर के रासायनिक उपकरणों के रूप में अत्यंत अद्भुत क्षमता रखते हैं। वे उन सभी रासायनिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित और संचालित करते हैं, जो मिलकर जीवन का आधार बनाती हैं।

प्रोटीन्स हार्मोन, सिग्नल पदार्थ, एंटीबॉडीज और विभिन्न ऊतकों के निर्माण के खंडों के रूप में भी कार्य करते हैं। ये पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीवन के लिए आवश्यक हैं। ये पृथ्वी पर जीवन के अरबों वर्ष के विकास के परिणामस्वरूप विकसित हुए हैं। ये प्रोटीन्स करोड़ों प्रकार के पाए जाते हैं। कोई हमारी मांसपेशियां बनाता है, कोई सींग, बाल, पंख, हार्मोन्स, एंटीबॉडीज, एंजाइम्स, खून, विष, हड्डियां और शरीर के तमाम अन्य अंग। ये हमारी कोशिकाओं का साइटोप्लाज्म और उसकी कोशिका झिल्ली बनाते हैं। ये कोशिका झिल्ली पर बैठकर विभिन्न रिसेप्टर्स बनाते हैं। ये विभिन्न संचार चैनल्स बनाते हैं। इनके कामों का अंत ही नहीं है। हमारे जीन्स इनका नियंत्रण करते हैं। ये हमारी कोशिकाओं के राइबोसोम्स में बनते हैं। हमारे जीवन के लिए इतने महत्वपूर्ण घटक प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना हमें जीवन के बारे में बहुत कुछ बताता है। यह हमारे लिए अनेक प्रकार से बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत आवश्यक है।

इस बार का केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को प्रोटीन्स की संरचना की खोज के लिए दिया गया है। ये वैज्ञानिक हैं डेविड बेकर, ब्रिटन डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जंपर। इन वैज्ञानिकों की खोजों ने इन अद्भुत प्रोटीनों के निर्माण के बारे में बहुत कुछ बताया है। इसके अतिरिक्त इन खोजों ने 50 साल पुराने सपने को साकार किया है और वह सपना है- एमिनो एसिड्स के परस्पर जुड़ने के अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करना। इन दोनों खोजों ने व्यापक संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। सामान्यतः प्रोटीन्स 20 विभिन्न एमीनो एसिड्स से मिलकर बने होते हैं, जिन्हें जीवन के निर्माण खंडों के रूप में वर्णित किया जा सकता है। ये मोटे-मोटे 20 एमीनो एसिड्स विभिन्न संख्याओं और विभिन्न अनुक्रमों में जुड़कर करोड़ों प्रकार के प्रोटीन्स बनाते हैं।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे। मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं, जिन्हें औषधियों, टीकों, नैनोमटेरियल्स और छोटे सेंसरों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी खोज प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी से संबंधित है। प्रोटीन्स में एमीनो एसिड्स लंबी श्रृंखलाओं में जुड़े होते हैं, जो तीन आयामी संरचना बनाने के लिए मुड़ते हैं और यह संरचना प्रोटीन की कार्यक्षमता के लिए, उसके किसी विशेष कार्य के लिए, निर्णायक होती है।

1940 के दशक से शोधकर्ता एमीनो एसिड अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन यह अत्यधिक कठिन साबित हुआ। सन 1950 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय के जॉन केंडू और मैक्स पेरुट्ज ने एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी का प्रयोग करके प्रोटीन के थ्री आयामी मॉडल बनाने में सफलता प्राप्त की थी। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था, लेकिन एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी से प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना एक कठिन कार्य था। इससे अपेक्षाकृत बहुत कम संख्या में प्रोटीन्स के बारे में जाना जा सका था। अब से चार साल पहले एक आश्चर्यजनक सफलता मिली।

सन 2020 में डेमिस हसाबिस और जॉन जंपर ने गूगल की एक शाखा डीप माइंड में काम करते हुए एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई मॉडल) प्रस्तुत किया, जिसे अल्फा फोल्ड-2 कहा जाता है। इसकी मदद से वे उन लगभग 20 करोड़ प्रोटीनों की संरचना की भविष्यवाणी करने में सक्षम हुए हैं, जिन्हें शोधकर्ताओं ने पहचाना है। उनकी इस सफलता के बाद, अल्फा फोल्ड-2 का उपयोग 190 देशों के बीस लाख से अधिक लोगों द्वारा किया गया है।

प्रोटीन्स की संरचना जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि विभिन्न संरचना के प्रोटीन्स विभिन्न कार्य करते हैं। एमीनो एसिड्स की श्रृंखलाएं विशेष प्रकार से मुड़कर विशेष प्रकार के प्रोटीन्स का निर्माण करती हैं। किस प्रकार के एमीनो एसिड्स को किस प्रकार जोड़ने पर वह किस प्रकार मुड़ेंगे और कौन सी प्रोटीन बनाएंगे, यह जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन वैज्ञानिकों के कार्यों ने हमारे लिए वह रास्ता खोल दिया है।

अब अनेक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों में शोधकर्ता एंटीबायोटिक प्रतिरोध को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और ऐसे एंजाइमों की छवियां बना सकते हैं, जो प्लास्टिक को विघटित कर सकते हैं। वह अनेक प्रकार के एंजाइम्स और हार्मोन्स बना सकते हैं। वह जीवन के बिल्डिंग ब्लॉक्स बना सकते हैं। पृथ्वी पर जिस प्रकार का जीवन हम जानते हैं, वह जीवन प्रोटीनों के बिना संभव नहीं हो सकता। अब जब हम प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी कर सकते हैं और अपने स्वयं के प्रोटीन डिजाइन कर सकते हैं तो यह ज्ञान मानवता के लिए बहुत बड़ा लाभ प्रदान करता है। इन वैज्ञानिकों की ये खोजें वास्तव में क्रांतिकारी खोजें हैं। इस बार का मेडिसिन या फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार भी माइक्रो आरएनए की खोज के लिए दिया गया है। यह भी हमारे जींस के नियंत्रण के लिए एक बहुत आवश्यक चीज है। इस बार फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार भी कृत्रिम तंत्रिका जाल, कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग में विशेष खोजों के लिए दिया गया है।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे।

मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वह एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक अपनी इस जिज्ञासा, लगन और परिश्रम से पहुंचा है। हमें मानव के स्वयं और इस विश्व को समझने के प्रयासों और परिश्रम को नमन करना चाहिए।

## प्रसंगवश

# जीवन का सत्य

अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

बीते दिनों लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सहारा मुख्यालय के सामने से गुजरते समय सहाराश्री की याद आ गई। इस विशाल परिसर में कभी सहाराश्री सुब्रत राय अपने अधीनस्थों के साथ राजसी शान से रहा करते थे। इस परिसर में होने वाले आयोजनों में मुख्यमंत्री से लेकर बड़े-बड़े नौकरशाह तक उपस्थित होने में अपना गौरव समझते थे। आज यह परिसर वीरान और श्रीहीन पड़ा है।

सुब्रत राय ने अपनी पोंजी योजनाओं से गरीब जनता की अपार धनराशि एकत्र कर विशाल साम्राज्य खड़ा किया था। वक्त की ऐसी मार पड़ी कि गरीबों का पैसा न वापस करने पर सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें सालों जेल में रखा और अंत में असहाय अवस्था में बीमारी से वह दिवंगत हो गए और उनके अंतिम संस्कार में विदेश में रह रहे उनके बेटे भी सम्मिलित होने नहीं आए। कितने दुर्भाग्यशाली थे वे! कबीर ने सही कहा है-"निर्बल को न सताइए, जाकी मोटी हाय,/ मुई खाल की स्वांस से, सार भस्म हो जाए।" अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।

जीवन का सत्य यही है कि प्रत्येक व्यक्ति खाली हाथ ही अंतिम यात्रा पर प्रस्थान करता है। किसी के जाने पर लोग दुःखी होते हैं और किसी के जाने पर ...? सब देखते, जानते हुए भी हम अनैतिक कार्यों से धन संचय करने में लिप्त रहते हैं। स्वार्थ के वशीभूत होकर दूसरों का नुकसान करते हैं। परंतु क्यों? यही यक्ष प्रश्न है।

# शेयर बाजार और गांधी का सूत्र



डॉ. अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी।

सेबी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार छोटे निवेशकों के मध्य भारतीय शेयर बाजार की बढ़ती हुई लोकप्रियता ने जहां एक ओर देश के छोटे-छोटे कस्बे तक अपनी पहुंच बनाई है, वहीं दूसरी ओर कम समय में बड़ी धनराशि अर्जित करने के मोह के चलते 91.1 प्रतिशत छोटे निवेशकों को अपनी छोटी-छोटी पूंजी से भी हाथ धोना पड़ा। सेबी की रिपोर्ट बताती है कि देश में इस वर्ष मात्र नौ प्रतिशत से भी कम निवेशकों द्वारा ही शेयर मार्केट से लाभ अर्जित किया गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों के मध्य अपनी पूंजी गंवाने का यह आंकड़ा 89 प्रतिशत के लगभग था।

देश के लिए यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि जहां हम संसार की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं और विश्व के बड़े धन्नासेठों की सूची में भारतीयों के नाम तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, वहीं देश में छोटे निवेशकों का 91 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपनी पूंजी गंवाता जा रहा है। आर्थिक असमानता की यह बढ़ती हुई खाई निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है, ऐसे में शेयर बाजार में लागू नीतियों के संबंध में महात्मा गांधी द्वारा कहा गया वह सूक्त वाक्य अवश्य याद किया जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने देश के नीति-नियंताओं को किसी भी नीति के क्रियान्वयन से पूर्व इस कसौटी पर परखने की आवश्यकता बताई थी कि वह नीति देश के सबसे निचले तबके के व्यक्ति पर क्या प्रभाव डालने वाली है।

सेबी ने पिछले वर्ष ही शेयर बाजार को विभिन्न सूचकांकों में विद्यमान वायदा एक्सपायरी के लिए इतनी अधिक साप्ताहिक तिथियां तय कर दी थीं कि सप्ताह के प्रत्येक दिन किसी न किसी सूचकांक में वायदा कारोबार की एक्सपायरी होने लगी थी। इतना ही नहीं वायदा कारोबार में छोटे निवेशकों के प्रतिभाग को बढ़ाने के लिए निफ्टी, बैंक निफ्टी सहित अनेक सूचकांकों में वांछित न्यूनतम धनराशि को भी कम कर दिया था।

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी, परंतु इस नीति को लागू करने से पहले सेबी ने इसे गांधी की उस सूक्ति की कसौटी पर नहीं कसा, जिसमें नीति के क्रियान्वयन से पूर्व समाज के सबसे निचले तबके पर उसके प्रभाव का आकलन किया जाना चाहिए था। इसका परिणाम यह हुआ कि सेबी द्वारा शेयर बाजार की पहल पर लागू की गई इस नीति के चलते देश के तीन प्रतिशत अतिरिक्त छोटे निवेशकों को उनकी पूंजी गंवाने में सहयोगी की भूमिका का निर्वहन किया।

सेबी द्वारा हाल में ही नए निर्देश जारी करते हुए भारतीय वायदा कारोबार में निवेश की सीमा को तीन गुना तक बढ़ाने और प्रति एक्सचेंज एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी रखने के निर्देश जारी किए हैं। इस प्रकार अब से केवल निफ्टी सूचकांक में साप्ताहिक एक्सपायरी होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने 10 अक्टूबर को जारी अपने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी है कि आगामी 13, 18 और 19 नवंबर से बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के साप्ताहिक वायदा संविदाओं (डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स) को बंद कर दिया जाएगा।

ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर वित्त वर्ष 2023-24 तक 1.13 करोड़ छोटे निवेशकों ने इस वायदा कारोबार में ट्रेडिंग करते हुए पर 1.81 लाख करोड़ रुपये की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवा दिया है। अकेले वित्तीय वर्ष 23-24 में ही छोटे निवेशकों द्वारा अपनी गाढ़ी कमाई के 75 हजार करोड़ रुपये गंवाए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में शेयर बाजार के छोटे निवेश के प्रत्येक कारोबारी द्वारा औसतन एक लाख बीस हजार का वार्षिक नुकसान किया गया है। चूंकि शेयर बाजार का वायदा कारोबार "जीरो सम गेम" होता है अर्थात शेयर बाजार में विद्यमान कारोबारियों के मध्य हानि और लाभ का योग शून्य होता है, इसलिए छोटे निवेशकों को जितनी हानि होती है उतना ही लाभ बड़े निवेशकों को होता है। इसके चलते विगत वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों की जेब से निकला 75 हजार करोड़ रुपया बड़े निवेशकों की जेब में जा चुका है।

बहरहाल अब 20 नवंबर से सभी एक्सचेंजों में एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी होगी, परंतु इस निर्णय को लागू करने से पहले भी हमने इसे महात्मा गांधी द्वारा निर्देशित उस सूक्ति वाक्य की कसौटी पर कसने की औपचारिकता का निर्वहन नहीं किया है, इसलिए छोटे निवेशकों के हित में इसकी सफलता प्रश्नचिन्हित हो सकती है।

## सोशल फोरम

# सिर्फ कमियां देखने वाले

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ।



हफीज किदवई
लेखक

हर इंसान की जिंदगी के अच्छे और बुरे पक्ष को बता सकता हूं, जो लोग किसी की भी जिंदगी में बुरे पक्ष को ही उजागर करते हैं, वह तो पहले ही अपनी बुराई का पता दे देते हैं। बेचारे अपनी कमजोरियों से इतने लाचार हैं कि किसी के लिए दो अच्छे शब्द भी बोलने पर उनका वजूद बिखरने को होता है।

यह मक्खी सिफत लोग होते हैं, जो गंदगी ढूंढकर, उस पर अपने पर फैलाकर भुन-भुन करते हैं। इनके पास लोगों की जिंदगी में अच्छाई नजर नहीं आती। यह सिर्फ बुराई ही देख पाते हैं। जब जमाना किसी को अच्छा कहता है, तब यह बताते हैं कि फलानी रात में, फलानी जगह यह गलत पाए गए थे। अबे कभी तो किसी के लिए मुंह से दो-चार अच्छे शब्द भी बोल दिया करो। यह न करके तुम अपनी तरबियत का पता देते हो, जो यही है कि सिर्फ कमियों पर निगाह रखो। मेरे एक दोस्त हैं, जिन्हें दुनिया की कोई फिल्म अच्छी नहीं लगती। खासकर जिसकी सब तारीफ करें, उसकी बुराई में तो वह बरस भी निकाल सकते हैं। भाईसाहब को जब कोई फिल्म की कहानी, एक्टिंग सब भी ठीक लगे, तो डायरेक्टर की निजी जिंदगी की खामी निकालकर उसे बुरा कहेंगे। अब इनका क्या ही किया जाए, सिवाए इसके की इनकी इस गंदगी के साथ इन्हें बर्दाश्त करो।

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ। यह जो अलग दिखने की चाह है, यही उन्हें अक्सर इंसानी जात से भी अलग कर देती है। यह लोगों के चर्चा में आने का इंतजार करते हैं, वह चर्चा चाहे सफलता की हो या मौत की, मगर इन्हें इसी चर्चा में अपने हिस्से को उड़ेलना होता है। जबकि उसी पैमाने पर खुद की जिंदगी को रखकर देखे तो बचपन में पढ़े इस मुहावरे का अर्थ भी और सूरत भी दिख जाए-सूप तो सूप, चलनी बोले, जिसमें बहत्तर छेद।

-फेसबुक वॉल से

# कम होती सामाजिकता की गुंजाइश



अनूप शुक्ल
कानपुर

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते।

दो दिन पहले शहर में कहीं जाना था। शाम का समय। एक मांगलिक कार्यक्रम में। पहले सोचा अपनी गाड़ी से जाएं, लेकिन फिर शहर में गाड़ी खड़ी करने की समस्या और दीगर बातें सोचकर तय किया कि ओला से चले जाएं। गाड़ी बुक की। तीन बार। तीनों बार ड्राइवर बोला -'आपकी लोकेशन से दूर हैं। कुछ पैसे राइड के अलावा दें तो आएं।' हमने राइड कैंसल कर दी। ये ओला/उबर/रैपिडो वाली गाड़ियां बुक होती हैं तो गाड़ी वालों को पैसा वहीं से मिलता, जहां से सवारी उठाते हैं। सवारी तक पहुंचने की दूरी उनको अपने खर्चे पर तय करनी होती है। कई बार ऐसा भी होता है कि पांच किलोमीटर की दूरी के लिए पांच से ज्यादा किलोमीटर तय करना होता है। ड्राइवर मनाकर देता है या ज्यादा पैसे मांगता है। कंपनियों को इसका इलाज करना चाहिए कुछ।

बहरहाल राइड कैंसल करने के बाद तय किया अपनी गाड़ी से ही चलते हैं। निकल ही रहे थे कि फौन आया-"कहां आना है? किस जगह है घर आपका?" पता चला कि हमारे राइड कैंसल करने के बाद भी अगली गाड़ी बुक हो गई। पता नहीं कैसे? जबकि हमने बुकिंग से मना किया था। खैर हम इंतजार कर रहे थे। गाड़ी नक्शे पर आती दिखी। पास आ गई, लेकिन कहीं कोई कार दिखी नहीं। हमने फोन किया तो पास आ गए दुपहिया वाहन का ड्राइवर बोला -'आ गए। चलिए।' हमारे लिए ताज्जुब की बात थी। अपनी समझ में हमने कार की बुकिंग की थी। वो भी करके कैंसल कर दी थी। ये दुपहिया कहां से बुक हो गई? "हो जाती है जब आप कोई भी गाड़ी का विकल्प क्लिक करते हैं।"-हेलमेट लगाते हुए दुपहिया सवार बोला। हम बमुश्किल तमाम बैठे पीछे। सीट काफी ऊंची लगी। पैर घुमा के बैठने में लगा कि जांघ का जोड़ हिल गया। शायद इसीलिए महिलाएं एक तरफ ही पैर करके बैठती हैं दुपहिया गाड़ियों में। दुपहिया चालक बालक ही था। बताया कि दादानगर में एक कंपनी काम करता है। एकाउंटेंट का। बीकॉम किया है। शाम को कुछ देर गाड़ी भी चला लेता है।

अक्सर दादानगर से कल्याणपुर घर जाते हुए बीच की सवारी उठा लेता है। कभी घर से भी निकल जाता है गाड़ी लेकर। महीने में पांच-सात हजार कमाई हो जाती है इससे। उसको शेयर मार्केट में लगा देता है। पैसा कमाता है, पैसा बचाता है। एक कंपनी के शेयर के बारे में बताया। पंद्रह हजार में शेयर खरीदे थे। सत्रह हजार का फायदा हुआ। वो फायदा निकाल लिया हमने। फिर खरीद लिए दूसरे शेयर। अपने पैसे निकाल लिए। अब पड़े रहेंगे। कुछ न कुछ देंगे ही फायदा। शादी अभी नहीं हुई है। कह रहा था -"अभी कुछ कमाई कर लें। फिर शादी भी हो जाएगी।" बालक ने बताया -"काम की कमी नहीं है आज भी। लड़के करते नहीं। वो घर बैठे आराम का पैसा चाहते हैं। लगी-लगाई नौकरी चाहते हैं, जिसमें कोई मेहनत न करनी पड़े। बस पैसा मिलता रहे, चाहे कम मिले।" अपने भाई के बारे में भी बताया-"वो कुछ करता नहीं। बस टाइम बरबाद करता रहता है।"

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते। गंतव्य पर पहुंचने पर बिल आया 41 रुपए। सात किलोमीटर दूरी तय की थी 41 रुपए में। हमें याद आया कि कार के 150 से ऊपर दिखा रहा था। सौ रुपए बचे। नया अनुभव हुआ सो अलग।

बालक ने हमको छोड़ा उस समय रात के करीब साढ़े नौ बज रहे थे। उसके काम का समय सुबह ग्यारह से शाम चार बजे तक का है। मतलब लगभग दस बजे सुबह से रात दस तक काम में जुटा रहता है बालक। आज के समय शहरों में तमाम युवा ऐसी जिंदगी जी रहे हैं। दिन भर काम। मैं यह सोच रहा था कि जिंदगी की सबसे चमकदार उम्र में उनके मनोरंजन और आनंद के मौके एकदम सिमट गए हैं। सामाजिकता की गुंजाइश कम से कम होती जा रही है। युवाओं के ऐसी जिंदगी कितनी सुकूनदेह है?

# रावण दहन : सिर्फ एक परंपरा



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमने दशहरा यानी विजयादशमी का पर्व मना लिया। देश में रावण के करोड़ों पुतले जलाए गए, यह मानकर कि उस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था और यह तिथि उसी की वार्षिकी है। हालांकि यह पड़ताल कभी नहीं की कि उस दिन रावण वध हुआ भी था या नहीं। देखें कि लगभग पौने नौ लाख साल पहले घटी इस घटना की वास्तविक तिथि क्या है और इसका वार्षिक पर्व मनाना कितना जरूरी है। श्रीराम त्रेता के अंत में हुए और अब कलियुग के पांच हजार वर्ष बीत चुके हैं। बीच में द्वापर होता है, जिसका शास्त्रीय परिमाण आठ लाख चौसठ हजार वर्ष है।

इतनी पुरानी घटना की तिथि जानने के लिए हमें रामायणों और प्राचीन धर्म ग्रंथों का ही सहारा लेना पड़ेगा, वही प्रमाण हैं। हमारी गवेषणा में आश्विन शुक्ल दशमी को रावण वध कहीं नहीं हुआ। वाल्मीकि और तुलसीदास ने घटनाओं की तिथियां बारीकी से नहीं लिखीं, किंतु वर्णनों में साफ है कि इस तिथि तक तो सीता जी की खोज भी नहीं हुई थी। आश्विन यानी क्वार शरद ऋतु शुरू हो जाती है और श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण से कहते हैं "वर्षा विगत शरद ऋतु आई। सुधि न तात सीता कै पाई।" फिर, जैसा कि वाल्मीकि और तुलसी दोनों वर्णनों से साफ है कि लक्ष्मण सुग्रीव पर कोप करते हैं, सुग्रीव भयभीत हो देशभर में फैले वानरों को बुलवाते हैं, चारो ओर खोजी वानर दल जाता है, उसे एक महीने का समय दिया जाता है। दक्षिण दिशा में गया वानर दल, जिसमें हनुमान जी भी हैं, एक जगह यह बातें करता है कि "साथियों! निर्धारित एक मास की अवधि से ज्यादा तो हमें अब तक बीत चुका है और हम खाली हाथ हैं"। इस सब के चलते विजयादशमी को रावण वध का सवाल ही नहीं पैदा होता है। अलबत्ता उस दिन राम द्वारा विजय के लिए प्रस्थान के उल्लेख जरूर उपलब्ध हैं। देवी भागवत में नारद ने राम को शारदीय नवरात्र रखने की सलाह दी है, जो उन्होंने किए और नवमी तक व्रत करके दशमी को विजय मुहूर्त में लंका की ओर प्रयाण किया, क्योंकि जटायु यह तो बता ही चुके थे कि रावण ने सीताहरण किया है। ("समाप्य तद्वतं चक्रं प्रयाण दशमी दिने")। तुलसीकृत 'रामचरितमानस' से एक शताब्दी पूर्व बांग्ला में लिखी गई "कृत्तिवास रामायण" भी ऐसा ही कहती है, "दशमी ते पूजा करि विसर्जिया महेश्वरी संग्रामे चलिल रघुपति"। ऐसी दशा में इस तिथि को रावण वध मानना भ्रमोत्पादक है।

स्कंद पुराण में राम वन गमन से लेकर राजतिलक तक की तिथियां दी गई हैं। इसके अनुसार रावण वध चैत्र कृष्ण चतुर्दशी को और अंत्येष्टि अमावस्या को हुई। भगवान का हर अवतार दुष्टों का संहार करता रहा है। राम ने भी रावण के अलावा अन्य अनेक खल संहारे, जिनमें एक शंबूक भी है। श्रीकृष्ण ने कंस आदि कितनों का वध किया, लेकिन उनके पुतलों का वार्षिक दहन नहीं किया जाता और न माता दुर्गा के द्वारा मारे गए महिषासुर, शुंभ निशुंभ आदि के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है। यह बिंदु एक विमर्श की दरकार तो रखता ही है।

## एक नजर

### खड़े वाहन में घुसी बाइक युवक घायल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में ईयरफोन लगाकर जा रहे युवक की बाइक पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास खड़े वाहन में पीछे से घुस गई। जिससे युवक घायल हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला रायसत्ती निवासी मोहम्मद असकार रविवार को कानों में ईयरफोन लगाकर बाइक से संभल मुरादाबाद मार्ग से होते हुए मोहल्ला दीपा सराय में दावत खाने जा रहा था। वह बाइक लेकर जैसे ही पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास पहुंचा तो संभल मुरादाबाद मार्ग के किनारे खड़े वाहन में बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से घुस गई। हादसे में मोहम्मद असकार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बकरी के गेहूं खाने की शिकायत पर मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव सुनवारी निवासी अंकित ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पड़ोसी की बकरी कमरे में घुसकर पिसवाने के लिए रखे गेहूं खा रही थी। अंकित ने बकरी को घर से भगा दिया और पड़ोसी से बकरी को बांधकर रखने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात को लेकर अंकित व पड़ोसी के बीच कहासुनी हो गई। जिसके बाद अंकित अपने घर आ गया। थोड़ी देर बाद पड़ोसी अपने बेटे के साथ अंकित के घर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करते हुए अंकित को घायल कर दिया।

### उपचुनाव में 10 सीटें जीत रही भाजपा : अशफाक

**संभल/गुन्नौर, अमृत विचार :** अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने गुन्नौर में शाहिद सैफी के निवास भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। अशफाक सैफी ने कहा कि जिस तरह से हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है, इसी तरह से उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी 10 की 10 सीटें जीत रही है। इस दौरान जाहिद सैफी, साजिद सफदर, राशिद अली, वसीम सैफी, इश्तियाक सैफी, शकील अंसारी, आसिफ सैफी, इमरान सैफी, राजू सैफी, शाहिद सैफी आदि मौजूद रहे।

### आरएसएस ने संभल में निकाला पथ संचलन, स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंध

# स्वयंसेवकों से किया विश्व के लिए अजेय शक्ति के निर्माण का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल में पथ संचलन करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर में पथ संचलन निकाला गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बौद्धिक में स्वयंसेवकों से विश्व के लिए अजय शक्ति का निर्माण करने का आह्वान किया गया। पथ संचलन के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

नगर स्थित प्रेमशंकर वाटिका में गीत व अमृत वचन के बाद संभल विभाग के विभाग परिवार प्रबोधन महावीर ने हिंदू संस्कृति, हिंदू परंपराओं व भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए विजयादशमी का महत्व बताया। सामाजिक समरसता, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी, कुटुम्ब प्रबोधन पर समाज को जागरूक किया। हिंदू समाज को संगठित करने का आह्वान किया। कहा कि भगवान श्रीराम ने नौ दिन मां दुर्गा की उपासना की। तब दसवें दिन रावण का वध किया था। असत्य पर सत्य की विजय हुई थी। प्रेमशंकर वाटिका से पथ संचलन शुरू हुआ जो बरेली सराय, यशोदा चौराहा, चंदौसी चौराहा से घूमकर वापस यशोदा चौराहा से होते हुए वापस घंटाघर, चक्की का पाट, दुर्गा कॉलोनी में माधव पार्क पर संपन्न हुआ। इस दौरान विभाग प्रचारक शरद, विभाग कार्यवाह छत्रपाल, गगन, राजुल गुप्ता, टिंकू सागर, गोपी चंद्र, राहुल दीक्षित, मनोज गुप्ता, हितेश मिश्रा, सौरभ ठाकुर, अरविंद दक्ष, राजेश दक्ष, संजीव सैनी, नगर संघ चालक कौशल वार्ष्णेय आदि रहे।

### राष्ट्रभक्ति भाव जागरण से भारत को परम वैभव पर ले जाने का संकल्प

**बहजोई, अमृत विचार :** विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नगर के विभिन्न मार्गों से पथ संचलन निकाला गया। राष्ट्रभक्ति भाव जागरण से भारत को परमवैभव पर ले जाने का संकल्प लिया गया। नगर के नारायण टोला स्थित हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में स्वयंसेवक एकत्र हुए। जहां पर नगर प्रचारक अमन कुमार ने स्वयंसेवकों को देशप्रेम की तरफ प्रेरित करते हुए कहा कि जैसे जननी और जन्मभूमि का कोई विकल्प नहीं, उसी तरह हमारे देश का कोई विकल्प नहीं है। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक दीपक कुमार ने कहा कि यह दिन सभी स्वयंसेवकों के लिए संकल्प लेने का दिन है। आज के दिन सभी स्वयंसेवकों को भारत को एक हिंदू राष्ट्र के रूप में देखते हुए अपनी भारतीय संस्कृति के पुनेरुत्थान के लिए संस्कृति एवं संस्कारों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान सह जिला कार्यवाह सम्भव जैन, जिला प्रचारक दीपक कुमार, जिला सतीश चंद्र शर्मा, लव कुमार शर्मा, नगर प्रचारक अमन कुमार, मनोज कारसेवक, कार्तिकेय, नकुल प्रताप सिंह, अवनेश, अश्वनी कुमार, चंद्रसेन राणा आदि मौजूद रहे।

### संघ निरंतर राष्ट्र की सेवा के लिए अग्रसर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर में विजयदशमी उत्सव व संघ के स्थापना दिवस पर पथ संचलन निकाला गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रवीण व नगर संघचालक विष्णु शंकर मौजूद रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष मदन पाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विषय में कहा कि एक स्वयंसेवी संगठन है, जो निरंतर राष्ट्र की सेवा में लगा हुआ है। संघ अपने अनुशासन के लिए जाना जाता है। हम सभी को संघ से सीखना चाहिए। जिला प्रचारक प्रवीण ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयदशमी के दिन हुई थी। आज संघ 99 वर्ष पूर्ण कर शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। हनुमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज से आरंभ हुआ पथ संचलन छोटे लाल कॉलोनी, सीता रोड, गणेश मंदिर, बिसौली गेट होते हुए पुन: इंटर कॉलेज में जाकर संपन्न हुआ।

### मूर्ति विसर्जन के लिए गए युवक की डूबकर मौत

**उझानी, अमृत विचार :** मूर्ति विसर्जन के लिए, श्रद्धालुओं के साथ आया टैंपो चालक गंगा में डूब गया। गोताखोरों ने गंगा में उसकी तलाश की। लगभग एक घंटे के बाद युवक को बाहर निकाला जा सका लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिला फिरोजाबाद क्षेत्र के गांव मनीकी मड़ाया टूंडला निवासी श्रद्धालु कछला स्थित भागीरथी घाट पर रविवार तड़के मूर्ति विसर्जन के लिए टेंपो से आए थे। सुबह लगभग सात बजे सभी श्रद्धालु मूर्ति विसर्जित कर रहे थे। इसी दौरान टेंपो चालक मदन सिंह (25) पुत्र महेंद्र सिंह का गंगा में पैर फिसल गया। वह गंगा की तेज धार में बहने लगे। युवक के साथ आए श्रद्धालुओं ने शोर मचाया। घाट पर मौजूद गोताखोर युवक को बचाने के लिए गंगा में कूद गए। तकरीबन एक घंटे के बाद युवक को बाहर निकाला गया।

# मठ से टकराई कार, युवक की मौत

### जनपद बदायूं के इस्लामनगर के गांव जाफरपुर में हुआ हादसा, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शादी समारोह से लौट रहे युवकों की कार थाना इस्लानगर के गांव जाफरपुर में देवी के मठ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। मृतक व घायल युवक बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर के निवासी है।



अंकित की फाइल फोटो।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी अंकित कश्यप 22 वर्ष पुत्र किशोर कुमार अपने दोस्त की शादी में जनपद बदायूं के उघैती गया था। उसके साथ उसके तीन दोस्त संजय पुत्र चंद्रपाल, दिनेश पुत्र पोपी चंद्र, जितेंद्र पुत्र सुनील कुमार निवासी अशोक नगर साथ गए थे। शादी समारोह में शामिल होकर चारों साथी कार से वापस लौट रहे थे। जब कार सवार शनिवार की रात दो बजे जनपद इस्लामनगर-चन्दौसी मार्ग पर गांव जाफरपुर पर पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में कार सड़क किनारे देवी मठ से कार टकरा गई। हादसे में अंकित , संजय, दिनेश व जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस घायलों को सीएचसी लेकर पहुंची। जहां चिकित्सक ने अंकित कश्यप को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य तीनों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलने पर अंकित के परिजनों में कोहराम मच गया।



विलाप करते मृतक अंकित के परिजन। ● अमृत विचार

दंपति की इकलौती संतान था अंकित : बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी अंकित कश्यप पुत्र किशोर कुमार अपने माता पिता की इकलौती संतान था। अंकित के पिता किशोर कुमार व मां पूनम का बुरा हाल है।

# मृत्यु भोज समेत कई कुरीतियों पर अंकुश लगाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा



अधिवेशन में बोलते गौरव टिकैत।

- राष्ट्रीय जाट अधिवेशन में क्षेत्र के जाटों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार :** असमोली विकास खंड क्षेत्र में मानव विकास सुरक्षा संघ की ओर से आयोजित राष्ट्रीय जाट अधिवेशन में जाट समाज में चल रही कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, मृत्यु भोज आदि पर अंकुश लगाने पर चर्चा हुई। अधिवेशन में सैकड़ों जाट समुदाय के लोग शामिल हुए।

क्षेत्र के गांव भवालपुर बासली में स्थित किसान उपकारक इंटर कॉलेज में रविवार को मानव विकास सुरक्षा संघ की ओर से राष्ट्रीय जाट अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में अखिल भारतीय जाट महासभा संघ के महासचिव युद्धवीर सिंह ने पूर्वजों के बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के लोग पहले से ही महान कार्य करते आए हैं।

आज जाटों की स्थिति खराब होती जा रही है। पूर्वजों की तरह शिक्षा लेकर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। नौगांवा सादात विधानसभा विधायक चौधरी समरपाल सिंह ने कहा कि दहेज प्रथा बंद कर स्वच्छ जाट समाज की स्थापना करनी चाहिए।

भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत ने कहा कि जाट बिरादरी में मृत्यु भोज का बहुत ही प्रचलन है। हमें इस प्रथा को बंद करना चाहिए। इसके अलावा द्वेष भावना, ईर्ष्या, नशा आदि कुरीतियों पर अंकुश लगाने पर भी अधिवेशन में चर्चा की गई। इस दौरान सैंपल सिंह, हरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, राम अवतार पलसानिया, प्रताप चौधरी, आंचल सिंह, अंजू चौधरी, शूरवीर सिंह, लोकेंद्र कुमार, मनु चौधरी आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### सड़क किनारे खड़े ठेले से टकराई बाइक, दो घायल

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी बिलारी मार्ग पर रामलीला देखकर घर लौट रहे साले बहनोई की बाइक ठेले से टकरा गई। हादसे में साले बहनोई घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर निवासी रमेश शनिवार की देर रात असमोली थाना क्षेत्र के गांव परियावली निवासी बहनोई संजय के साथ गांव हजरतनगर गढ़ी से रामलीला देखकर बाइक से घर आ रहा था। रमेश बाइक लेकर जैसे ही बिलारी मार्ग पर नगर पंचायत सिरसी व हजरतनगर गढ़ी के बीच पहुंचा तो बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ठेले से टकरा गई। जिससे रमेश व संजय सड़क पर गिरकर घायल हो गए। रमेश व संजय को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### छेड़छाड़ में दूसरे समुदाय का युवक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में गांव गेहट बिस्तोई तिराहे के पास से किशोरी के साथ छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के आरोप में रविवार को दूसरे समुदाय के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी शाने आलम ने शनिवार को पशुओं के लिए हरा चारा काट रही दूसरे गांव निवासी एक समुदाय की एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ की थी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने किशोरी के साथ छोड़छाड़ व पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को शाने आलम थाना क्षेत्र के गांव गेहट बिस्तोई तिराहे के पास खड़ा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शाने आलम को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया।

### पुलिस ने पाक्सो एक्ट में युवक को किया गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ व पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने टांडा कोठी बिजलीघर के पास से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने गांव के ही रवि पर 15 वर्षीय भतीजी के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। ग्रामीण के तहरीर के आधार पर पुलिस ने रवि के खिलाफ छेड़छाड़ व पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को टांडा कोठी बिजलीघर के पास रवि के खड़े होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में युवती ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही सलमान के साथ पिछले तीन वर्ष प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम प्रसंग के चलते सलमान ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। युवती जब भी शादी की बात कहती, सलमान टालमटोल कर देता। रविवार को युवती ने शादी का दबाव बनाया तो सलमान ने शादी करने से मना कर दिया। जिसके बाद युवती थाने पहुंची और सलमान के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### महिला को खेत में ले गए युवक, दुष्कर्म का प्रयास

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति की महिला ने तहरीर देकर बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। 12 अक्टूबर की शाम लगभग साढ़े पांच बजे वह खेत पर गई थी। खेत के पास में रहने वाला जीतू उर्फ जितेंद्र, इशू उर्फ अमन पुत्र संतोष, जीतू के मामा और एक अन्य युवक वहां पहुंचे और महिला को पकड़कर खेत में ले गए। विषाख्त पदार्थ पिलाने और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला चिल्लाई तो आरोपियों ने महिला के कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग पहुंचे और महिला को उनके चुंगल से छुड़ाया।

### सेंट्रल जेल से फरार कैदी पर 25 हजार का इनाम घोषित

**बरेली, अमृत विचार :** सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से फरार कैदी हरपाल का चार दिन बाद भी जेल की चार टीमें, पुलिस और एसओजी पता नहीं ला सकी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने हरपाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फतेहगंज पूर्वी के खनी नवादा गांव निवासी हरपाल हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसे जिला जेल से जुलाई 2023 में सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। वह गुरुवार को जेल के कृषि फार्म में ट्रैक्टर से जुताई करते समय फरार हो गया था। उसकी तलाश के लिए जेल की चार टीमें, पुलिस और एसओजी लगाई गई है लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है। अब हरपाल पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस जांच में आया कि जिस दिन हरपाल फरार हुआ था, उस दिन उसकी पत्नी और बेटी उससे मिलने जेल में आने वाली थी। देर होने की वजह से वह नकटिया में अपने मायके में रुक गई थी। पुलिस ने पत्नी और परिवार के कई लोगों के नंबर सर्विलांस पर लगाए लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# किशोरी के अपहरण की सूचना से पुलिस में मचा हड़कंप

कार्यालय संवादादाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** कोतवाली के बाहर से किशोरी का अपहरण की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। कोतवाली के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में किशोरी स्वयं अकेली जाती दिखाई दी। वह स्वयं ही घर पहुंच गई। बाद में पुलिस ने किशोरी को घर से बुलाकर मां के सुपुर्द कर दिया। किशोरी की मां मोहल्ले के ही युवक पर पुत्री का अपहरण करने की धमकी देने की तहरीर देने आई थी। बाद में जानकारी करने पर मामला दोनों पक्षों में मारपीट का निकला।

सीकरी गेट निवासी महिला अपनी नाबालिग पुत्री व एक अधिवक्ता के साथ रविवार की दोपहर 12.30 बजे कोतवाली पहुंची। जहां महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि मोहल्ले का एक युवक उसकी पुत्री का अपहरण करने की धमकी दे रहा है। कोतवाली में कुछ देर रुकने के बाद महिला तहरीर की फोटोस्टेट कराने कोतवाली के बाहर जाने लगी। महिला के पीछे-पीछे उसकी पुत्री भी चल दी। महिला जैसे ही कोतवाली लौटी, तो पुत्री नजर नहीं आई। इस पर महिला ने पुत्री के अपहरण करने की बात कहते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। जब कोतवाली में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई, तो किशोरी अकेले ही कोतवाली से बाहर जाती दिखाई दी। इससे किशोरी के अपहरण की बात गलत निकली।

> महिला द्वारा किशोरी के अपहरण का आरोप गलत है। जिस युवक पर महिला आरोप लगा रही है। उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है।
>
> -रेनू सिंह
> प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

# महिला की मौत पर चेता स्वास्थ्य विभाग

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा के गांव सारंगपुर की महिला की डेंगू से मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग चेत गया। रविवार को शिविर लगाकर 500 ग्रामीणों का इलाज किया। कार्यकारी सीएमओ ने भी मौके पर पहुंचकर बुखार पीड़ितों की जांच कराकर दवा वितरित कराई।

गांव सारंगपुर निवासी सुनीता की बुखार के चलते शनिवार को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। कहा गया कि सुनीता की मौत डेंगू की वजह से हुई।

वहीं गांव के तमाम लोग एक महीने से बुखार की चपेट में हैं। महिला की मौत के बाद रविवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव सारंगपुर में शिविर लगाया गया। कार्यकारी सीएमओ डॉ.कुलदीप कुमार आदिम, नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी भी गांव पहुंचे। टीम में शामिल डॉ.चंद्रशेखर और एलटी अरविंद ने करीब 500 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित करते हुए इलाज किया। कार्यवाहक सीएमओ ने बुखार पीड़ितों की जांच कराई। जिसमें 60 रोगियों की मलेरिया जांच की गई तो सभी निगेटिव पाए गए। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करने की सलाह दी। कहा कि मच्छरों का पनपने न दिया जाए और घरों के आसपास सफाई रखें।



शिविर में ग्रामीणों से जानकारी लेते कार्यकारी सीएमओ डॉ .कुलदीप कुमार आदिम।

- शिविर लगाकर 500 ग्रामीणों का किया इलाज
- 60 रोगियों की मलेरिया जांच की गई तो सभी निगेटिव पाए गए

### मेले में सबसे ज्यादा 459 चर्म रोग के मरीज पहुंचे

**संभल , अमृत विचार :** संभल जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3502 मरीजों का निशुल्क उपचार हुआ। सबसे ज्यादा चर्म रोग के 459 मरीज पहुंचे। डॉक्टरों ने इलाज शुरू करते हुए मरीजों को सलाह भी दी। स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 36 चिकित्सकों और 107 पैरा मेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1350 पुरुषों, 1226 महिलाओं और 926 बच्चों का नि :शुल्क उपचार किया। बुखार के 262, चर्म रोग के 459, दमा के 293, मधुमेह के 39, नेत्र रोग के 31 मरीज आए। 82 रोगियों की मलेरिया और 34 रोगियों की डेंगू जांच की गई तो सभी निगेटिव मिले। मेले में आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 158 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए।

**परेशानी** | फसल के सूखने पर कोल्हुओं पर ही डाला जा रहा गन्ना, नहीं मिल रहा भरपूर दाम

# लाल सड़न के कारण औने-पौने दाम पर गन्ना बेच रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में तमाम उपाय के बावजूद गन्ने की फसल को लाल सड़न रोग ने चपेट में ले लिया। किसानों ने गन्ने के पौधों को काटकर खेतों से बाहर करने के साथ ही दवाओं का भी इस्तेमाल किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अब फसल सूखने लगी तो किसान औने पौने दाम पर कोल्हुओं पर ही गन्ना बेचने के लिए मजबूर हैं।

असमोली में स्थित डीएसएम चीनी मिल में गन्ना पेराई अभी शुरू नहीं हो पाई है। गांव असमोली व ऐंचौड़ा कम्बोह समेत कई गांवों में कोल्हुओं पर गन्ना पेराई का काम शुरू हो गया है। जहां किसान गन्ना लेकर पहुंच रहे हैं लेकिन फसल का निचला हिस्सा सूखा हुआ दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि गन्ने में लाल सड़न का रोग लग गया है।



असमोली क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली से कोल्हू पर गन्ना ले जाता किसान। ● अमृत विचार

- असमोली के चीनी मिल में गन्ना पेराई अभी शुरू नहीं हो पाई है
- गन्ने के प्रभावित पौधे भी खेतों से निकाल दिए फिर भी फसल सुरक्षित नहीं बची

कृषि वैज्ञानिकों के कहने पर कई दवाओं का इस्तेमाल किया और गन्ने के प्रभावित पौधे भी खेतों से निकाल दिए फिर भी फसल सुरक्षित नहीं बच सकी। अब फसल सूखने लगी है जबकि लहटे की फसल के लिए खेत खाली भी करने हैं। ऐसे में किसान गन्ने की फसल को कोल्हुओं पर बेच रहे हैं।

यहां दाम भी प्रति क्विंटल 250 रुपये मिल रहा है तो बेहद कम है लेकिन किसान मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि इतने दाम से लागत भी पूरी नहीं निकल रही है। गन्ने को कोल्हुओं तक लाने में टिपलर का किराया भी बहुत है। बहरहाल, लाल सड़न रोग की वजह से गन्ने की फसल को नुकसान हुआ है और किसानों में मायूसी का माहौल बना है।

> गन्ना की फसल में लाल सड़न रोग लग गया तो फसल सूखने लगी। मजबूरी में गन्ना कोल्हू पर डालना पड़ रहा है। इस बार रोग की वजह से कम फसल निकली है। अगर कुछ और दिन फसल खेत में रही तो पूरी तरह सूख जाएगी। नुकसान और न हो इसलिए गन्ना बेच रहे हैं।
>
> -रामफूल, मतावली पट्टी परशुराम



> गन्ना की फसल खेत में सूख रही है। इसलिए गन्ना फसल को कोल्हू पर ला रहे हैं। यहां पौधा गन्ना 250 रुपये और पैड़ी गन्ना 260 रुपये प्रति कुंतल पर खरीदा जा रहा है। इस बार फसल की लागत भी नहीं निकली है। गन्ना की खेती करके नुकसान हुआ है।
>
> -राजू, बेला मिलक



# किसानों ने की समस्याओं के समाधान की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक के बैनर तले विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएचसी गुन्नौर पर किसानों का धरना 12वें दिन भी जारी रहा।

धरने पर बैठे किसानों ने समस्याओं को लेकर नारेबाजी की। कहा कि छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित किया जाए और ग्राम समाज, चरागाह एवं खलियान नवीन प्रति आदि श्रेणी की जमीनों को खाली कराकर गोवंश के संरक्षण हेतु उपयोग में लाई जाए। बिजली समस्याओं को तुरंत निपटाने की मांग उठाई। कहा कि जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, इन्हें सुधारा जाए। गुन्नौर, गवां, हरि बाबा बांध, बबराला, धनारी, खजरा, जुनावई, अहरौला नवाजी की सीएचसी तथा पीएचसी पर मूलभूत सुविधाएं और डॉक्टरों की तैनाती की मांग उठाई। राष्ट्रीय प्रमुख सचिव ऋषिपाल सिंह यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का पर्दाफाश करने के लिए 20 अक्टूबर को थू थू दिवस मनाया जाएगा। थू थू यात्रा धरना स्थल से शुरू होकर नेहरू चौराहा, कोतवाली से होकर वापस आएगी।

इस दौरान सूरजपाल सिंह, मोहन सिंह, सतीश चंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, जाकिर हुसैन, रामकुमार, नौबत सिंह, लालाराम, मुकेश चंद्र, सीपी सिंह, मास्टर सोहन पाल सिंह आदि रहे। अध्यक्षता नेमचंद भगतजी ने तथा संचालन महाराज सिंह ने किया।



गुन्नौर सीएचसी पर धरने के दौरान नारेबाजी करते किसान। ● अमृत विचार

- सीएचसी गुन्नौर पर 12वें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

## एक नजर

### आज सात घंटे बंद रहेगी बिजली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की ओर से सोमवार को पॉवर हाउस उपकेंद्र पर कार्य किया जाएगा। जिससे सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत लाइन प्रणाली के तहत सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। सोमवार की पॉवर हाउस विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र में नए तार व पोल लगाने का कार्य किया जाएगा। जिससे सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### कोतवाली प्रभारी रेनू सिंह का किया स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साक्षी सेवा समिति ने कोतवाली चन्दौसी में प्रथम महिला प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। प्रभारी निरीक्षक ने समिति की महिलाओं को विश्वास दिलाया कि वह कानून का पालन करते हुए पीड़ित को हर संभव न्याय दिलाने का प्रयास करेंगी। समस्या के निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, उर्मिला शर्मा, सुधा शर्मा आदि रही।

### शाह आलम मंसूरी का किया स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार की बैठक बड़ा बाजार स्थित सुपर मार्केट में हुई। जिसमें शाह आलम मंसूरी को ऑल इंडिया पसमांदा समाज का पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत किया गया व एक दूसरे को मिठाई खिलाई। जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि शाह आलम मंसूरी ने अपनी मेहनत से व्यापार मंडल में भी काफी कार्य किए हैं। अब पसमांदा समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर उमेर शम्सी, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, विक्रांत, आदि मौजूद रहे।

### परिचय सम्मेलन के लिए 31 तक जमा करें आवेदन

**संभल, अमृत विचार :** संभल तहसील क्षेत्र के गांव इनायतपुर निवासी विशोक त्यागी के आवास पर रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। संरक्षक विजेंद्र ने कहा कि 22 दिसंबर को सोना पैलेस राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद में विवाह योग्य त्यागी, ब्राह्मण व त्यागी समाज के युवक व युवतियों का परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भाग लेने के लिए युवक, युवतियां, विधवा और तलाकशुदा भी अपना आवेदन भरकर 31 अक्टूबर तक जमा कर दें।

# सिंदूर खेला के साथ दुर्गा प्रतिमा विसर्जित

## प्रथम नवरात्र को श्री अर्द्धनारीश्वर राधा कृष्ण मंदिर में स्थापित की गई थी प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मोहल्ला मोती स्थित श्री अर्द्धनारीश्वर राधा कृष्ण मंदिर में प्रथम नवरात्र को मां दुर्गा प्रतिमा को स्थापित किया गया था। रविवार को हवन-पूजन के बाद ढोल-नगाड़ों पर प्रतिमा का नगर में भ्रमण करा राजघाट गंगा घाट पर विसर्जन किया गया।

सुबह 8 बजे मंदिर परिसर में मां दुर्गा का पूजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ हवन व आरती की गई। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को नगर भ्रमण के लिए निकाला। उनके द्वारा सिंदूर खेला गया। उसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा को राजघाट गंगा घाट पर विधिवत रुप से विसर्जित कर विदा किया गया। इस दौरान डौली वार्ष्णेय, शीला देवी, कंचन वार्ष्णेय, कामना वार्ष्णेय, अंकिता, प्रियंका वार्ष्णेय, पवन वार्ष्णेय, नन्हे चौधरी, हरिमोहन चौधरी, तनुज, भूपेंद्र ठाकुर, रवि श्रीवास्तव, सीताराम माहेश्वरी, तुषार, पीयूष, रागिनी शर्मा, आदि मौजूद रहे।


दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से पूर्व सिंदूर खेला में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### पापांकुशा एकादशी पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**बबराला , अमृत विचार :** पापांकुशा एकादशी पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। गंगा स्नान का सिलसिला घंटों तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया के जयकारे लगाए। पापांकुशा एकादशी पूरी तरह से जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित है। ऐसा माना जाता कि जो साधक इस दिन भाव के साथ पूजा-पाठ करते हैं, उन्हें धन, सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में एकादशी तिथि को विशेष महत्व दिया जाता है। आश्विन माह की पापांकुशा एकादशी पर रविवार को राजघाट गंगाघाट पर गंगा स्नान करने को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हजारों श्रद्धालु भक्तों ने पतित पावनी मां गंगा में डुबकी लगाई और उसके बाद घाटों पर स्थित देवालयों में विधिवत पूजा-अर्चना कर दीये जलाए और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया।


राजघाट में गंगा में स्नान करते श्रद्धालु।

### मिट्टी की ढांग गिरने से महिला की दबकर मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** त्यौहार के चलते घर की लिपाई के लिए मिट्टी लेने गई महिला के ऊपर ढांग गिर गई। जिसमें दबकर महिला की मौत हो गई। साथ गई महिलाओं की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। शव घर ले आए।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जल्द ही दीपावली का त्योहार आने वाला है। घरों में तैयारी शुरू हो गई हैं। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव बोंदरी निवासी कन्यावती (50) घर के आंगन की लिपाई करनी थी। जिसके चलते वह शनिवार शाम गांव की अन्य महिलाओं भगवान देवी, अनूप, मीरा आदि के साथ पीला मिट्टी लेने के लिए खेत पर गई थीं। मिट्टी की खोदाई करते समय मिट्टी की ढांग ऊपर से ढह गई जो कन्यावती के ऊपर जा गिरी जबकि अन्य महिलाओं के ऊपर हल्के ढेले गिरे। महिलाओं ने मिट्टी हटाकर कन्यावती को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर परिजन पहुंच गए। एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने कन्यावती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## धू-धू कर जला बुराई के प्रतीक रावण का पुतला

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** पुराना बाजार रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला मंचन में श्रीराम रावण के बीच जमकर युद्ध हुआ। जिसमें भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर दिया। इसके बाद पंचवटी में रावण के पुतले का दहन हुआ। रावण का पुतला भगवान श्रीराम के तीर चलाने के बाद धू-धू कर जल उठा।

युद्ध में जब रावण का वध नहीं हो पा रहा था तो विभीषण ने भगवान श्रीराम को जाकर बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। अगर वह नाभि पर तीर चलाएंगे तो रावण का वध हो जाएगा। इस सलाह पर भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि पर जैसे ही तीर चलाया तो रावण का वध हो गया। वध होने पर दर्शक ताली बजाने लगे। इसके बाद पंचवटी में दशानन के विशाल पुतले को लगाया गया। जहां पर भगवान श्रीराम स्वरूप कलाकार ने अग्नि तीर चलाया। इसके बाद रावण का पुतला जल उठा। लोगों ने रावण की अस्थियां लूटी। इस दौरान अध्यक्ष कपिल मोबाइल, महामंत्री तनुज गुरु, कोषाध्यक्ष कुशांक कुमार कन्नू, निर्दोष कुमार उर्फ नीटू कठेरिया, अजय तंबाकू, कपिल गुप्ता, रूपक वार्ष्णेय, वैभव शंकर, प्रयाग वार्ष्णेय, तरंग वार्ष्णेय आदि रहे।


बहजोई में धू-धू कर जलता रावण का पुतला। ● अमृत विचार

## खेत से गुजरने का विरोध करने पर किसान को पीटा, अस्पताल में मौत

संवाददाता, दातागंज (बदायूं)

**अमृत विचार :** खेत से गुजरने और कांटा व जाल रखने का विरोध करने पर एक व्यक्ति और उसके तीन बेटों ने एक किसान को बुरी तरह से पीटा।

किसान के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया। बरेली के अस्पताल में किसान ने दम तोड़ दिया। पुलिस मारपीट के मामले को हत्या में तरमीम करेगी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव चापरकौरा पुख्ता निवासी तेजेंद्र यादव और उनके भाई राजीव खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। खेत में धान की फसल की थी। राजीव यादव के अनुसार शनिवार दोपहर वह और तेजेंद्र खेत पर फसल काट रहे थे। दोपहर लगभग दो बजे पास के गांव बिहारीपुर निवासी धर्मपाल पुत्र टीकाराम और उनके बेटे महावीर, रूपराम, रामशंकर आए। वह उनके खेत से होते हुए मछली पकड़ने नदी की तरफ जा रहे थे। वह मछली पकड़ने में प्रयुक्त जाल और कांटा उनके खेत में रखते हैं।

तेजेंद्र ने खेत में जाल और कांटा रखने का विरोध करते हुए कहा कि खेत से गुजरने पर फसल खराब हो जाती हैं। इससे वह लोग नाराज हो गए और गाली गलौज करने लगे। गाली का विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से तजेन्द्र पर वार किया। खेत पर मौजूद राजीव यादव और उनके गांव के श्याम सिंह ने रोकने का प्रयास किया तो हमलावर तेजेंद्र को मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए।

## सार संक्षेप


पुस्तक का विमोचन करती जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव व अन्य अतिथि।

### राम का अंतर्द्वंद्व पुस्तक का समारोह पूर्वक हुआ विमोचन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साहित्य विधि के अंतर्गत नाटक लेखन की पुस्तक राम का अंतर्द्वंद्व का विमोचन समारोह पूर्वक किया गया। उक्त पुस्तक को संस्कार भारती के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. राजीव लोचन शर्मा ने लिखी है। रविवार की शाम चार बजे झुन्नी लाल धर्मशाला में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह, कला भारती के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. संजीव, आकांक्षी, डॉ. ब्रजपाल सिंह यादव, डॉ. सुनीत, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह ने संयुक्त से पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में लिखित दो नाटकों का मंचन सुंदर व मनमोहक तरीके से किया गया है। इस अवसर पर एसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव, प्रवक्ता शरद शर्मा, पुष्पेश मिश्रा, डॉ. गौरव मिश्रा, कवि माधव मिश्र, अश्वनी सक्सेना, डॉ. टीएस पाल, आईपी शर्मा, लोकेश शर्मा, सौरभ शर्मा, नरेंद्र कुमार, वसीमुद्दीन, नीलेश यादव, विवेक मिश्रा, अभिनव शर्मा आदि मौजूद रहे।


सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं।

### अरण्यकांड व किष्किंधाकांड पर करायी प्रतियोगिता

**चन्दौसी , अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीराम चरितमानस के अरण्यकांड व किष्किंधाकांड ज्ञान प्रतियोगिता हुनमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में आयोजित की गई। जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के 140 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में एएम वर्ल्ड स्कूल, आरआरके स्कूल, लाला सोहनलाल सरस्वती मंदिर, चन्दौसी इंटर कालेज, रेलवे मिश्रित जू. हा. स्कूल, राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मन्दिर, एसएम इंटर कालेज,रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कालेज, बीआर अम्बेडकर जूनियर हाई स्कूल पथरा के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय परीक्षा पद्वति, तार्किक शक्ति व प्रतिस्पर्धात्मक बौद्धिक परीक्षण पर आधारित था। प्रतियोगिता में डॉ. राजकुमार गोयल, प्रवीण कुमार, डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, विपिन कुमार गुप्ता,सूर्यजीत सिंह,आरती सिंह, शिव गणेश, अनु गोयल, सुभाष चंद्र भोलेनाथ, डॉ. राजकुमार गोयल, डॉ. टीएस पाल ने सहयोग किया।


करवाचौथ क्वीन शीलू जैन को सम्मानित करतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अन्य।

### सोसायटी ने करवाचौथ क्वीन कार्यक्रम का आयोजन किया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** किरन सोसाइटी वेलफेयर ने रविवार को करवाचौथ क्वीन कार्यक्रम का आयोजन बहजोई रोड पर किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि सफाई आयोग की पूर्व सदस्य मंजू दिलेर व पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। जिसमें मंजू दिलेर ने कहा कि सोसायटी ने पहली बार नगर में करवा चौथ क्वीन कार्यक्रम किया है। समिति इसके अलावा जनहित के कार्य करती है। लता वार्ष्णेय ने कहा कि संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा समय-समय पर लोगों की मदद की जाती है। कार्यक्रम में रैम्प वॉक, गेम पासिंग व तंबोला आदि का आयोजन किया गया। साथ ही करवा चौथ क्वीन को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया।

### बिजली चेकिंग के दौरान काटे 32 कनेक्शन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की ओर से शहर के कई मोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 32 स्थानों पर बकाया होने पर कनेक्शन काटे गए। रविवार की एसडीओ अजय कुमार शुक्ला ने टीम के साथ हाई लाइन लॉस फीडर सीकरी गेट में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 32 लोगों की लाइन बकाए पर काटी गई तथा 19 लोगों से 2,32,000 रुपये की बिल वसूली की गई। इस अभियान में 4 मीटर भी बकाया पर उखाड़े गए। बताया गया कि इस माह चेकिंग अभियान जारी रहेगा। इसके लिए उपभोक्ता अपना बिजली बिल समय से जमा कराए।

### दुष्कर्म में फंसाने की धमकी देकर वसूली

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के मोहल्ला शिवपुरम के गली नंबर चार निवासी संतोष सिंह चौहान ने आइटी, धमकाते हुए जबरन वसूली करने, गुमराह करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में व्यक्ति ने बताया कि उनके बेटे कार्तिकेय चौहान को दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देते हुए वसूली की जा रही है। चार मोबाइल नंबरों से उसके पास बार-बार फोन आ रहे हैं। डर की वजह से कार्तिकेय उनके बताए नंबरों पर 2 लाख 20 हजार रुपये भेज चुका है। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# श्रीराम ने किया बुराई के प्रतीक रावण का अंत, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री आदर्श रामलीला कमेटी हयातनगर में लगे दशहरा मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मेले में सजी दुकानों पर जरूरत के सामान की खरीदारी की। इस बीच श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का मंचन हुआ। श्रीराम ने रावण का वध किया तो श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। जिसके बाद श्रीराम के अग्नि बाण चलाने पर रावण का पुतला धू धू कर जल उठा। तमाम लोगों ने अस्थियां लूटी।

मेला परिसर में सजी दुकानों पर सुबह से ही लोग खरीदारी के लिए पहुंचते रहे। दोपहर के बाद तो लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। शाम को मेला परिसर में पांव रखने तक की जगह नहीं बची। इस बीच दशहरा मेले का उद्घाटन अमित पाहुजा मुंबई, विनय कुमार गुप्ता और अंशुल गुप्ता ने किया। इसके बाद श्रीराम ने रावण की नाभि में बाण मार कर उसका अंत हो गया। मौजूद दर्शक श्रीराम के जयकारे लगाने लगे। देर रात श्रीराम ने रावण के पुतले की तरफ अग्नि बाण चलाया। रावण का पुतला जल उठा। इस दौरान मेला अध्यक्ष नीरज बजाज, दिवाकर गुप्ता, अंकुर बजाज, मधुर, दीपक, अंकुर, पुष्कर, हेमंत कुमार, सुनील कुमार, जयप्रकाश, साहू दिनेश चंद, विजयपाल गुप्ता, योगेंद्र पाल, विष्णु कुमार, कल्लू, भारत आदि रहे।


मंचन के दौरान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का नजारा। ● अमृत विचार

● **हयातनगर में लगे दशहरा मेले में लोगों ने की खरीदारी**

## श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ हुआ राम लीला का समापन

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** नगर में 14 दिनों से हो रही श्रीराम लीला का समापन श्रीराम राज्याभिषेक के साथ हो गया।

गुरू वशिष्ठ ने श्री राम का राजतिलक किया। इसके बाद जाम्बवान, हनुमान, वेगदर्शी (गवय) और ऋषभ जैसे वानरों द्वारा चारों समुद्रों और दुनियाभर की 500 नदियों से सोने के कलशों में भर कर लाए गए। जल से श्रीराम का अभिषेक किया। इस दौरान पूरा पांडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा। राज्याभिषेक समारोह में नगर की नारी शक्ति को आमंत्रित किया गया। रावण वध और लंका विजय कर सीता माता, लक्ष्मण और हनुमान आदि के साथ भगवान श्रीराम जब 14 वर्ष का वनवास पूरा होने के बाद अयोध्या लौटे तो उपस्थित दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। श्रीराम की वापसी पर पूरी अयोध्या नगरी में दीप जलाकर खुशियां मनाई गईं। इसके बाद विधि विधान और पूजा अर्चना के साथ भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। रामलीला कमेटी की ओर से पात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। श्री राम के राज्याभिषेक में नारी शक्ति ने पूजन किया। राजगद्दी के बाद श्रीराम की अन्य लीलाओं का मंचन हुआ। इस दौरान चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, अतुल गोयल, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. राहुल यादव, शुभम वार्ष्णेय, कविता वार्ष्णेय, पूनम वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## मदरसों का इतिहास पढ़ कर उनके बारे में बात करें

**बरेली, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष को मदरसों का इतिहास पढ़ने के बाद ही उनके बारे में बात करने की सलाह दी है।

मौलाना ने उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह हमेशा किसी न किसी मदरसे के खिलाफ जांच करने के साथ कोई न कोई बहाना बनाकर मदरसों को कटघरे में खड़ा करते रहते हैं। अब उत्तर प्रदेश के मदरसों पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

मौलाना ने कहा कि मदरसों ने आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान दिया है। 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ जामा मस्जिद दिल्ली से फतवा देने वाले मौलाना फज्ले हक खैराबादी और मौलाना रजा अली खां बरेलवी मदरसे के ही छात्र थे।

**बैठक** बरसात में खराब हुए परिक्रमा मार्ग को समय से ठीक कराने की उठाई मांग

# 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा को भव्यता देने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री वंशगोपाल कल्कि धाम फेरी परिक्रमा समिति की बैठक में ऐतिहासिक संभल तीर्थ परिक्रमा के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बरसात में खराब हुए परिक्रमा मार्ग की शीघ्र मरम्मत की मांग उठाते हुए परिक्रमा को नई भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया गया।

वंशगोपाल तीर्थ पर महंत भगवतप्रिय महाराज के सानिध्य में आयोजित बैठक में कहा गया कि बरसात के दौरान संभल परिक्रमा का मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रशासन यात्रा से पहले मार्ग की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराए ताकि परिक्रमा यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छत्रपाल ने कहा कि ऐतिहासिक संभल की 24 कोसीय परिक्रमा यात्रा को उसका पुरातन गौरव दिलाने के लिए सभी एकजुटता से काम करें। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि रास्ते का भ्रमण कर उसके खराब हिस्सों की जानकारी प्रशासन को देकर मरम्मत की कवायद शुरू करा दी गई है। परिक्रमा समिति अध्यक्ष हृदेश यादव ने कहा कि परिक्रमा की भव्यता के लिए समिति पूरी ताकत से जुटी है। इस अवसर पर महंत भागवत प्रिय महाराज, डॉ. यूसी सक्सेना, कमलकांत तिवारी, गणेश शर्मा समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।


संभल परिक्रमा समिति की बैठक में बोलते राजेश सिंघल। ● अमृत विचार

## वाहन की टक्कर से टेक्नीशियन की मौत

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** गदरपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार टेक्नीशियन की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से गांव अटारी मरीदपुर अमरोहा यूपी निवासी 26 वर्षीय कमल जियो कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्य करता था और गदरपुर में अपने भाई के साथ किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति वह ड्यूटी का घर लौट रहा था। शनिवार की देर शाम गदरपुर-काशीपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष गदरपुर जसवीर सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है।

# महिला से मारपीट, इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, म्याऊं(बदायूं)

**अमृत विचार :** मारपीट के दौरान घायल एक महिला की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने मुस्लिम समाज के कुछ लोगों पर आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की मौत लाठी-डंडों से पीटने की वजह से हुई थी।

परिजन शव लेकर वापस चले गए। सैजनी मार्ग पर पर शव रखकर जाम लगा दिया। सड़क पर दोनों ओर वाहनों की कतार लगी रही। एसडीएम दातागंज व सीओ ने परिजन और ग्रामीणों का समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। देर शाम तक जाम लगाकर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे। मृतक महिला के गांव में तनाव बना हुआ है। एसडीएम ने पीड़ित परिवार को एक आवास, पांच लाख मुआवजा, आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई और लापरवाही करने वाले हल्का दारोगा पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद तकरीबन लगभग चार घंटों के बाद परिजन और ग्रामीणों ने जाम खोला। थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव असफपुर निवासी नन्हकू दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। गांव में उनकी पत्नी विमला देवी पांच बच्चों के साथ रहती हैं। 6 अक्टूबर को विमला देवी अपनी जेठानी रामश्री से बात कर रही थीं। पुरानी रंजिश के चलते उनके पड़ोस में रहने वाले आबिद, आसिफ और उनकी मां नजमा लाठी-डंडे लेकर आ गए। विमला देवी और रामश्री पर लाठी-डंडे बरसाकर घायल कर दिया। विमला देवी को निर्वस्त्र कर दिया। सूचना मिलने पर नन्हकू गांव पहुंचे और थाने पर शिकायत की। सुनवाई न होने पर एसएसपी के पास गए। एसएसपी ने थाना पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसएसपी से शिकायत के बाद नन्हकू घर पहुंचे तो आरोपियों ने 10 अक्टूबर की शाम और 11 अक्टूबर की सुबह भी मारपीट की। जान से मारने का प्रयास किया। विमला देवी घायल हो गई थीं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान शनिवार रात लगभग 10 बजे विमला देवी की मौत हो गई।

> पड़ोसियों की बीच मारपीट हुई थी। शांतिभंग में कार्रवाई की गई थी। महिला की मौत हुई तो मामला तरमीम किया जाएगा। इससे पहले ही ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। उन्हें समझाया जा रहा है। पांच लोगों को हिरासत में लिया है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। - डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी

● **पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, जिसमें पीटने की वजह से महिला की मौत की हुई पुष्टि**

एक नजर


लोगों ने पकड़ा नीलगाय का घायल बच्चा।

## कुत्तों से बचाई नीलगाय के बच्चे की जान

**हसनपुर, अमृत विचार** : हरियाना में सिंचाई की छोटी नहर पर चौधरी फार्म हाउस के पास कुत्तों का झुंड नीलगाय के बच्चे पर हमला कर रहा था। आवाज सुनकर जाहिद चौधरी,अतीक अहमद, फरमान चौधरी, फराहीम चौधरी, डॉ. आकिल, हफीज ने कुत्तों से नीलगाय के घायल बच्चे को बचाया और चौधरी फॉर्म हाउस ले लाए। मौके पर पहुंचे कृष्ण कुमार शर्मा ने सरकारी पशु चिकित्सक को सूचना दी। चिकित्सक गुड्डू ने भी नीलयगाय के बच्चे का उपचार किया।

## बाइक से स्टंट करने का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार** : बाइक से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दो युवक बाइक पर बैठकर स्टंट कर रहे हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि यह वीडियो रहरा थाना क्षेत्र के गांव जामुनों वाली के जंगल का है। वीडियो में दो युवक जंगल में सड़क पर बाइक पर बैठकर बाइक को एक पहिए पर खड़ा कर जान जोखिम में डालने वाला स्टंट करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि ऐसा वीडियो उनके संज्ञान में नहीं है। अगर वीडियो वायरल हुआ है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**डिडौली, अमृत विचार** : डिडौली थाना इलाके में जोया कस्बे के पास संभल चौराहे के निकट रविवार शाम सवा छह बजे मुरादाबाद से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में बुलेट सवार शिवम पुत्र राकेश कुमार और अमन निवासी लाइनपार मुरादाबाद घायल हो गए। हादसे में बुलेट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। दोनों घायलों को सीएचसी जोया लाया गया। जहां से दोनों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# दशहरा मेले में दुकानदार से मारपीट कर 40 हजार लूटे

## शिकायत के बाद भी पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : दशहरा मेले में शनिवार रात 12 से अधिक युवकों ने एक दुकानदार से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी युवक 40 हजार रुपये लूट कर ले गए। दुकानदार ने शनिवार रात को ही पुलिस को सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे दुकानदारों में रामलीला समिति एवं पुलिस के खिलाफ रोष है।

श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के तत्वावधान में हो रही रामलीला मंचन के दौरान दशहरा के मेले में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रझौहा निवासी सेलू ने अपने परिवार के साथ पकौड़ी एवं जलेबी की दुकान लगाई थी। मेले में वह अपनी दुकानदारी कर रहा था। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि शनिवार रात आठ बजे वह दुकानदारी कर रहा था, तभी मोहल्ले के लगभग 12 युवक उसकी दुकान पर आए और बहस करने लगे।

देखते ही देखते आरोपियों ने उसकी भट्ठी तोड़ दी और कढ़ाई पलट दी और उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान सेलू व उसका कारीगर ऋषिपाल घायल हो गए। पीड़ित दुकानदार का आरोप है कि आरोपी युवक उसकी दुकान से गल्ला लूट कर ले गए। जिसमें लगभग 40 हजार रुपये थे। मारपीट से मेले में अफरातफरी मच गई। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि उसने रात को ही पुलिस को सूचना दे दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### रावण दहन के दौरान आरोपियों ने की लूट

**हसनपुर, अमृत विचार** : मेले में लगभग आठ बजे रावण दहन के समय रामलीला समिति एवं प्रशासन विधायक के साथ इंटर कॉलेज के मैदान में व्यस्त थे। इसी दौरान रामलीला मैदान के पास लगी दुकान पर मारपीट कर लूट की गई। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि जब यह घटना घटी तो समिति का कोई भी पदाधिकारी वहां नहीं था और न ही पुलिस की कोई व्यवस्था थी।

### मेले में अग्निशमन की नहीं थी व्यवस्था

**हसनपुर, अमृत विचार** : मेले में जहां चाट-पकौड़ी और जलेबी की दुकानें लगी हुई थीं। उनके आसपास कोई भी अग्निशमन की सुविधा नहीं थी। जिस समय आरोपी युवकों ने दुकानदार की भट्टी तोड़ी और कढ़ाई पलटी। उस समय कोई भी हादसा हो सकता था।

# बाजार में बिक रहा मिलावटी पनीर, नहीं हो रही कार्रवाई

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अनदेखी**
- दूध में मिल्क पाउडर मिलाकर बनाया जा रहा है पनीर
- मिलावटी पनीर से लीवर के साथ कैंसर का खतरा

**अमृत विचार** : त्योहारों का सीजन है और मिलावटी पनीर की बिक्री जारी है। आशंका है कि इसमें अभी और इजाफा होगा। बाजार में लागत से कम दाम में शुद्ध होने के दावे के साथ पनीर गली-गली बिक रहा है। दूध में 40 फीसदी तक मिल्क पाउडर मिलाकर पनीर बनाया जा रहा है। जबकि, शुद्ध दूध से पनीर बनाया जाए तो 300 रुपये से ज्यादा इसकी लागत पहुंचती है लेकिन धड़ल्ले से मिलावटी पनीर 260 से 280 रुपये में बेचा जा रहा है।

शहर में कई स्थानों पर रोजाना कई क्विंटल मिलावटी पनीर तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा है। लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग त्योहारों से कुछ दिन पहले कुछ जगहों पर छापेमारी कर खानापूर्ति कर देता है। बाजार में शुद्ध दूध 50 से लेकर 55 रुपये तक में मिल रहा है। एक किलो पनीर बनाने में लगभग पांच लीटर दूध लगता है। शुद्ध दूध से पनीर की लागत निकाली जाए तो दूध की लागत 275 रुपये तक आती है। इसमें अगर गैस और लेबर का खर्च प्रति किलो जोड़ा जाए तो 25-30 रुपये लागत अतिरिक्त लगती है। सभी खर्चों को जोड़कर देखा जाए तो 305 रुपये तक लागत पहुंचती है। जबकि, बड़ी-बड़ी दुकानों और दूध डेयरी में भी 260 रुपये से लेकर 280 रुपये के बीच पनीर उपलब्ध है।

### सेहत के लिए नुकसानदेह

सिंथेटिक पनीर मनुष्य के शरीर पर घातक असर करता है। लोगों के बीच असली नकली का फर्क नहीं होने के कारण सस्ता के चक्कर में इसकी खरीदारी कर ले रहे हैं। सिंथेटिक पनीर से लीवर के साथ कैंसर का खतरा बना रहता है। लीवर के खराब होने से स्वास्थ्य में गिरावट का दौर आरंभ हो जाता है जो बाद में जानलेवा साबित होता है। लोगों को सस्ता के लोभ में न फंसकर मानक पर खरा उतरने वाले पनीर का सेवन करना चाहिए।

# टेंपो सवार महिला के बैग से नकदी और जेवर चोरी

- टेंपो में साथ बैठी महिलाओं पर पीड़िता ने लगाया आरोप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र में गजरौला मार्ग पर टेंपो में बैठी महिला के बैग से अज्ञात महिलाओं ने जेवर एवं नकदी चोरी कर ली। पीड़िता जब टेंपो चालक को रुपये देने के लिए टेंपो से उतरी तो जेवर एवं नकदी गायब देख उसके होश उड़ गए। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।


पीड़िता लता त्यागी।

रविवार को जनपद बिजनौर के ताजपुर के गांव मूसेपुर निवासी लता त्यागी अपनी मां मालती देवी, ननद डॉली त्यागी के साथ गजरौला से टेंपो से गंगेश्वरी जा रही थी। जैसे ही टेंपो संभल अड्डे पर पहुंचा तो टेंपो चालक को किराया देने के लिए महिला ने अपना बैग खोला तो उसमें रखी नकदी तथा जेवर गायब देख महिला के होश उड़ गए। इसके बाद टेंपो चालक पीड़िता को लेकर कोतवाली पहुंचा। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला लता त्यागी ने बताया कि उनके बैग में 2500 रुपये की नकदी एवं सोने चांदी के जेवर थे। जो टेंपो में पास बैठी अज्ञात महिलाओं ने चोरी कर लिए। आभूषण की कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है।


सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलते विधायक महबूब अली, भगत सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

# महबूब अली के साथ अखिलेश से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के अध्यक्ष भगत सिंह बॉबी ने विधायक महबूब अली के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की। उन्होंने गन्ना समितियों में निर्वाचन की प्रक्रिया को लेकर समस्याएं बताई। उन्होंने सपा अध्यक्ष से कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने सत्ता पक्ष के दबाव में आकर लोगों को डेलीगेट का पर्चा भरने नहीं दिया। जिन्होंने पर्चे भरे थे उनके पर्चो को खारिज कर दिया गया।

इस पर आपत्ति भी की गई। लेकिन किसी ने कोई सुनवाई नहीं की है। सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष ने पार्टी अध्यक्ष से शिकायत भी की है। सपा अध्यक्ष से मिलने वालों में अशोक चौधरी, विजयवीर सिंह यादव, रणजीत सिंह, मस्तराम सिंह, अरविंद मोहन, विजयपाल सिंह, कुशल पाल सिंह, सुरेश चंद्र आदि शामिल रहे। यह सभी बिजनौर और मुरादाबाद गन्ना समिति के अध्यक्ष हैं।

सार संक्षेप


गौरव टिकैत के स्वागत के दौरान मौजूद लोग।

## भाकियू की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**गजरौला, अमृत विचार** : जाट महासभा की पंचायत में जाते समय भारतीय किसान यूनियन की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत का जिला उपाध्यक्ष हर्षित गोयल के आवास पर स्वागत किया गया। यहां पर कुछ देर ठहरकर वे महापंचायत के लिए रवाना हो गए। भवालपुर में हुई जाट महापंचायत में जाते समय गौरव टिकैत कुछ देर के लिए टीचर्स कॉलोनी स्थित जिला उपाध्यक्ष हर्षित गिल के आवास पर रूके थे। गौरव टिकैत ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राहुल यादव, मोहन बेनीवाल, भगवान सिंह, मनोज धरीवाल, शुभम देओल, रविन्द्र सिंह, गुरविंदर सिंह, दीपक सिंह, अरुण कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


शिविर का उद्घाटन करतीं पालिकाध्यक्ष शशि जैन व साथ में अन्य।

## निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का चेयरमैन ने किया आरंभ

**अमरोहा, अमृत विचार** : शहीद भगत सिंह नेत्र चिकित्सालय बरेली द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन नगर के सेंट मैरी स्कूल में किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा शशि जैन ने किया। उन्होंने कहा की आंख मनुष्य शरीर की अति महत्वपूर्ण ईश्वरीय देन है। कहा कि शहीद भगत सिंह नेत्र चिकत्सालय बरेली जैसी संस्थाओं द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं इलाज के लिए आयोजित शिविर प्रशंसा योग्य है। परीक्षण शिविर में 155 मरीजों की जांच की गई एवं जिन मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, उन्हें दवा एवं ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया।

## खेल प्रतिभाओं को तराश रही रालोद : निरपाल सिंह

**अमरोहा, अमृत विचार** : राष्ट्रीय लोकदल के खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी निरपाल सिंह ने राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह के निवास पर रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि खेल जागरूकता अभियान खेल प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहा है। जिसमें खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल प्रतिभाओं होने मात्र से ही विश्व की प्रतिभाओं में मेडल नहीं जीते जा सकते हैं। रालोद खेल प्रकोष्ठ खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए दीर्घकालीन नीतियों बनाने पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती है। क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान चौधरी जयपाल सिंह, राजवीर सिंह, पतराम प्रधान, मनीष, ओमपाल सिंह चौहान, देवेश चौहान, ओमप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पटाखों की बिक्री के लिए चिह्नित होंगे स्थान

**अमरोहा, अमृत विचार** : दीपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए जिले में स्थानों को चिह्नित किया जा रहा है। लाइसेंस धारक विक्रेता ही चिह्नित स्थानों पर पटाखों की बिक्री कर सकेंगे। जिले में पटाखों की बिक्री के लिए 12 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इन स्थानों के संबंध में पुलिस और अग्निशमन विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है। इसके बाद ही पटाखों की बिक्री के लिए स्थान की सूची जारी की जाएगी। जिन स्थानों पर पटाखों की दुकान लगेगी वहां आग से बचाव के लिए भी जरूरी सभी इंतजाम अनिवार्य रूप से करने होंगे। दीपावली पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक आतिशबाजी नहीं करने के निर्देश हैं।


रावण के पुतले का दहन करते प्रणीत गुप्ता। ● अमृत विचार

## जोया में किया रावण के पुतले का दहन

**डिडौली, अमृत विचार** : बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन हुआ। रविवार को श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में जोया में ईकोदा मार्ग पर स्थित रामलीला ग्राउंड में रावण के पुतले का दहन सीएल गुप्ता संस्थान के प्रबंध निदेशक प्रणीत गुप्ता द्वारा किया गया। रावण दहन होते ही जय श्री राम के जयकारे गूंजने लगे। वहीं मेले के मीना बाजार में महिलाओं में खरीदारी की। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मयंक कुमार उर्फ मोनू, अनिल त्यागी, विपिन गुप्ता, राकेश त्यागी, चंद्रभान तोमर, अतुल चौधरी, शुभम चौधरी, गुड्डू गुप्ता, राजीव तोमर, टीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेले में महिलाओं से छेड़छाड़ को लेकर हंगामा और मारपीट

- पीड़ितों ने पुलिस पर लगाया कार्रवाई नहीं करने का आरोप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : नगर के दशहरा मेले में शनिवार देर शाम महिलाओं से छेड़छाड़ को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मारपीट में छह से अधिक लोग घायल हो गए। इससे मेले में अफरातफरी मच गई। इस दौरान पुलिस पर मूक दर्शक बने रहने का आरोप है। छेड़छाड़ और मारपीट को लेकर कोतवाली में तहरीर दी गई है।

हसनपुर के शिवाला मंदिर के नजदीक रामलीला मैदान पर शनिवार को दशहरा मेला लगा था। यहां शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी मेला देखने पहुंचे थे। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के महिला, पुरुष व युवतियों समेत 30 से अधिक लोग मेला देखने आए थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान मेले में महिलाओं व युवतियों से छेड़छाड़ की गई। इस पर महिलाओं ने परिजनों को मामले की जानकारी दी। परिजनों ने आरोपियों को ललकारा तो दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। जिसमें छह से अधिक लोग घायल हो गए। इससे मेले में अफरातफरी मच गई। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि मौके पर मौजूद पुलिस मूक दर्शक बनी रही, जिसके चलते आरोपी मारपीट के बाद वहां से फरार हो गए। इसके बाद सभी घायल कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। महिलाओं ने पुलिसकर्मियों पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## पुलिस बताकर किसान से 10 हजार रुपये ठगे

**डिडौली, अमृत विचार** : कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव फतेहपुर माफी में किसान मोहम्मद असलम पुत्र असगर हुसैन का परिवार रहता है।

शनिवार सुबह 10 बजे असलम के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई थी। नंबर का कंट्री कोड पाकिस्तान का था। उन्होंने कॉल रिसीव की दूसरी तरफ से एक व्यक्ति बोला। उसने पुलिस अधिकारी बताया और कहा कि आपका बेटा मोहम्मद अशरफ किसी केस में फंस गया है। उसके तीन साथी तो जेल जा चुके हैं, और अगर आप बेटे को छुड़ाना चाहते हैं तो एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दो। इससे किसान असलम बहुत घबरा गए और घबराहट में 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन कल शनिवार को बैंक बंद होने के कारण और पैसे ट्रांसफर नहीं कर पाए। कुछ देर में जब उन्हें पता चला कि उनका बेटा अमरोहा में क्लिनिक पर बैठा है, तो उन्हें ठगी का पता चला।

# मुंबई का आसान हुआ सफर अमरोहा से सीधे मिलेगी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : रेल विभाग ने अमरोहा के लोगों को मुबई जाने के लिए सीधी ट्रेन दी है। मुंबई के लिए सीधी ट्रेन मिलने से कारोबारियों एवं दैनिक यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। यात्री मुंबई के लिए सीधी ट्रेन की मांग कर रहे थे।

बताया कि रविवार को मुंबई के ब्रांदा टर्मिनस पर 09015 लालकुआं बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन का शाम चार बजे उद्घाटन किया गया। यह ट्रेन दिल्ली होकर अमरोहा, मुरादाबाद होते हुए लालकुआं जाएगी। दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि काफी प्रयास के बाद अमरोहा के लोगों को मुबई के लिए सीधी ट्रेन मिली है। उन्होंने कहा कि अमरोहा से काफी लोग मुबई में जाकर कारोबार करते हैं। यहां के लोगों को मुबई जाने के लिए पहले दिल्ली जाना पड़ता था। इस ट्रेन के चलने से यहां के कारोबारियों को काफी राहत मिली हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को यह ट्रेन शाम चार बजे अमरोहा पहुंचेगी और इस ट्रेन के स्वागत के लिए दैनिक यात्रियों द्वारा तैयारी की जा रही हैं। वहीं, रेलवे प्रशासन ने लालकुआं-बांद्रा के बीच नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 22544/22543 शुरू करने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन के चलने से मुरादाबाद के पीतल कारोबारियों को भी राहत मिलेगी। अमरोहा रेलवे स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि अब अमरोहा से मुंबई के लिए सीधे ट्रेन मिलेगी। यह ट्रेन सप्ताह में एक बार आएगी। आज (सोमवार) ट्रेन मुंबई से दिल्ली होते हुए अमरोहा रेलवे स्टेशन पर दोपहर बाद में करीब 4:15 बजे पहुंचेगी। जिसके बाद मुरादाबाद के लिए तरफ रवाना हो जाएगी।

## अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर बताए

**अमरोहा/ गजरौला, अमृत विचार** : महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 05 के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया।

मानव तस्करी और अन्य सम्बन्धित अपराध नियंत्रण के लिए चलाये गये अभियान के क्रम में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी एवं उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक, एवं प्रभारी महिला परामर्श केंद्र आदि ने अमरोहा में होटलों, ढाबा, आटोमोबाइल सर्विस सेन्टर, गैरेज, दुकानों आदि स्थानों पर अभियान चलाया। उन्होंने बालश्रम अधिनियम मिशन शक्ति के बारे में बताया। शिक्षण संस्थानों 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री न करने के बारे में भी जानकारी दी। जनमानस को शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108,112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

**आयोजन** रामलीला मंचन के सहयोगियों का किया सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए

# भरत मिलाप शोभायात्रा पर लोगों ने की पुष्पवर्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अमरोहा के तत्वावधान में भरत मिलाप शोभायात्रा, भगवान राम का राजतिलक उसके पश्चात राजगद्दी व सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। रामलीला मंचन के दौरान जिन लोगों ने कमेटी का सहयोग किया उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को मोहल्ला कानून गोयान में कैलाश बिहारी टंडन मदन बिहारी टंडन के मकान से भरत मिलाप शोभायात्रा भगवान राम, लक्ष्मण जी, सीता माता एवं हनुमान जी की आरती उतारकर प्रारंभ की गई। शोभायात्रा बड़ा बाजार, बाबा गंगनाथ जी का मंदिर होते हुए कोतवाली, बाजार गंज, उसके पश्चात कटरा गुलाम अली पहुंची जहां भरत मिलाप का आयोजन किया गया। जिसमें भरत जी और शत्रुघ्न जी भगवान राम का इंतजार कर रहे थे और जब भगवान राम और भरत का मिलाप होता है। तब दोनों एक दूसरे को गले लगाकर रोने लगते हैं। उसके पश्चात सभी पदाधिकारियों ने चारों स्वरूप राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं माता सीता और हनुमान जी का आरती उतारी और उसके पश्चात भगवान राम की सवारी आंबेडकर पार्क होते हुए रामलीला स्टेज पर जाकर सम्पन्न हुई। इसके बाद भगवान राम राजगद्दी पर आसीन हुए व उनका राजतिलक किया गया। इसके बाद श्री दुर्गा सीनरी कला केंद्र मेरठ के डायरेक्टर नीरज कुमार, संजय व उनकी टीम। बाबू साउंड सर्विस, सुनहरी टेंट हाउस, दीपक लाइटमैन, नगरपालिका के सेनेटरी निरीक्षक वैशाली एवं साजिद, राधे राधे फोटो स्टूडियो आदि लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसके पश्चात रामलीला के मंच पर बाहर से आए कलाकारों ने अलग-अलग झांकियां प्रदर्शित कर कार्यक्रम किए। कार्यक्रम में अभय सिंघल, सुमित सरन, प्रवीण अग्रवाल, अनुज गोयल, अभय आर्य, अमित अग्रवाल, विवेक नारायण शर्मा एवं कमेटी के संरक्षक रमेश कालू, रमेश गोयल, रविराज शरण, अजय अग्रवाल, विनोद गुप्ता अनिल टंडन, करुणेश गोयल, कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल, शार्दुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल, प्रेम नारायण रघुवंशी, संजीव सैनी, अमित रस्तोगी, मनु कमल गुप्ता, अजय चतुर्वेदी, कपिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।


राम-सीता और लक्ष्मण के स्वरूपों की आरती करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## वीडियो वायरल होने पर गेस्ट हाउस किया बंद

**गजरौला, अमृत विचार** : गजरौला के कुमराला चौकी से चंद कदम की दूरी पर संचालित गेस्ट हाउस में देह व्यापार चल रहा है। जिसका वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

वीडियो में कमरे में कई युवतियां बेड पर लेटी हुई हैं। वीडियो बनाने वालों ने गेस्ट हाउस संचालक से पुलिस की छापेमारी के बारे में जानकारी की तो उसने कहा कि यह पुलिस की सेटिंग से चल रहा है। उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वायरल वीडियो का मामला पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के संज्ञान में पहुंच गया है। बताया जाता है कि रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों को देह व्यापार के बारे में कुछ लोगों ने जानकारी दी है। हालांकि उधर इस मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लेकिन वीडियो के वायरल होने के बाद संचालक ने रविवार को गेस्ट हाउस बंद कर दिया है।

# तिगरी गंगा मेले की तैयारी में नौ विभागों के जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : तिगरी में लगने वाले गंगा मेले की तैयारी प्रशासन द्वारा तेज कर दी गई है। इसकी तैयारी में नौ विभागों के अधिकारियों को लगाया है। मेले को 15 सेक्टर में बांटा जाएगा।

तिगरी में लगने वाले गंगा मेले की तैयारी जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर शुरू कर दी गई है। तिगरी में लगने वाला गंगा मेला पिछले वर्ष से बेहतर लगाने का प्रयास किया जा रहा हैं। जिलाधिकारी ने गंगा मेले की तैयारी में लगाये गए सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि मेले में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। गंगा मेले में नौ विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। तिगरी में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है। मेले में आने वाली भीड़ को बांटने के लिए मेला स्थल को 15 सेक्टर में बांटा जाएगा। सभी सेक्टर में पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाएगा और पुलिस चौकियां बनाईं जाएंगी। मेले का नक्शा तैयार कर लिया गया है। मेले में बिजली विभाग, दमकल विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकर विभाग, रेलवे विभाग, रोडवेज, परिवहन विभाग शामिल रहेंगे। परिवहन विभाग द्वारा अस्थायी रोडवेज बस अड्डा बनाने के लिए जगह को चिह्नित कर दिया हैं। मेला बस अड्डे से अमरोहा, हसनपुर, गजरौला, चांदपुर, बिजनौर, मुरादाबाद के लिए होगा। संभागीय परिवहन विभाग ने यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। रेलवे विभाग ने भी कांकाठेर स्टेशन पर रंगाई पुताई आदि मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने मेले में लगाए जाने वाले कर्मचारियों की सूची बनानी शुरू कर दी है।

## बोआई से पहले बीज शोधन अवश्य करें

**अमरोहा, अमृत विचार**: जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि वर्तमान में रबी की सीजन की फसलों की बोआई का समय शुरू हो गया है। बोआई से पहले बीज शोधन अवश्य करें।

उन्होंने बताया कि फसलों में रोग वायु एवं कीटों द्वारा फैलते हैं, बीज जनित रोग का कोई भी उपचार संभव नहीं है। बीज जनित भूमि जनित रोगों से आगामी कोई जाने वाली फसल के बचाव हेतु बीज शोधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीज शोधन 50 प्रतिशत अथवा धीराम 75 प्रतिशत 2.5 ग्राम से 3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से किया जाता है। बीज शोधन द्वारा फसल का बीज जनित रोगों से सुरक्षा कर अधिक पैदावार ली जा सकती है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और किसानों को भी शोध जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए ज्ञान देना होगा। उन्होंने बताया कि किसानों को रासायनिक दवाएं 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## एक नजर

### दढ़ियाल में 19 से होगा योग वार्षिकोत्सव

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** रविवार को दढ़ियाल में आर्य समाज के ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि 19, 20 व 21 अक्टूबर को आर्य समाज का तीन दिवसीय योग का वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। कहा कि हम सभी को एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। पतंजलि योग समिति के योग प्रचारक ज्ञानेन्द्र सिंह आर्य ने कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग करना जरूरी है। कहा कि आर्य समाज मन्दिर में 5 बजे से साढ़े.छह बजे तक योगासन कराए जाएंगे। जिसमें पतंजलि योगपीठ द्वारा प्राणायाम, एक्यूप्रेशर, आसन व औषधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। मंडी धनौरा के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी संजीव व उसका साथी कुलपति रविवार की सुबह बाइक से किसी काम से दिल्ली को जा रहे थे। जैसे ही नेशनल हाईवे पर शाहबाजपुर डोर के पास पहुंचे तो पीछे आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेमी ने फंदे से लटककर दी जान

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** प्रेमिका की मोहब्बत के चलते एक प्रेमी युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे डाली। वृंदावन मथुरा के गांव खाली निवासी विशाल वर्मा सिडकुल की एक कंपनी में कार्य करता था। वह थाना ट्रांजिट कैंप के अरविंद नगर में किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से युवक जब कमरे में बाहर नहीं निकला तो मकान मालिक सहित स्थानीय लोगों ने जब खिड़की से देखा तो युवक फंदे में लटका हुआ है। सूचना मिलते ही थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि युवक का युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह कुछ दिनों से अवसाद से गुजर रहा था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। साथ ही आत्महत्या के कारणों की जांच भी शुरू कर दी है।

# हिंदू समाज में हो रहा जागरूकता का संचार: अखिलेश

## आरएसएस के पथ संचलन का लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत, स्वयंसेवकों ने की शस्त्र पूजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से दशहरा पर मिनी स्टेडियम पर शस्त्र पूजन व पथ संचलन किया। पथ संचलन में कई प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र पूजन के साथ की गई। इसके बाद शहरभर में पथ संचलन किया।

रविवार को कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक अखिलेश कुमार ने बौद्धिक विकास व सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता का संचार हो रहा है, यह पथ संचलन हिंदू समाज में आत्मविश्वास व जागरूकता को बढ़ाने का प्रतीक है। समाज को अपनी दिशा पहचानने की जरूरत है। इस कार्यक्रम को उत्साह व जोश के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि संघ का यह आयोजन सामाजिक एकता व सामुदायिक सशक्तीकरण का प्रतीक है, जो हिंदू समाज को अपनी जड़ों से जुड़ने व जागरूक होने का संदेश देता है। पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने गणवेश में बैंड-बाजों के साथ भाग लिया। पथ संचलन मिनी स्टेडियम से होकर बड़ा बाजार, कोट चौराहा, बिजनौर रोड से होते हुए मिनी स्टेडियम में ही समाप्त हुआ। इस दौरान कई जगह पथ संचलन का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। पथ संचलन में मुख्य वक्ता जिला प्रचारक अमरोहा प्रिंस, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, अजय ढींगरा, नीरज, वीरेंद्र पाठक, अंकित, राजू सैनी, आलोक चौहान, सुधांशु बिश्नोई, निखिल जैन, ऋषिपाल नगर ,राकेश वर्मा, जयप्रकाश नगर, सिद्धार्थ अग्रवाल, विजय वशिष्ठ आदि रहे।



पथ संचलन में शामिल डॉ. हरि सिंह ढिल्लो व अन्य स्वयंसेवक।



पथ संचलन निकालते स्वयंसेवक।

### आरएसएस के स्थापना दिवस पर किया पथ संचलन

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने विजयदशमी व संघ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसके बाद शहर में पथ संचलन निकाला गया। रविवार को हसनपुर में विजयदशमी एवं संघ की स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन भी किया। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से आरएसएस का पथ संचलन शुरू हुआ। पथ संचलन नगर के आंबेडकर चौक से होकर विभिन्न मार्गों से निकाला। स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पथ संचलन में बाल स्वयंसेवक आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर नगर संघ चालक दीपक अग्रवाल, जिला सह कार्यवाह नरेंद्र कुमार, नगर कार्यवाह सोनू गर्ग, उधम सिंह, प्रधानाचार्य भूदेव, अभिरव अग्रवाल, अक्षी अग्रवाल, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी, चंद्रपाल खड़गवंशी, मयंक अग्रवाल, सुधीर चौहान, संजय शर्मा, मधुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, पवन राज, इशांत सैनी, सौरव गुप्ता, विभोर अग्रवाल, ललित शर्मा, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।



पूजा करते खत्री समाज के लोग।

# खत्री समाज ने हर्षोल्लास से मनाया विजयदशमी का पर्व

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विजयदशमी पर्व खत्री सभा द्वारा मनोज टंडन की अध्यक्षता में हर्ष और उल्लास के साथ बनाया गया। बड़ा बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर में खत्री समाज ने भगवान राम की पूजा-अर्चना की।

शनिवार रात में खत्री धर्मशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, डांस आदि के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में खत्री समाज की महिलाओं ने गरबा किया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा उत्साह वर्धन के लिए सभी बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष टंडन और मेघना टंडन ने संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर शिवस्वरूप टंडन, विजय टंडन, विमल टंडन, अनिल स्वरूप टंडन, दिलीप टंडन, विकी टंडन, अचला टंडन, मनीषा टंडन, शोभा टंडन आदि नगर के सभी खत्री समाज के लोग उपस्थित रहे।

### बदायूं के किसान की लाठी से पीटकर हत्या

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं के थाना दातागंज क्षेत्र के गांव चापरकौरा में कुछ लोगों ने किसान को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने किसान को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

चौपरकौरा निवासी राजीव यादव ने बताया कि बिहारीपुर गांव के धर्मपाल और उसके साथी उनके खेत में मछली पकड़ने का जाल रखते थे। उनके भाई तेजेंद्र यादव (35) ने शनिवार को जाल रखने से मना किया तो इस दौरान विवाद हो गया। उस दौरान धर्मपाल वहां से चला गया लेकिन कुछ देर बाद वह अपने साथ पांच-छह लोगों को लेकर आया और तेजेंद्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जितेंद्र को मरा समझकर चले गए। उन्हें जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे और भाई को बदायूं के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर भाई को बरेली रेफर किया गया। जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस की पकड़ से दूर आरोपी शिक्षक दंपति

संवाददाता, गजरौला

- पुलिस की दो टीमें आरोपी शिक्षक दंपति की कर रहीं तलाश
- कई लोगों को हिरासत में लेकर भी पूछताछ कर रही पुलिस

**अमृत विचार :** गजरौला में संविलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक की आत्महत्या मामले में आरोपी शिक्षक दंपति पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस टीमों ने कई जगह दबिश भी दी, लेकिन फिलहाल तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। जिन लोगों से आरोपियों की फोन पर बात हो रही है, पुलिस उन्हें भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

दरअसल, गजरौला क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर संविलियन स्कूल में तैनात प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने बीते दिनों अपने ही कार्यालय में फंदे से लटककर लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने स्कूल में ही तैनात शिक्षक राघवेंद्र व उनकी शिक्षिका पत्नी सरिता सिंह समेत बीएसए मोनिका सिंह पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए सुसाइड नोट भी लिखा था। प्रधानाध्यापक के पुत्र अनुज सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं आरोपी शिक्षक दंपति का फिलहाल तक कहीं कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस की दो टीमें आरोपी शिक्षक दंपति की तलाश में जुटी हैं लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। पुलिस कई स्थानों पर दबिश देने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हैं। अब पुलिस आरोपियों को उनके फोन की लोकेशन से तलाश कर रही है। इस मामले में कुछ लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार के मुताबिक पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा ।

## सार संक्षेप



शोभायात्रा का आरंभ करके पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी व अन्य।

### धूमधाम से निकाली भरत मिलाप शोभायात्रा

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा विजयदशमी के उपरांत नगर में भरत मिलाप शोभायात्रा निकाली। यात्रा नगर के शिवाला मंदिर से प्रारंभ होकर मोहल्ला मनापुर, आंबेडकर पार्क, मेन बाजार, जनकपुरी, रहरा रोड से वापस होकर शिवाला मंदिर पर संपन्न हुई। भरत मिलाप में बग्घी में बैठे भगवान के स्वरूप की झांकी लोगों का मन मोह रही थी। नगर के मुख्य चौराहे पर श्री राम, लक्ष्मण सीता जी का भरत शत्रुघ्न से मिलाप हुआ। इस दौरान शोभायात्रा में नाग नागिन, बंजारे की जोड़ी, राधा कृष्ण, राजस्थानी नृत्य, गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, राम लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न, हनुमान जी, सीता माता तथा अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा में समिति के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, प्रबंधक राकेश अग्रवाल, कार्यकारिणी अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महामंत्री जयपाल सैनी, वेद प्रकाश यादव ,अर्जुन यादव, गिरधारी लाल सैनी आदि रहे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

### हनुमान ने जलाई सोने की लंका

**सैदनगली, अमृत विचार :** नवयुवक रामलीला संघ के तत्वावधान में चल रहे रामलीला में दिखाया गया कि हनुमान जी द्वारा माता सीता का पता लगाने के बाद उनको मेघनाथ ने बंदी बनाकर रावण के सामने पेश किया। रावण ने दंड स्वरूप हनुमान की पूँछ में आग लगाने की आज्ञा दी। इसके बाद हनुमान जी ने सोने की लंका जलाकर राख कर दी। लंका में आग लगते ही दर्शकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। कमेटी के अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता ने बताया कि सैदनगली में विजयदशमी के मेले का आयोजन 16 अक्तूबर दिन बुधवार को किया जाएगा। बताया कि सैदनगली में परंपरा के अनुसार रावण के पुतले का दहन और मेले का आयोजन तीन दिन बाद किया जाता रहा है। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता, पद्मेश चन्द्र, शुभनीत गुप्ता, संदीप अग्रवाल, करुण गुप्ता, कमल सिंह, अनिल गुप्ता, सचिन गुप्ता, अंशुल वर्मा ,अमन गुप्ता, पीयूष वर्मा, अनिकेत, जितेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, शिवम कौशिक आदि लोग मौजूद रहे। मंच संचालन कमल वर्मा ने किया।



रामलीला मंचन में मौजूद कलाकार।

### लंका में विभीषण का राजतिलक का मंचन

**गजरौला, अमृत विचार :** श्रीरामलीला प्रबंध समिति के तत्वावधान में स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क बस्ती में चल रहे रविवार को रावण वध के बाद लंका में विभीषण का राजतिलक, माता सीता की अशोक वाटिका से श्रीराम के पास वापसी, सीता की अग्नि परीक्षा, श्रीराम, सीता व लक्ष्मण की वनों से अयोध्या वापसी, भरत मिलाप के पश्चात श्रीराम के राजतिलक तक की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, महामंत्री विपिन कौशिक, प्रबंधक डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, संजय सिंघल, प्रमोद सिंघल, संजीव सिंघल, प्रेमशंकर गर्ग, गौरव गोयल, राहुल गोयल, अजय सिंघल, सुबोध सिंघल, पंकज कौशिक, देवेश शर्मा, यश अग्रवाल, सुरेश चंद्र, कनिष्क भूषण शर्मा, ईशान अग्रवाल, नितिन बंसल, आकाश बंसल, ग्रीस विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### दढ़ियाल में धूमधाम से मनाया दशहरा

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा धूमधाम से मनाया गया। खेल मैदान में राम–रावण युद्ध की लीलाओं का मंचन हुआ। मेले में आसपास गांव के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर फूलसिंह, सुरेश चौधरी, ग्राम प्रधान गंगासरन, ज्ञानेंद्र सिंह, अवनीश शर्मा, अजीत, मौजीराम, जमील ठेकेदार, महेश शर्मा, सुधेश, फारूख, बलवीर मौजूद रहे।

# दीक्षांत समारोह आज, टॉपर्स को दिए जाएंगे पदक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 187 शोधार्थियों को उपाधि भी वितरित की जाएगी
- रविवार को रिहर्सल कर तैयारियां की गईं पूरी

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 22वां दीक्षांत समारोह सोमवार को अटल सभागार में होगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में 94 टॉपर्स को स्वर्ण पदक और 187 शोधार्थियों को उपाधि वितरित की जाएंगी। समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को पदक और उपाधि वितरण का रिहर्सल किया गया।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर के निदेशक प्रो. बिनोद कन्नौजिया मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल उपलब्धियों का जश्न मनाने का है, बल्कि यह प्रेरणा देने का भी है कि नए विद्यार्थी भी अपनी मेहनत और समर्पण के माध्यम से सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचें। समारोह का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

रविवार को रिहर्सल के दौरान सांकेतिक टॉपर्स को पदक और शोधार्थियों को उपाधियां वितरित की गईं। सांस्कृतिक क्लब की छात्राओं ने पर्यावरण गीत चल मिलकर लेते हैं ये कसम, पेड़ लगाएं मिलकर हम प्रस्तुत किया, जिसे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के स्वागत के समय गाया जाएगा।

**ई-कार्ट से अटल सभागार तक पहुंचे कुलपति :** दीक्षांत के रिहर्सल के दौरान कुलपति प्रो. केपी सिंह ई-कार्ट से अटल सभागार तक पहुंचे। अटल सभागार में तैयारियों को जानकारी ली। इसके बाद सभागार के अंदर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया। रिहर्सल में बताया कि अटल सभागार में प्रवेश के दौरान सबसे पहले कुलसचिव, वित्त अधिकारी, विद्या परिषद व कार्य परिषद के सदस्य, संकायाध्यक्ष, कुलपति, राज्यपाल, मुख्य अतिथि व अन्य रहेंगे। वापसी में सबसे पहले राज्यपाल, मुख्य अतिथि, कुलपति, विशिष्ट अतिथि, कार्य परिषद व अन्य रहेंगे।

### दीक्षांत समारोह में सुबह 11 बजे पहुंचेंगी राज्यपाल

**बरेली, अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का दीक्षांत समारोह का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया। वह सोमवार सुबह 10 :10 बजे चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट लखनऊ से विमान से त्रिशूल एयरफोर्स के लिए उड़ान भरेंगी। सुबह करीब 10 :45 बजे उनका विमान त्रिशूल एयरपोर्ट पर लैंड होगा। इसके बाद वह 10 :50 बजे कार से निकलेंगी और सुबह 11 बजे रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में पहुंचेंगी। वह करीब पौने दो घंटे तक कार्यक्रम में रहेंगी। दीक्षांत समारोह के बाद वह आंगनबाड़ी किट का भी वितरण करेंगी। वह 2 :25 बजे एयरफोर्स के लिए चली जाएंगी। वहीं राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रतिभाग करेंगी। वह हरदोई से स्टाफ कार से सुबह 8 बजे बरेली के लिए प्रस्थान करेंगी और सुबह करीब 10 .30 बजे समारोह में पहुंचेंगी।

# परीक्षा नियंत्रक ने तलब की प्रयोगात्मक परीक्षा की सूची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वाणिज्य विभाग में 42 विद्यार्थियों की अनुपस्थिति का मामला

**अमृत विचार:** बरेली कालेज के वाणिज्य विभाग के 42 छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा में गैर हाजिर करने के मामले में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने कालेज प्रशासन से विद्यार्थियों की उपस्थिति का रजिस्टर तलब किया है।

परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि परीक्षा में हाजिर और गैरहाजिर होने का मतलब महाविद्यालय से होता है। महाविद्यालय से ही विद्यार्थियों की उपस्थिति विश्वविद्यालय को दी जाती है। बरेली कालेज में जानबूझकर विद्यार्थियों को अनुपस्थित दर्शाया गया है। यह कैसे हो सकता है कि जिन विद्यार्थियों ने मुख्य परीक्षा के सभी पेपर दिए हैं। वह प्रयोगात्मक परीक्षा देने के लिए कॉलेज न गए हों। बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. भूपेंद्र सिंह ने 18 जुलाई को विवि को पत्र भेजा, इसमें बीकाम, बीए, बीएससी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा 2023 और बीकाम, बीएससी प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर बैक परीक्षा 2023 के 42 छात्रों के अंकों में त्रुटि की बात कहते हुए संशोधन का अनुरोध किया। इसी दिन एक और पत्र भेजकर 42 छात्रों को अनुपस्थित दर्शाकर रिजल्ट घोषित करने का अनुरोध किया था।

### हादसे में डांस एकेडमी संचालक की मौत

**काशीपुर, अमृत विचार।** काशीपुर से जसपुर खुर्द की ओर जा रहे डांस एकेडमी संचालक को कुंडेश्वरी के पास वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस घायल को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सकों न उसे मृत घोषित कर दिया।

मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी 25 वर्षीय संजू थापा पुत्र किशन सिंह थापा बाजपुर रोड स्थित प्रकाश सिटी के पास डांस एकेडमी चलाता था। देर रात वह चैती की ओर से घर की तरफ आ रहा था। इस दौरान साई धाम कालोनी के पास अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत हुई है।

# कार चोरी करने वाले तीन आरोपी पकड़े

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने कार शोरूमों में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। साथ ही पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बीते दिनों कार शोरूम से चोरी की गई नकदी व चोरी में इस्तेमाल औजारों को बरामद किया है। जबकि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है। वहीं पुलिस ने गिरोह के अन्य फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

रविवार को आइटीआई थाना में मामले का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि अम्बिका आवास, खड़कपुर देवीपुरा निवासी दिलबाग सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उसने बताया कि छह अक्टूबर देर रात उसके जैतपुर घोसी स्थित एक कार शोरूम में कुछ लोग शोरूम की बाउंड्री व छत की मुम्टी में लगी लोहे की जाली काटकर जीने के रास्ते शोरूम में घुसे।

जिसके बाद आरोपी गल्ले में रखे पांच लाख 93 हजार रुपए लेकर फरार गए। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों व घटना का जायजा लिया। जिसके बाद पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर खण्डवा मध्य प्रदेश निवासी मेवा लाल, बुरहानपुर मध्य प्रदेश निवासी रवि जाधव व भोपाल मध्य प्रदेश निवासी गोविन्द चौहान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए तीन लाख 79 हजार रुपए की नकदी व चोरी की घटना में इस्तेमाल औजार बरामद किए हैं।

### चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं आरोपी

**काशीपुर, अमृत विचार :** रविवार को मामले का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि तीनों आरोपी अंतर्राज्यीय चोरी गिरोह के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी कार शोरूमों की रैकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का काम करते है। बताया कि आरोपी मेवालाल अब तक देहरादून में चार शोरूम चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका हैं। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### कई दिनों की रेकी के बाद की थी चोरी

**काशीपुर, अमृत विचार :** सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि आरोपी कार शोरूम को अपना निशाना बनाते हैं। बताया कि बीते दिनों भी चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने कई दिनों तक शोरूम की रेकी की। बताया कि रेकी के बाद आरोपियों ने शोरूम में चोरी की घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया।

### दो पक्षों में हुई फायरिंग

**रुद्रपुर/दिनेशपुर, अमृत विचार :** शनिवार की देर रात दिनेशपुर निवासी मनमोहन सिंह अपने दोस्त पुष्पराज सिंह उर्फ प्रिंस, सतेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह लाडी, बलराम उर्फ गोलू कार से जाफरपुर मोड़ पहुंचे और मदिरा की दुकान के सामने खाली प्लाट पर खाने–पीने लगे। तभी रखवीर निवासी ईसरपुर नानकपुरी टांडा बहेड़ी, साहब सिंह उर्फ साबी निवासी गज्जीपुर मिलक खानम स्वार रामपुर, कांवल सिंह, जशन दीप सिंह निवासी अलसिया भोज बहेड़ी, जितेंद्र सिंह निवासी छिनकी किच्छा, करण सिंह निवासी चुबकिया बहेड़ी चार–पांच गाड़ियों में साथियों के साथ आए। इस दौरान उन्होंने अभद्रता करते हुए जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें बलराम उर्फ गोलू, गुरदीप सिंह उर्फ लाडी, पुष्पराज सिंह उर्फ प्रिंस, सतेंद्र सिंह गोली लगने के बाद जमीन पर गिर गए। वहीं दूसरे पक्ष रखबीर सिंह व साहब सिंह भी घायल हो गए।

### सूचना

मैंने अपनी पुत्री का नाम नेहा से बदलकर नेहा फातिमा रख दिया है। अब से मेरी बेटी को नेहा फातिमा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

–नेहा फातिमा पुत्री इरशाद अली, ग्राम अतरासी कलां, पोस्ट अतरासी कलां, अमरोहा (यूपी)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
■ डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
■ डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# डिजिटल अरेस्ट कर पूर्व मेजर जनरल से दो करोड़ ठगे

## पुलिस ने जयपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, ठगी की वारदात थाईलैंड में बैठे गिरोह ने की थी

नोएडा,एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल को डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले मे तीन आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया है।

डिजिटल अरेस्ट में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से गिरफ्तार हो गया है और उसे जुर्माना देना होगा। साइबर क्राइम पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट कर धोखाधड़ी के लिए एक बैंक खाता उपलब्ध कराया था। ठगी की वारदात थाईलैंड में बैठे साइबर अपराधियों के गिरोह ने की थी। पुलिस उपायुक्त (साइबर क्राइम) प्रीति यादव ने शनिवार को बताया




कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयपुर निवासी कानाराम (30), ललित कुमार (22) और सचिन कुमार (30) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि नोएडा के सेक्टर-31 निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल ने 28 अगस्त को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके साथ दो करोड़ रुपये की ठगी हुई है। पीड़ित के अनुसार, उन्हें पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया था। ठगी से पहले फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक कुरियर कंपनी का कर्मचारी बताया। उन्हें बताया गया कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर एक पार्सल ताइवान भेजा जा रहा था, जिसमें पांच पासपोर्ट, चार बैंक के क्रेडिट कार्ड, कपड़े, 200 ग्राम मादक पदार्थ और एक लैपटॉप समेत अन्य अवैध सामान है। शिकायत के अनुसार, पीड़ित से कहा गया कि अगर उन्हें ऐसा लग रहा है कि उनके आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ हुई है तो मुंबई अपराध शाखा में इसकी शिकायत करनी होगी। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल के जरिये अजय कुमार बंसल नाम के कथित मुंबई पुलिस अधिकारी और शिकायतकर्ता का संपर्क कराया गया। जालसाजों ने पीड़ित के पास केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का एक फर्जी पत्र भेजा, जिसमें लिखा था कि अगर उसे जेल जाने से बचना है तो पूछताछ संबंधी कोई भी जानकारी परिवार के लोगों से साझा नहीं करनी होगी। कैमरे के जरिये ठग मेजर जनरल पर नजर गड़ाए रहे। इस दौरान दावा किया गया कि मेजर जनरल पर कभी भी हमला हो सकता है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद पुलिस अधिकारी बन कर ठग ने पीड़ित की वित्तीय जानकारियां पूछी और उन्हें रकम विभिन्न बैंक खातों में भेजने के लिए कहा। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर जुड़े अन्य आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

### जालसाजों ने एएमयू की सेवानिवृत्त प्रोफेसर से भी ठगे 75 लाख

**अलीगढ़, एजेंसी :** अलीगढ़ में साइबर जालसाजों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी बनकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की एक सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर से 75 लाख रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में अकेली रहने वाली प्रोफेसर कमर जहां ने इस मामले में 11 अक्टूबर को साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद तुरंत संबंधित बैंकों को अलर्ट जारी किया और तफ्तीश में पता चला कि धोखाधड़ी की पूरी रकम 21 अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से भेजी गई हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप के कारण 13 लाख रुपये का लेन-देन रोक दिया गया। मामले की जांच कर रहे साइबर थाने के निरीक्षक वीडी पांडेय ने बताया कि पीड़िता के अनुसार जालसाजों ने उन्हें 10 दिनों से अधिक समय तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और इस दौरान उन्होंने धन शोधन के मामलों में शामिल होने की बात कहकर गिरफ्तारी से बचने के लिए रकम देने के लिए दबाव बनाया। अधिकारी ने बताया कि 28 सितंबर को कमर जहां को फोन करने वाले ने खुद को ईडी का अधिकारी बताया और कहा कि उन्होंने धन शोधन से जुड़े कुछ संदिग्ध बैंक लेनदेन किए हैं और अगर उन्हें गिरफ्तारी से बचना है तो तुरंत बताये गये बैंक खातों में एक निश्चित धनराशि जमा करनी होगी। पांडेय ने बताया कि कमर जहां को इस लेनदेन के लिए कुछ बैंक खातों के नंबर दिए गए थे। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने घबराकर जालसाजों की मांगें मान लीं और उनसे धीरे-धीरे कर 75 लाख से ज्यादा रुपये ऐंठ लिये। अधिकारी ने बताया कि दो दिन पहले ही पीड़िता को लगा कि उसके साथ धोखा हुआ है, जिसके बाद उन्होंने पुलिस का रुख किया।

## सार-संक्षेप

### शामली में बैंक लूट का आरोपी गिरफ्तार, 30 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद हुई

**मुजफ्फर नगर,एजेंसी :** शामली जिले में पुलिस ने एक निजी बैंक की शाखा से 36 लाख रुपये लूटने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर उसके पास से 30 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद कर ली। सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार साहनी ने संवाददाताओं को बताया कि एक अक्टूबर को शामली जिले में एक्सिस बैंक की एक शाखा से 36 लाख रुपये लूट लिये गये थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने अमरजीत नाम के बदमाश को उसके गांव लिलोन में गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अमरजीत के पास से लूटे गये करीब 30 लाख रुपये, दो पिस्तौल और एक मोटरसइाकिल भी बरामद की।

### धर्म परिवर्तन के आरोप में दो लोग हिरासत में

**सुलतानपुर,एजेंसी :** जिले में रविवार को अंधविश्वास के सहारे कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश कर रहे दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पंडित रामकिशोर त्रिपाठी कालोनी में दीपा मौर्या नाम की महिला के घर में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गो रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष सर्वेश सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि घर में 40 से 45 महिलाएं और पांच से सात पुरुष एकत्र हुए थे और जब उन्हें धर्म परिवर्तन से रोका गया तो उन्होंने दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। नगर के क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रशांत सिंह ने बताया कि सालविन एवं सैनी को हिरासत में लिया गया, जो ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार कर वहां लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### कबाड़ हो चुकी पुरानी 108 एंबुलेंस हटेंगीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने वाली '108 एंबुलेंस' सेवा में चलने वाली एंबुलेंस बदली जाएंगी। प्रथम चरण में 1205 वाहन खरीदे जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने दो अरब 32 करोड़ रूपए जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग में विशेष सचिव अर्चना वर्मा द्वारा नई एंबुलेंस वाहन खरीदने के लिए दो अरब 31 करोड़ 66 लाख 72 हजार रूपए स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी किए गए हैं। इस बजट में 1087 एंबुलेंस( बेसिक लाइफ सपोर्ट) और 118 एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस खरीदी जाएंगी। नए वाहनों के आने से गोल्डेन ऑवर में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में सहजता रहेगी। मालूम हो कि मार्ग दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदान की गई है। इसके लिए निजी संस्था को एंबुलेंस संचालन का जिम्मा दिया गया है। सेवा प्रदाता संस्थां जीवीके ईएमआरआई के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि किसी भी फोन से 108 डायल करने पर अधिकतम 15 मिनट में निर्धारित स्थल तक पहुंचती है और एंबुलेंस में उपलब्ध प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा न केवल प्राथमिक उपचार बल्कि नजरीकी सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया जाता है। उक्त सेवा से रोजाना सैकड़ों मरीजों को समय से इलाज उपलब्ध हो रहा है।

### बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंताजनक : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ,अमृत विचार :** लखनऊ। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंताजनक है। उन्होंने यहां जारी बयान में मुम्बई में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की निर्मम हत्या को निंदनीय बताते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में विधायक तक सुरक्षित नहीं रह गए हैं। उन्होंने देश की लगातार खस्ताहाल हो रही अर्थव्यवस्था पर केंद्र सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार के कुप्रबंधन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट हो रही है। बिजली उत्पादन व आपूर्ति में सर्वाधिक खराब प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा आजादी में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रही है। यह बंद नहीं हुआ तो कांग्रेस भी शालीनता के साथ आतंकवाद को लेकर भाजपा को सड़कों पर बेनकाब करेगी।

# शादीशुदा बताकर संरक्षण मांगने वाले याचियों के मामले में मांगी रिपोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेम विवाह के मामलों में दस्तावेजों की जांच कराने के सन्दर्भ में सख्त रुख अपनाते हुए एसएचओ, कोतवाली, प्रयागराज को अपने को शादीशुदा बताकर संरक्षण मांगने आए याची जोड़े की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि याची जोड़े का पता किया जाए कि उनकी शादी किसने कराई और विवाह प्रमाणपत्र किस संस्था से किसने दिलाया। जिस पुरोहित ने शादी कराई उसका नाम, पता व मोबाइल नंबर सहित पूरी जानकारी इकट्ठा करें। कोर्ट ने याची जोड़े को जांच में सहयोग करने का निर्देश देते हुए कहा कि सहयोग न करें तो उन्हें अगली



- प्रेम विवाह के मामलों में दस्तावेजों को लेकर हाईकोर्ट सख्त

सुनवाई की तिथि पर कोर्ट में विस्तृत रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया जाए। याचिका की सुनवाई आगामी 16 अक्टूबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने शिवानी केसरवानी व एक अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची जोड़े का कहना था कि वे बालिग हैं। उन्होंने अपनी मर्जी से शादी की है। विपक्षियों से उन्हें जान को खतरा है और उन्हें धमकी दी जा रही है। जिस पर कोर्ट ने एसएचओ, कोतवाली से कथित शादी कराने वाली संस्था आर्य समाज, चौक, प्रयागराज के अध्यक्ष, सचिव व पुरोहित को कोर्ट में प्रस्तुत होने का निर्देश दिया। आर्य समाज की तरफ से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जो शादी का प्रमाणपत्र दाखिल किया गया है वह उनकी संस्था ने जारी नहीं किया है। उन्होंने रजिस्टर भी दिखाया। पुरोहित पंकज शुक्ल ने कहा कि उन्होंने याचियों की शादी नहीं कराई है और न ही विवाह प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर किया है। इस पर कोर्ट ने एसएचओ कोतवाली को याचियों से पूछताछ कर सच्चाई को उजागर करने का निर्देश दिया।

## मुठभेड़ में 1.50 लाख का इनामी ढेर

**लखनऊ,अमृत विचार :** बुलंदशहर के अहार थानाक्षेत्र में रविवार तड़के हुई मुठभेड़ में पुलिस ने 1.50 लाख के इनामी राजेश जाटव को ढेर कर दिया। इस दौरान फायरिंग में एसओ अहार और सिपाही घायल हो गए। वहीं सीओ अनूपशहर और स्वाट प्रभारी बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण बाल-बाल बचे। मुठभेड़ में ढेर बदमाश राजेश पर बुलंदशहर की पुलिस ने एक लाख और अलीगढ़ पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उस पर बुलंदशहर और अलीगढ़ में 48 मामले दर्ज थे। वहीं, दस प्रदेश के अन्य जिलों में दर्ज है। एसएसपी बुलंदशहर श्लोक कुमार के मुताबिक सीओ अनूपशहर गिरजा शंकर त्रिपाठी व थाना प्रभारी यंग बहादुर सिंह को राजेश की सूचना मिली थी।

# धनराशि लेने पर तत्काल करना होगा एग्रीमेंट फॉर सेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेरा ने उल्लघंन पर बिल्डरों को चेतावनी देकर जारी किया आदेश
- 10 फीसद से अधिक धनराशि लेने के सामने आए मामले

**अमृत विचार :** घर खरीदारों से यूनिट की लागत का 10 फीसद से अधिक तथा 75 फीसद तक धनराशि लेने पर बिल्डरों को फौरन एग्रीमेंट फॉर सेल हस्ताक्षरित करना होगा। ऐसे न करने पर रेरा के नियमों का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश रेरा ने जारी किया है।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने पीठ में आवंटियों की शिकायतों की सुनवाई में पाया कि कई मामलों में बिल्डरों द्वारा फ्लैट, रो-हाउस, टाउनशिप आदि की लागत का 10 फीसद से अधिक तथा 75 फीसद तक धनराशि एकत्रित कर ली गई, लेकिन आवंटियों के साथ एग्रीमेंट फॉर सेल यानी बीबीए हस्ताक्षरित नहीं किया गया है। अध्यक्ष ने ऐसे मामलों का संज्ञान लेते हुए बिल्डरों को फौरन आवंटी के साथ रेरा पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए मॉडल एग्रीमेंट फॉर सेल के प्रारूप पर हस्ताक्षरित करने के आदेश जारी किया है। आदेश में यह भी अनिवार्य किया कि एग्रीमेंट फॉर सेल की एक कॉपी आवंटी को उपलब्ध कराई जाएगी और रेरा पोर्टल के कंप्लेंट पेज पर अपलोड की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## अगले दो दिन मौसम साफ रहने के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अगले दो दिन मौसम साफ रहने वाला है। हालांकि इस बीच बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।शनिवार को बस्ती प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। हालांकि पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश में बारिश का सिलसिला रुक चुका चुका है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बरेली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, नजीबाबाद जैसे इलाकों में रात का तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड किया गया।

# एमबीबीएस छात्र समेत तीन ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- हिन्द अस्पताल का है एमबीबीएस छात्र हिमांशु
- किसी भी घटना में परिजनों ने नहीं लगाया आरोप

**अमृत विचार :** एमबीबीएस छात्र समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तीनों ही घटनाओं में परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। हालांकि हिन्द अस्पताल में एक के बाद एक हो रही घटनाओं ने जरूर अस्पताल प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीलालपुरवा के रहने वाले प्रमोद कुमार का पुत्र हिमांशु वर्मा 19 नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मणपुरी कालोनी में शुभम अवस्थी के घर पर किराए पर रहता है। उसके साथ में बड़े पिता हृदयलाल का पुत्र दीपक कुमार भी रह रहा। हिमांशु ने दीपक को शनिवार शाम सब्जी लाने भेज दिया। दीपक वापस लौटकर आया तो उसने हिमांशु को कमरे में रस्सी से बने फंदे से लटकते देखा तो चीख पड़ा। आस पास से लोग एकत्र हो गए। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्राइवेट जाब कर रहा था। शहर कोतवाली क्षेत्र में कस्बा सफेदाबाद स्थित हिंद मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के एक छात्र का शव फंदे से लटका पाया गया।

जानकारी के अनुसार वाराणसी जिले के थाना बड़ागांव क्षेत्र के खुशहालीपुर गांव निवासी डॉ. ओमप्रकाश यादव का पुत्र विकास प्रसाद यादव (26) हिन्द अस्पताल में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र है। शनिवार शाम हॉस्टल के कमरे में उसका शव लटका देखा गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। जैदपुर प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत कोपवा गांव के रहने वाले अनिल गौतम उर्फ पिंटू का शव घर के अंदर पत्नी की साड़ी से बने फंदे से लटका मिला।

# कबाड़ में रोजगार तलाश रहे दो युवक बन गए शूटर

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

संवाददाता, लखनऊ/ बहराइच

**अमृत विचार:** मुंबई में पूर्व मंत्री व एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के दो युवकों का नाम सामने आया। मुख्यालय से करीब 40 किमी दूरी पर स्थित यह गांव पूरे देश की सुर्खियों में आ गया। मुंबई पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पुणे में कबाड़ का काम करते थे। इनका कनेक्शन लारेंस विश्नोई गिरोह से बताया जा



कैसरगंज के मंझारा तौकली गांव निवासी शिवा गौतम का परिवार। ● अमृत विचार

रहा है। रविवार सुबह से बहराइच पुलिस और एसटीएफ की टीम पूछताछ और ब्योरा जुटाने में लगी हुई है।

मुंबई में एनसीपी नेता और बॉलीवुड के बेहद करीबी बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात में गोली मारकर हत्या कर दी गई । इस मामले में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के धर्मराज और

- लारेंस विश्नोई गिरोह से कनेक्शन की बात सामने आई

शिवा गौतम को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी होते ही बहराइच पुलिस भी सक्रिय हो गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को दी गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कैसरगंज कोतवाली की पुलिस ने दोनों के घर पहुंच कर पूछताछ की है। माता पिता से उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह समेत अन्य ने जानकारी हासिल की। लेकिन यहां से ज्यादा कुछ लोगों को पता नहीं चल सका है। परिवार के लोगों के मुताबिक दोनों युवक पुणे में कबाड़ बीनने और उसे बेचने के नाम पर यहां से गए थे। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि शिवा गौतम के पिता बाल किशन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**नहीं है आपराधिक इतिहास :** कैसरगंज कोतवाली पुलिस के अनुसार धर्मराज और शिवा कुमार के विरुद्ध कोई अपराधिक इतिहास नहीं है न ही उन दोनों के विरुद्ध कोई केस थाने में दर्ज है। दोनों सामान्य परिवार के युवा हैं। धर्मराज पांच भाइयों में सबसे छोटा है। जबकि शिवा सबसे बड़ा भाई है। दोनों को प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है।

## वर्ग पहेली-221

**बाएं से दाएं**

1.1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।

3.1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।

5.1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध

7.1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े

8.1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

**ऊपर से नीचे**

2.1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति; बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।

3.1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।

4.1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।

6.1. जिसके संबंध में विवाद हो; विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी; निज़ाअ का।



### वर्ग पहेली -220 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 छु | | | | |
| | 2 अ | भं | 3 ज | न | |
| | न | | न | | |
| 4 ख़ा | | | यि | | 5 झ |
| 6 न | चि | 7 के | ता | | प |
| दा | | वाँ | | | का |
| नी | | 8 च | चो | ड़ | ना |

## सुडोकू -134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 8 | | 9 | 6 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| 8 | 6 | 9 | | 5 | | | 1 | |
| | 4 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 3 | |
| | 1 | | 9 | | 2 | | 4 | |
| | 8 | | | 4 | | 9 | 6 | 3 |
| | 2 | | | | | 1 | | |
| 4 | 3 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू - 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 06.41 तक तत्पश्चात द्वादशी 15 अक्टूबर 03.42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 15 अक्टूबर 00.43 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** – आज जॉब में आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। नया निवेश करने से पहले आपको सभी पहलुओं पर विचार कर लेना चाहिये। व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन** – आज आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति काफी विनम्र रहने वाला है।

**कर्क** – आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। मित्रों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मोटिवेशन वीडियोज का सहारा लें।

**सिंह** – आज दोपहर के बाद कहीं घूमने-फिरने की योजना बना सकते हैं। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। उच्च अधिकारी आपके अनुकूल रहेंगे।

**कन्या** – आज योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा।

**तुला** – आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी।

**वृश्चिक** – आज दिन थोड़ा उबाऊ रहेगा। लोग आपकी समस्याओं को हल्के में लेंगे, जिससे आपको बुरा लग सकता है। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांत रहना ज्यादा हितकर है। व्यवसाय में अपेक्षानुकूल परिणाम न मिलने से मन थोड़ा निराश रहेगा।

**धनु** – आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मकर** – आज पैसों के अभाव के कारण जो काम रुके थे वो शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें।

**कुंभ** – आज साझेदारी में आप काम शुरू कर सकते हैं। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मीन** – आज आपको दौड़धूप अधिक करनी पड़ेगी। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आएगी। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। समाज में सम्मानित लोगों को कुछ परेशानी का अनुभव होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
लश्कर – सुबह : 09.00
हाफ गर्लफ्रेंड – शाम : 06.00

SONY PIX
द फाउंडर – सुबह : 11.30
व्हाइट हाउस डाउन – रात : 08.45

&pictures
अंदाज – सुबह : 10.56
सूर्या द सोल्जर – रात : 08.00

ZEE CINEMA
फटा पोस्टर निकला हीरो – सुबह : 08.40
खिलाड़ी 786 – शाम : 06.00

ZEE ACTION
चेंजिंग – सुबह : 11.27
सैमी 2 – रात : 07.30

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है
हाथी – पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

# बुनियादी ढांचे में बदलाव लाने वाली पहल

## पीएम गतिशक्ति : प्रधानमंत्री मोदी बोले- विकसित होने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है तथा इससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और प्रभावी विकास हुआ है। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने को 13 अक्टूबर 2021 को शुरू किया गया था। पीएम गतिशक्ति सात इंजनों - रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाईअड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है।



- इसमें रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग हवाईअड्डे, परिवहन आदि
- 13 अक्टूबर 2021 को नेशनल मास्टर प्लान हुआ था शुरू

मोदी ने एक्स पर कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भी टैग किया। गोयल ने इस पहल के तीन साल पूरे होने पर इसकी सराहना की।

### योजना निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : गोयल



गोयल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान शुरू किए तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## हड़ताली लोगों को हिरासत में लेना लोकतंत्र पर धब्बा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को लद्दाख भवन के बाहर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को मंदिर मार्ग पुलिस थाना ले जाया गया है। सोनम वांगचुक ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों को हिरासत में लिए जाने की घटना को लोकतंत्र पर धब्बा बताया है।



- छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 लोगों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

पुलिस ने इससे पहले कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में सोनम वांगचुक भी शामिल है लेकिन बाद में नई दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हिरासत में लिए लोगों में जलवायु कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महाला ने कहा कि हमने कुछ छात्रों को लद्दाख भवन के बाहर से हिरासत में लिया है। सोनम वांगचुक उनमें शामिल नहीं हैं।

# एक सैनिक की जिंदगी दूसरे से अधिक मूल्यवान क्यों : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- अग्निपथ योजना पर फिर प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से पूछे सवाल दो अग्निवीरों की मौत पर सरकार को घेरा

महाराष्ट्र के नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है। उन्होंने पूछा कि अग्निवीर के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे? उन्होंने कहा कि वह इस अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

गांधी ने कहा कि नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में पूछा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? उन्होंने पूछा कि अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनकी शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों? गांधी ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय और जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? आइए इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों।

## एक नजर

### आबकारी घोटालाः व्यवसायी की जमानत पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत पर सुनवाई करेगा। वाद सूची के अनुसार न्यायमूर्ति एमएम सुन्दरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ द्वारा इस मामले पर सुनवाई किये जाने की संभावना है।

### हेलीकॉप्टर क्रैशः 40 दिन बाद अरब सागर में मिला शव

**धर्मशाला।** गुजरात के पोरबंदर में देश सेवा के दौरान शहीद हुए हिमाचल के कांगड़ा के पायलट राकेश राणा का शव 40 दिन बाद बरामद हो गया है। राकेश (38) अरब सागर में लापता हो गए थे। राणा, कांगड़ा के चढ़ियार क्षेत्र के बरवाल खड्ड गांव के निवासी थे। उनका हेलीकॉप्टर दो सितंबर को गुजरात में भारी बारिश के बीच राहत कार्यों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### गुजरात के उप-जेल में कैदी ने आत्महत्या की

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर उप-जेल में 24 वर्षीय विचाराधीन कैदी ने बैरक के शौचालय में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार सुबह को हुई है। हिम्मतनगर जिला कारागार के अधीक्षक जेजी चावड़ा ने बताया कि विपुल मथासूलिया ने शनिवार सुबह आत्महत्या कर ली है।

## सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की कर दी हत्या

अगरतला, एजेंसी

- शुक्रवार की देर रात यात्री ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी

पश्चिम त्रिपुरा में एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी एक साल से पत्नी से अलग रह रहा था। इसने बताया कि सिपाहीजाला जिले के मधुपुर निवासी 51 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो बेटों के साथ मधुपुर में रह रहा था जबकि उसकी पत्नी डेढ़ साल से पश्चिमी त्रिपुरा जिले के नेताजीनगर में मां के साथ थी। आरोपी की पत्नी ने उसके खिलाफ तलाक का मामला दायर किया हुआ था। एसपी किरण कुमार ने बताया कि रविवार को उसकी पत्नी ने दुर्गा पूजा के दौरान अपने दो पुरुष मित्रों के साथ खींची तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की थीं, जिसके बाद आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया।

## 4.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले से रविवार को 4.5 करोड़ मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान का नेतृत्व करने वाले करीमगंज के एसपी पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि सूचना के बाद मिजोरम से आ रहे एक वाहन को चेवली बील क्षेत्र में रोका गया। गहन तलाशी के बाद वाहन से 548.82 ग्राम (48 साबुन के डिब्बे) हेरोइन बरामद हुई। हमने इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।वाहन मिजोरम में पंजीकृत था और आइजोल से आ रहा था।

## राव इंद्रजीत सिंह ने बगावत की खबरों को किया खारिज

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ उनके बगावत करने की खबरों को रविवार को खारिज किया और कहा कि वह अपनी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।

- केंद्रीय मंत्री बोले- वह भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं

सिंह ने एक्स पर कहा कि कुछ चैनल पर निराधार खबरें चलाई जा रही हैं, जिनमें मुझे नौ विधायकों के साथ बगावती दिखाया जा रहा है। यह सब तथ्यहीन, निराधार है। मैं और मेरे सभी साथी विधायक भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं। हाल में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीट जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो कांग्रेस द्वारा जीती गईं सीट से 11 अधिक है। वहीं, जजपा और आप जैसे दलों का सफाया हो गया और इनेलो को सिर्फ दो सीट मिलीं।

# जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में उमर ले सकते हैं सलाह : केजरीवाल

डोडा (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



- बोले- दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है क्योंकि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं

आप नेता अरविंद केजरीवाल ने रविवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधानसभा चुनाव जीतने पर बधाई दी और कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में समस्या आती है तो उमर उनसे सलाह ले सकते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है कि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं। अब भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को भी आधा राज्य बना दिया है, जिसका मतलब है कि निर्वाचित सरकार के पास न्यूनतम, जबकि उपराज्यपाल के पास अधिक शक्तियां हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं उमर से कहना चाहता हूं कि अगर उन्हें कोई कठिनाई आती है, तो मुझसे सलाह ले सकते हैं, क्योंकि मैंने दिल्ली में 10 साल तक सरकार चलाई है। केजरीवाल आप के मेहराज मलिक को जम्मू-कश्मीर में सदस्य चुने जाने पर डोडा में थे।

## महाराष्ट्र की जनता परिवर्तन को लेकर उत्सुक : शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग राजनीतिक बदलाव को उत्सुक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों में यह भावना प्रतिबिंबित होगी। महा विकास आघाडी (एमवीए) के अन्य घटकों के नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में पवार ने दावा किया कि महायुति शासन के तहत राज्य प्रशासन का मनोबल गिर गया है जबकि महाराष्ट्र प्रशासन को देश में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। उन्होंने कहा कि हम लोगों को वर्तमान सरकार से मुक्ति दिलाना चाहते हैं और मुझे विश्वास है कि वे हमारा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एमवीए लोकसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन दोहराएगा।

- पवार ने कहा- हम वर्तमान सरकार से लोगों को मुक्ति दिलाना चाहते हैं

## असम में 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए

**गुवाहाटी।** असम के उत्तर-मध्य हिस्से में रविवार सुबह 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे पर उदलगुडी जिले में सुबह सात बजकर 47 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र गुवाहाटी से 105 किमी उत्तर और असम-अरुणाचल सीमा के पास तेजपुर से 48 किमी पश्चिम में स्थित था। आसपास के दरांग, तामुलपुर, सोनितपुर, कामरूप और बिश्वनाथ जिलों में भूकंप के झटके लगे।

# 77 चिकित्सकों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

**आरजी कर मामला**

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल में कल्याणी जेएनएम हॉस्पिटल के 75 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों ने मृतक चिकित्सक के लिए न्याय की मांग करते हुए सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी और मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

अस्पताल के कुल 77 चिकित्सकों ने 14 अक्टूबर से काम बंद करने के फैसले के बारे में बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के पंजीयक को ईमेल से सूचित किया है। उन्होंने इस कदम के पीछे मानसिक अशांति और वर्तमान मनः स्थिति में काम करने में असमर्थता की वजह बतायी है। चिकित्सकों ने कहा कि वे आमरण अनशन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों के प्रति एकजुटता जताते हैं, जिनकी सेहत बिगड़ रही है।

### चिकित्सकों की भूख हड़ताल का आज नौवां दिन

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर जूनियर चिकित्सकों का आमरण अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी है। राज्य के कई हिस्सों में लोग अनशनकारियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सांकेतिक उपवास कर रहे हैं। कोलकाता और राज्य के उत्तरी हिस्से में स्थित सिलीगुड़ी शहर में आमरण अनशन कर रहे चिकित्सकों में से अब तक तीन को हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भाजपा ने चिकित्सकों को दिया समर्थन दिया

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने रविवार को जारी चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन को समर्थन देने की घोषणा की और कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों का समर्थन करने का वादा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संग हुई बैठक में बनी सहमति से पीछे हट रही है।

## डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उसके द्वारा वित्तपोषित डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी किए हैं। आप ने रविवार को कहा कि सरकार ने 2024-25 के लिए कॉलेजों के वास्ते लगभग 400 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। 100 करोड़ रुपये का कोष तीसरी तिमाही के लिए है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में शिक्षा हमेशा आप सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार बनने के बाद से हर साल बजट का बड़ा हिस्सा शिक्षा को समर्पित किया गया है।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### ग्लेनमार्क कमियों के कारण उत्पाद मंगाए वापस

**नई दिल्ली।** अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कहा है कि दवा कंपनी ग्लेनमार्क विनिर्माण संबंधी कमियों के कारण अमेरिका में अपने दो उत्पाद वापस मंगा रही है। भारतीय कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की इकाई न्यू जर्सी स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स रायलट्रिस (ओलोपाटाडाइन हाइड्रोक्लोराइड और मोमेटासोन फ्लोरेट) नेजल स्प्रे की 45,504 बोतलें वापस मंगा रही है। यूएसएफडीए ने अपनी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि कंपनी दोषपूर्ण वितरण प्रणालीके कारण प्रभावित लॉट को वापस मंगा रही है। इसमें कहा गया कि डिप ट्यूब बंद हो गई है, जिसके कारण स्प्रे काम नहीं कर रहा है।

### विप्रो नतीजों से पहले बोनस शेयर पर करेगी विचार

**नई दिल्ली।** आईटी कंपनी विप्रो ने रविवार को कहा कि उसका निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली बैठक में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। विप्रो 17 अक्टूबर, 2024 को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करने वाली है। विप्रो ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी का निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली अपनी बैठक में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। बेंगलुरू मुख्यालय वाली कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3,003.2 करोड़ रुपये रहा।

### सीसीपीए ने दिया ओला को सेवा पर रसीद देने का आदेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी ओला को उपभोक्ता अनुकूल बदलाव लागू का निर्देश दिया है। इसमें रिफंड के विकल्प और ऑटो राइड के लिए रसीदें देना शामिल है। मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने पाया कि ओला की रिफंड नीति में केवल भविष्य की राइड के लिए कूपन कोड दिए गए थे, जबकि उपभोक्ताओं को बैंक खाते में रिफंड का विकल्प नहीं दिया गया था।

# कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर होगी बाजार की नजर

## निवेशक सीपीआई और डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों पर भी करेंगे विचार

- वैश्विक स्तर पर तनावों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों पर होगा मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

कंपनियों के वित्तीय परिणाम, विदेशी निवेशकों का रुख और मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक स्तर पर जारी संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी बाजार की नजर रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर निर्भर करेगी। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी प्रमुख कंपनियां अपने परिणाम जारी करने वाली हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर निवेशक सोमवार को जारी होने वाले सितंबर के सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति) और डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक आधारित) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी तनावों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों के रुख पर भी करीबी नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह सीपीआई और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख घरेलू आर्थिक आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के कारण बीते सप्ताह की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद के सत्रों में नुकसान को सीमित करने में मदद मिली।

### विदेशी निवेशकों ने 58,711 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अक्टूबर में शुद्ध बिकवाल रहे और इस महीने अब तक 58,711 करोड़ रुपये बाजार से निकाले। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और चीनी बाजार के मजबूत प्रदर्शन से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की। इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था। यह नौ महीने का उच्चतम स्तर था। डिपोजिटरी के अनुसार अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ निकालने के बाद, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इक्विटी बाजार में पैसा लगाया। कुल मिलाकर, जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर, एफपीआई इस साल शुद्ध खरीदार रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर होने वाली गतिविधियां और ब्याज दर को लेकर स्थिति जैसे वैश्विक कारक भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश के प्रवाह को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### देश की 10 में से सात प्रमुख कंपनियों की पूंजी 1.22 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपये घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर इसका असर दिखा। आईटी कंपनी टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 35,638.16 करोड़ कम होकर 15,01,723.41 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 21,351.71 करोड़ घटकर 18,55,366.53 करोड़, आईटीसी 18,761.4 करोड़ घटकर 6,10,933.66 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. 16,047.71 करोड़ घटकर 6,53,315.60 करोड़, एलआईसी 13,946.62 करोड़ घटकर 6,00,179.03 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 11,363.35 करोड़ घटकर 8,61,696.24 करोड़, एचडीएफसी बैंक 4,998.16 करोड़ घटकर 12,59,269.19 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 26,330.84 करोड़ बढ़कर 9,60,435.16 करोड़, इन्फोसिस 6,913.33 करोड़ बढ़कर 8,03,440.41 करोड़ और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,034.36 करोड़ रुपये बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

- टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान

# एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके

एनएफओ, यानी न्यू फंड ऑफर, एक नई म्यूचुअल फंड स्कीम है, जिसे म्यूचुअल फंड कंपनियां सीमित अवधि के लिए प्रस्तुत करती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य निवेशकों से धन जुटाना होता है, जिसका उपयोग विभिन्न वित्तीय उपकरणों जैसे कि स्टॉक्स और बांड्स में किया जाता है। एनएफओ में निवेश करने से निवेशक उच्च संभावित रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही मार्केट रिस्क और फंड मैनेजर की निर्णय क्षमता पर निर्भरता जैसे जोखिम भी जुड़े हुए होते हैं। इस लेख में हम एनएफओ के लाभ और जोखिमों पर विस्तृत से चर्चा करेंगे....



### लाभ का सुनहरा अवसर

- **उच्च संभावित रिटर्न :** यदि फंड अच्छी कंपनियों में निवेश करता है, तो यह दीर्घकालिक में उच्च रिटर्न दे सकता है। खासकर इक्विटी फंड्स में।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** एनएफओ के माध्यम से विभिन्न कंपनियों या एसेट्स में निवेश कर सकते हैं, जिससे पोर्टफोलियो का रिस्क कम होता है।
- **कम प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ में न्यूनतम निवेश की आवश्यकता कम होती है, जिससे नए निवेशकों के लिए प्रवेश करना आसान होता है।
- **प्रोफेशनल मैनेजमेंट :** म्यूचुअल फंड में पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा फंड का प्रबंधन किया जाता है, जो निवेश के निर्णय लेते हैं।

### एनएफओ का म्यूचुअल फंड से संबंध

- **नई स्कीम :** एनएफओ नई म्यूचुअल फंड स्कीम है। यह तब शुरू होती है जब म्यूचुअल फंड कंपनी पोर्टफोलियो में नए एसेट्स जोड़ना चाहती है।
- **इक्विटी और डेट फंड्स :** इसमें निवेश का तरीका इस पर निर्भर करता है कि यह इक्विटी, डेट या हाइब्रिड फंड है।
- **प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ के दौरान, निवेशक एक निश्चित अवधि (आमतौर पर कुछ सप्ताह) के लिए फंड में निवेश कर सकते हैं।

### जोखिम को लेकर रहे सचेत

- **मार्केट रिस्क :** निवेश के समय, यदि बाजार में गिरावट है तो आपके निवेश का मूल्य कम हो सकता है। मार्केट की अस्थिरता महत्वपूर्ण जोखिम है।
- **फंड मैनेजर पर निर्भरता :** फंड का प्रदर्शन काफी हद तक फंड मैनेजर के निर्णय पर निर्भर होता है। गलत निर्णय से नुकसान हो सकता है।
- **परिवर्तनशीलता :** एनएफओ में विभिन्न प्रकार के एसेट्स हो सकते हैं, जिससे उनका मूल्य उतार-चढ़ाव कर सकता है।

# कोल इंडिया का सरकारी खजाने में योगदान 0.6 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकारी खजाने में योगदान सालाना आधार पर 0.6% की गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा। कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, कोल इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सरकारी खजाने में 29,122.13 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

सितंबर में सरकार को भुगतान किये शुल्क भी आलोच्य अवधि में 11.1% घटकर 4,335.24 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2023-24 के इसी महीने में यह 4,878.84 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में सरकारी खजाने को भुगतान किये गये कुल 28,930.27 करोड़ रुपये में से, सबसे ज्यादा 6,452.30 करोड़ रुपये झारखंड सरकार को मिले। इसके बाद ओडिशा का स्थान रहा जिसे 6,383.14 करोड़ रुपये मिले। छत्तीसगढ़ को 5,432.02 करोड़, मध्य प्रदेश को 5,177.41 करोड़ तथा महाराष्ट्र को 2,782.25 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।



- सालाना आधार पर की मामूली गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा

## कॉल सेंटर के बिना काम कर रही फ्लाई91, डिजिटल पर जोर

**नई दिल्ली।** सात महीने पहले उड़ान सेवा शुरू करने वाली फ्लाई91 अपने परिचालन को आगे बढ़ा रही है। हालांकि इस क्षेत्रीय एयरलाइन के पास यात्रियों के लिए कॉल सेंटर नहीं है। गोवा स्थित कंपनी का जोर डिजिटल तकनीक पर है और उसने परिचालन शुरू करने से पहले प्राथमिकताओं की एक सूची तैयार की।

फ्लाई91 ने कुछ चीजों को खत्म करने का फैसला किया, जो पारंपरिक रूप से एयरलाइन करती हैं। फ्लाई91 के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रसन्ना सुब्रमण्यम ने कहा कि हम जानबूझकर उस रास्ते (कॉल सेंटर न होने) पर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर न होने से लागत में भारी बचत होती है और यह लाभ भी देता है, क्योंकि बचत का इस्तेमाल कहीं और नए डिजिटल एप्लिकेशन बनाने के लिए किया जा रहा है। फ्लाई91 ने 18 मार्च को उड़ान भरना शुरू किया था और इस समय यह दो एटीआर72 - 600 विमानों का संचालन करती है।

